

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

"अमीर तो बनूंगा, मगर पैसों से नहीं अपनी पहचान से।"

दैनिक **अर्थ प्रकाश** खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



थोड़ा सा आदर से स्पर्श करके देखें, इंसान का हृदय भी टच स्क्रीन से कम नहीं।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, सोमवार, 28 अप्रैल, 2025 | बैशाख शुक्ल पक्षः प्रतिपदा विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 116 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







## 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री- पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को मिलेगा न्याय

# दोषियों को कठोर जवाब दिया जाएगाः मोदी


कहा- हमले के बाद देश का खून खौल रहा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय मिलेगा और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। ये बातें पीएम नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 121वीं कड़ी में कहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले से देश का हर व्यक्ति पीड़ा और आक्रोश में है। उन्होंने कहा कि हमले से पीड़ित प्रत्येक परिवार के प्रति हर व्यक्ति की संवेदना है। उन्होंने कहा कि मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूँ कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने इस हमले में अपने परिजनों को खोया है, उनका दर्द देश का प्रतीक व्यक्ति महसूस कर रहा है। हर भारतीय का खून आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम में हुआ ये हमला आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दिखाता है, उनकी कायरता को दिखाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में चहल- पहल थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे। देश और जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। उन्होंने कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।

### ● पहलगाम हमला आतंक के सरपरस्तों की हताशा और उनकी कायरता को दिखाता है



### आतंकवाद के खिलाफ 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत

मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता, आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। हमें देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक राष्ट्र के रूप में दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना है। आज दुनिया देख रही है, इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के हम लोगों में जो आक्रोश है, वही आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया-भर से संवेदनाएं आ रही हैं। मुझे भी वैश्विक नेताओं ने फोन किए हैं, पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सब ने कठोर निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। पूरा विश्व, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में भारतीयों के साथ खड़ा है।

## विवादित पोस्ट करने पर 7 राज्यों में विधायक समेत 28 गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने पर 7 राज्यों से 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी गिरफ्तारियों में असम के विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ के विधायक, एक पत्रकार, एक वकील, 2 रिटायर्ड टीचर और 23 स्टूडेंट शामिल हैं। सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने पर उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, असम, मेघालय और त्रिपुरा में गिरफ्तारियों हुई हैं। सबसे अधिक 16 गिरफ्तारी असम से की गई है। पहलगाम हमले पर सोशल मीडिया पर



एआईयूडीएफ के विधायक की विवादित टिप्पणी पर पुलिस गिरफ्तारी के लिए उनके घर पहुंची।

विवादित टिप्पणी करने को लेकर पहली गिरफ्तारी 24 अप्रैल को असम के एक विधायक की हुई। गिरफ्तार विधायक अमीनुल इस्लाम असम की विपक्षी पार्टी एआईयूडीएफ से हैं। उन्होंने 2019 के पुलवामा हमले और 22 अप्रैल के पहलगाम हमले को 'सरकार की साजिश' बताया था। उन पर राजद्रोह का केस दर्ज हुआ और 25 अप्रैल को उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया।

### जरूरत पड़ी तो एनएसए लगाएंगेः सीएम हिमंत बिस्वा सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि इन गिरफ्तारियों पर जरूरत पड़ी तो राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) भी लगाएंगे। हम सभी सोशल मीडिया पोस्ट्स की जांच कर रहे हैं और जो भी राष्ट्रविरोधी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई होगी। भारत और पाकिस्तान में कोई समानता नहीं है। दोनों देश आपसी दुश्मन हैं और हमें ऐसे ही रहना चाहिए।

### पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**श्रीनगर।** पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी कर संघर्षविराम का उल्लंघन किया है। सेना के सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह गोलीबारी लगातार तीसरी रात गई है। उन्होंने बताया कि कुपवाड़ा जिले के नौगाम सेक्टर और बारामूला जिले के बोनियार सेक्टर से गोलीबारी की खबर है। सेना ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। सेना के सूत्रों ने कहा कि 26 से 27 अप्रैल 2025 की रात को पाकिस्तान सेना की चौकियों ने तुतमारी गली (नौगाम सेक्टर) और रामपुर (बोनियार उरी) सेक्टरों के सामने के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के गोलीबारी की। और हमारे जवानों ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि नौगाम सेक्टर में करीब दो घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई। गोलीबारी रात करीब एक बजे शुरू हुई। गोलीबारी के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह लगातार तीसरी रात है जब पाकिस्तानी सेना ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और नियंत्रण रेखा के कई स्थानों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की।

### भारत-पाक में परमाणु युद्ध नहीं होगाः आसिफ

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल व्याप्त है और भारत के रुख से पाकिस्तान दहशत में है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने स्पुतनिक से बात करते हुए कहा,''मैं नहीं समझता कि परमाणु युद्ध होगा। भारत और पाकिस्तान दोनों के पास परमाणु हथियार हैं। गौरतलब है कि हर बार की तरह इस बार भी पाकिस्तान ने पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार में अपनी भूमिका स्वीकार नहीं की है।

## न्यूज ब्रीफ

### अटारी के रास्ते लौट रहे पाकिस्तानी

**अमृतसर (अप्रस)।** भारत में वीजा लेकर आए पाकिस्तानी नागरिक अब 29 अप्रैल 2025 तक वापस अपने देश जा सकते हैं। गृह विभाग ने ये फैसला लिया है। लेकिन इसमें सार्क वीजा को लेकर कोई भी बढ़ोतरी नहीं की गई है। वहीं, जिनका लॉन्ग टर्म वीजा (एलटवी) अब तक स्वीकृत नहीं हुआ है, उन्हें भी भारत छोड़कर वापस पाकिस्तान लौटने का आदेश दिया गया था। इसी के चलते रविवार को भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के अटारी-वाघा गेट पर पाक नगारिकों की भीड़ देखने को मिली। कई परिवार अपने सामान के साथ लाइन में लगे नजर आए। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे भी शामिल हैं। कई लोग भावुक होकर अपने भारतीय रिश्तेदारों से विदा लेते रहे। गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, पाकिस्तान के वे नागरिक जो भारत में वीजा शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं या जिनके वीजा बढ़ाने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है, उन्हें तत्काल देश छोड़ना होगा। पुलिस और इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने इन निर्देशों को सख्ती से लागू करने की तैयारी कर ली है। गुरदासपुर, अमृतसर, फिरोजपुर और पंजाब के अन्य सीमावर्ती जिलों से भी कई पाकिस्तानी नागरिक आज सीमा की ओर रवाना हुए हैं। अधिकारी हर स्थान पर दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं ताकि कोई भी बिना अनुमति भारत में न रह सके। बीते दिन, शनिवार, कई पाकिस्तानी नागरिकों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत में उनके रिश्तेदार, दोस्त और जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। दिल नहीं वापस लौटा जाए, लेकिन मजबूरी है। पंजाब पुलिस के प्रोटोकॉल ऑफिसर अरुण कुमार के अनुसार रविवार, को 237 के करीब पाकिस्तानी नागरिक वापस रवाना हुए। जबकि, 116 भारतीय आज वापस लौटे। अभी तक कुल 537 के करीब पाकिस्तानी नागरिक वापस जा चुके हैं और 850 के करीब भारतीय नागरिक भी वापस लौट चुके हैं।




भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने की शिरकत

## आज भी भगवान परशुराम का ज्ञान और बल समाज का दिशा देता हैः सीएम नायब सैनी

कहा- उस महान योद्धा के समन्वय की आज के भारत को आवश्यकता

सरकार ने गांव पहरावर में गौड़ ब्राह्मण कॉलेज को पट्टे पर जमीन दी

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला, 27 अप्रैल।** आज भगवान परशुराम जी का जीवन संदेश देता है। उनका ज्ञान और बल समाज को दिशा देता है। उन्होंने ब्राह्मण-क्षत्रिय धर्म को मिलकर निभाया। उस महान योद्धा के समन्वय की आज के भारत को आवश्यकता है। भगवान परशुराम जी से प्रेरणा लेकर हमें आगे बढना चाहिए। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को सेक्टर 3 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स, खिलाड़ी योगेश्वर दत्त सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में 31 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने भीतर छुपे हुए परशुराम जी को पहचानें। अपने अंदर के साहस, ज्ञान और सेवा के भाव को जागृत करें, क्योंकि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए ऐसे भाव और आदर्शों की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान किया कि हम सभी अपने जीवन में सत्यनिष्ठा और धर्म को अपनाएं तथा एक ऐसा भारत और हरियाणा बनाएं जो आत्मबल से समृद्ध और आत्मा से पवित्र हो। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी ने धर्म हित की रक्षा के लिए शस्त्र मिल कर उठाए हैं। जिससे हमें सीख मिलती है कि शक्ति का प्रयोग तभी करना चाहिए जब उसका उद्देश्य न्याय और जनकल्याण हो। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत दुनिया को योग, आयुर्वेद और शांति का मार्ग दिखा रहा है। यह उसी विरासत का परिणाम है, जिसकी नींव भगवान परशुराम जी जैसे ऋषि-मुनियों और महापुरुषों ने रखी थी। भगवान परशुराम जी ने धर्म की स्थापना का जो मंत्र दिया था, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि आज जब हम डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को आगे बढ़ा रहे हैं, तो भगवान परशुराम जी के दृढ़ संकल्प की तरह हम सभी भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने का भी प्रण लें। उन्होंने कहा कि युवाओं को भी भगवान परशुराम जी के जीवन से सीख लेनी चाहिए कि यदि आपके पास ज्ञान है, संकल्प है और देशभक्ति है तो आप हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह दिन न केवल हमारे लिए सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से एक विशेष पर्व है, बल्कि यह भारत की उस महान सनातन परंपरा का भी प्रतीक है, जो समय- समय पर अधर्म का नाश करके धर्म की पुनः स्थापना करती रही है। भगवान परशुराम जी अधर्म के खिलाफ इसी जंग के ध्वज वाहक हैं। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा समाज को जोडने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाला समाज है। राज्यसभा सांसद और कार्यक्रम के आयोजक कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नॉन- स्टॉप मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे प्रदेश के लोगों की भलाई के लिए दिन-रात खुले रहते है। उन्होंने कहा कि देश के साथ-साथ 2047 तक हरियाणा भी विकसित प्रदेश बनेगा।

शेष पेज-2 पर


### भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब हम विकसित भारत- विकसित हरियाणा बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तब भगवान परशुराम जी के आदर्श और उनके संदेश हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने जीवन भर अन्याय के विरुद्ध युद्ध किया। उन्होंने केवल समाज हित और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए। हमारी सरकार भी भगवान परशुराम जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है।

## पाकिस्तान बोला- पहलगाम हमले की जांच चीन-रूस करें, एनआईए ने जम्मू में दर्ज किया केस

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की मांग है कि पहलगाम हमले की जांच में चीन और रूस को भी शामिल किया जाए। पीटीआई के मुताबिक पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रूसी मीडिया रिया नोवोस्ती को दिए इंटरव्यू में कहा कि इंटरनेशनल टीम जांच करे कि भारत के पीएम मोदी सच बोल रहे हैं या झूठ। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकी हमला मामले में रविवार को जम्मू में केस दर्ज कर लिया है। इसमें सर्चिंग में मिले सबूतों और चश्मदीदों के बयानों को आधार बनाया गया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए गए एक हालिया साक्षात्कार में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच में चीन और रूस की भागीदारी की बात की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि रूस या चीन या यहां तक कि पश्चिमी देश इस संकट में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। वे एक जांच दल भी गठित कर सकते हैं, जिसे जांच का काम सौंपा जाना चाहिए कि भारत झूठ बोल रहा हैं या सच। उन्होंने कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय दल को इस बात का पता लगाने दें। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी अंतरराष्ट्रीय जांच कराने का प्रस्ताव रखा है। इस बात के कुछ सबूत होने चाहिए कि पाकिस्तान इसमें शामिल है या इन लोगों को पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त था। ये सिर्फ खोखले बयान और कुछ नहीं।



चेतावनी | एसकेएम गैर राजनीतिक व किसान मजदूर मोर्चा का केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्रः कहा-

## मीटिंग में पंजाब के मंत्री शामिल न हो वरना किसान रहेंगे दूर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** 4 मई 2025 को किसानों और केंद्र सरकार के बीच चंडीगढ़ में मीटिंग होगी। मीटिंग से पहले संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक व किसान मजदूर मोर्चा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। साथ ही मांग रखी है कि इस मीटिंग में पंजाब सरकार के मंत्रियों को शामिल न किया जाए। उन्होंने इसके पीछे की वजह 19 मार्च को मीटिंग के बाद जबरदस्ती मोर्चे को हटाने और किसानों को जेलों में डालने की बताई है। अगर पंजाब सरकार के मंत्री शामिल होते हैं तो मोर्चे के नेता मीटिंग में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस बारे में जल्दी उन्हें सूचित किया जाए। किसानों द्वारा लिखे पत्र मुख्य रूप से चार पॉइंट उठाए हैं।

**किसानों के मुद्दों का हल बातचीत से संभवः** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा का मानना है कि खेती-किसानी के मुद्दों का समाधान बैठक में बातचीत के जरिए ही संभव है और बातचीत के लिए हम हमेशा तैयार रहे हैं।

**किसानों को धोखे से जेलों में डालाः** हमारी पिछली बैठक 19 मार्च, 2025 को चंडीगढ़ में सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई थी, जिसके अंत में अगली बैठक 4 मई की तय हुई थी, लेकिन 19 मार्च की बैठक समाप्त होने के बाद पंजाब सरकार ने किसान नेताओं को धोखे से गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया एवं शंभू व दातासिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान मोर्चों को हिंसात्मक रूप से कुचलने का काम किया। ऐसा कृत्य कर के पंजाब राज्य सरकार ने देशभर के किसानों के स्वाभिमान पर चोट मार कर उन्हें अपमानित किया है, जिससे देशभर के किसानों में गुस्सा है।



**केंद्र सरकार की भी बनती थी जिम्मेदारीः** हम यह भी आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं कि 19 मार्च को चंडीगढ़ में आयोजित हुई बैठक में हम केंद्र सरकार के लिखित निमंत्रण पर शामिल हुए थे, इसलिए केंद्र सरकार एवं किसान संगठनों के मध्य जारी बातचीत के दौरान 19 मार्च को 'किसान नेताओं की गिरफ्तारी एवं किसान मोर्चों को कुचलने' जैसी कोई भी घटना न होने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की भी बनती थी।

**पंजाब के मंत्री आए तो मीटिंग में नहीं होंगे शामिलः** देशभर के किसानों की भावना का सम्मान करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा का केंद्र सरकार से निवेदन है कि 4 मई 2025 को चंडीगढ़ की प्रस्तावित बैठक में पंजाब सरकार के प्रतिनिधियों को शामिल न किया जाए। यदि 4 मई की प्रस्तावित बैठक में पंजाब सरकार के प्रतिनिधि शामिल होते हैं, तो न चाहते हुए भी संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा के निर्णय और देश के किसानों की भावना के अनुसार हमारे मोर्चों के प्रतिनिधिमंडल उस प्रस्तावित बैठक में शामिल नहीं होंगे, कृपया इस विषय में केंद्र सरकार अपने निर्णय के बारे में हमें पत्र के माध्यम से जल्द से जल्द सूचित करें।

# 60 करोड़ की लागत से हलवारा हवाई अड्डे का काम हुआ पूरा : संजीव अरोड़ा

## कहा–जो काम पिछले तीस वर्षों में नहीं हुआ वो आम आदमी पार्टी की सरकार ने तीन वर्ष में कर दिखाया

**सांसद अरोड़ा ने नागरिकों, नगर पार्षदों और उद्योगपतियों के साथ हलवारा हवाई अड्डे का किया दौरा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 27 अप्रैल।** राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा ने लुधियाना निवासियों, नगर पार्षदों और उद्योगपतियों के साथ रविवार को हलवारा हवाई अड्डे का दौरा किया और चल रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा की। अपने दौरे के दौरान, उन्होंने हवाई अड्डे के परिसर का दौरा किया और अब तक पूरे किए गए कार्यों पर पूर्ण संतुष्टि व्यक्त की। सांसद अरोड़ा ने कहा कि यह परियोजना लगभग तीस वर्षों से रुकी हुई थी और उन्होंने दुख जताया कि पिछली राज्य सरकारों के प्रतिनिधि इसे पूरा करने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद बनने के बाद उन्होंने तुरंत इस परियोजना को प्राथमिकता दी। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के सहयोग से, यह परियोजना अब लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से 100 प्रतिशत पूरी हो गई है।

इसे पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' बताते हुए अरोड़ा ने बताया कि शुरुआती डिजाइन के अनुसार, हवाई अड्डे के चारों ओर कांटेदार तार की बाड़ लगाई गई थी। हालांकि, इस साल मार्च में एएआई के निरीक्षण के दौरान कंटीले तारों की जगह कंक्रीट की चारदीवारी लगाने का फैसला किया गया था। उन्होंने बताया कि एएआई की टीम ने कुछ अन्य सुझाव भी दिए, जिन पर फिलहाल अमल किया जा रहा है और जल्द ही पूरा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि एएआई का अगला निरीक्षण दौरा 30 अप्रैल को होना है। लोक निर्माण विभाग द्वारा एयरपोर्ट को एएआई को सौंपे जाने के बाद स्टाफ की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शुरुआत में एएआई दो उड़ानें संचालित करने की योजना बना रहा है- एक सुबह और एक दोपहर। ये उड़ानें लुधियाना को दिल्ली के रास्ते यूरोप के साथ-साथ अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से जोड़ेंगी।

अरोड़ा ने जोर देकर कहा कि यह कनेक्टिविटी पूरे पंजाब क्षेत्र, खासकर मालवा बेल्ट और लुधियाना की अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले दो से तीन महीनों में उड़ान संचालन शुरू हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि एयरपोर्ट को 'एच डब्ल्यू आर' कोड आवंटित किया गया है। एयरपोर्ट के नामकरण के बारे में उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार केवल नाम की सिफारिश कर सकती है, जबकि अंतिम मंजूरी केंद्र के पास है।

सवालों के जवाब में अरोड़ा ने बताया कि एयरपोर्ट कैट-2 सिस्टम से लैस है, जो कम दृश्यता की स्थिति में भी इसकी परिचालन क्षमता को बढ़ाता है। उन्होंने आगे बताया कि टैक्सीवे में एक समय में दो विमान पार्क करने की क्षमता है और मौजूदा बुनियादी ढांचे में प्रतिदिन करीब 12 उड़ानें आराम से हो सकती हैं। हालांकि, उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में विस्तार के लिए पर्याप्त प्रावधान हैं। हलवारा एयरपोर्ट पर सांसद अरोड़ा के साथ आए उद्योगपतियों और नगर पार्षदों ने उनकी खूब सराहना की। उन्होंने प्रोजेक्ट के पूरा होने का पूरा श्रेय अरोड़ा को दिया।

ओसवाल ग्रुप के कमल ओसवाल ने कहा कि यह प्रोजेक्ट सांसद अरोड़ा के अथक प्रयासों के कारण पूरा हुआ है, जिन्होंने इसे सफल बनाने के लिए दिन-रात काम किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एयरपोर्ट न केवल लुधियाना बल्कि पूरे पंजाब की अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि चूंकि लुधियाना अपने आयात और निर्यात कारोबार के लिए जाना जाता है, इसलिए उड़ानों के चालू होने के बाद हर कारोबारी क्षेत्र को काफी फायदा होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि हवाई संपर्क समय की जरूरत है।

### एयरपोर्ट का दौरा उनके लिए एक आंख खोलने वाला अनुभव था: गगन खन्ना

गगन खन्ना (अरिसुदाना इंडस्ट्रीज लिमिटेड) ने कहा कि एयरपोर्ट का दौरा करने के बाद यह उनके लिए एक आंख खोलने वाला अनुभव था। उन्होंने उम्मीद जताई कि एयरपोर्ट की स्थापना से पूरे क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा, जो हवाई संपर्क की कमी के कारण दशकों से उपेक्षित था। उन्होंने बताया कि अरोड़ा के प्रयासों से 40 से अधिक वर्षों के बाद आखिरकार यह परियोजना शुरू हो रही है। निर्यातक राजेश अग्रवाल ने कहा कि एयरपोर्ट चालू होने के बाद लुधियाना से निर्यात कई गुना बढ़ जाएगा। उन्होंने इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय भी अरोड़ा को दिया।

### नगर पार्षद तनवीर सिंह धालीवाल, भूपिंदर सिंह कैंथ, गुरप्रीत बब्बल और सतनाम सनी मास्टर ने भी अरोड़ा की प्रशंसा की

नगर पार्षद तनवीर सिंह धालीवाल, भूपिंदर सिंह कैंथ, गुरप्रीत बब्बल और सतनाम सनी मास्टर ने भी अरोड़ा की प्रशंसा की और माना कि एयरपोर्ट पूरी तरह से उनके समर्पित प्रयासों के कारण ही पूरा हुआ है। उन्होंने उल्लेख किया कि पिछले 30–40 वर्षों से, उन्होंने केवल एयरपोर्ट परियोजना के बारे में सुना था, जो कागजों तक ही सीमित थी। उन्होंने कहा कि अरोड़ा की कड़ी मेहनत और ईमानदारी के कारण आखिरकार एयरपोर्ट धरातल पर आ गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह एयरपोर्ट लुधियाना और पंजाब के अन्य हिस्सों की अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों को अरोड़ा का आभारी होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने राज्य के इतिहास में एक और मील का पत्थर स्थापित किया है।

# 2,240 लीटर नाजायज ईएनए जब्त कर जहरीली शराब के बड़े दुखांत को टाला : हरपाल सिंह चीमा

**जब्त की गई ईएनए की उपयोगिता से लगभग 10,000 बोतलें नाजायज शराब हो सकती थी तैयार**

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**संगरूर, 27 अप्रैल।** पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कर मंत्री, एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने राज्य की चल रही 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम में एक महत्वपूर्ण सफलता का ऐलान करते हुए बताया कि 2,240 लीटर नाजायज चोरी की गई एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) जब्त की गई है जिससे एक संभावित बड़ी नकली शराब के दुखांत (हूच दुखांत) को टालने में सफलता प्राप्त हुई है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इस मुहिम के तहत अब तक 4,745 एनडीपीएस केस दर्ज करने, 7,536 व्यक्तियों को गिरफ्तार करने और 71 तस्करों की गैर-कानूनी जायदादों को ढाने में सफलता हासिल हुई है।

संगरूर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, जो 'युद्ध नशा विरोधी' कैबिनेट सब-कमेटी के चेयरमैन भी हैं, ने कार्रवाई के विवरणों का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि भरोसेमंद खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग और संगरूर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने संगरूर-दिड़बा हाईवे पर लगभग 200 लीटर गैर-कानूनी इथेनॉल ले जा रहे एक वाहन को रोका और ड्राइवर, जिसकी पहचान शान मोहम्मद के रूप में हुई है, को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।

वित्त मंत्री ने बताया कि अगली जांच के दौरान एक गुप्त स्टोर का पता चला, जिसके परिणामस्वरूप 34 ड्रम बरामद हुए जिसमें 60 लीटर प्रत्येक के अनुसार कुल 2,040 लीटर ईएनए थी और एक और व्यक्ति अरमान मोहम्मद को भी छापेमारी के दौरान हिरासत में ले लिया गया।

जब्त किए गए ईएनए की गंभीरता पर जोर देते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इस कार्रवाई ने एक संभावित जहरीली शराब के दुखांत (हूच दुखांत) को सफलतापूर्वक रोका है, क्योंकि इस ईएनए का उपयोग लगभग 10,000 बोतलें नाजायज शराब बनाने के लिए किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि रैकेट में शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जांच जारी है, और उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के तहत प्रगति के विवरण देते हुए, वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि अब तक 4,745 एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए हैं, 7,536 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, और 71 तस्करों की गैर-कानूनी जायदादों को ढा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं, जिसमें 301 किलोग्राम हेरोइन, 9,969 किलोग्राम चूरा पोस्त, 154 किलोग्राम अफीम, 96 किलोग्राम गांजा और 21,84,276 प्रतिबंधित दवाइयों की गोलियां या कैप्सूल शामिल हैं।

वित्त मंत्री ने राज्य में नाजायज शराब की तस्करी को रोकने के लिए राज्य के आबकारी और पुलिस विभागों के बीच तालमेल वाले प्रयासों की सफलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में, राज्य में शराब की तस्करी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध 4 एफआईआर मोहाली में दर्ज की गई हैं, और पुलिस स्टेशन छाजली में नाजायज शराब संबंधी एक और एफआईआर दर्ज की गई है।

'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम की सफलता का श्रेय लोगों के समर्थन को देते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने नशों और नाजायज शराब के व्यापार के विरुद्ध जंग में पंजाब के नागरिकों के सहयोग और सहायता के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आबकारी और पुलिस विभाग पंजाब के लोगों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए अथक मेहनत करते रहेंगे।

इस मौके पर अन्यों के अलावा एसएसपी संगरूर सरताज सिंह चाहल, ईटीओ सरूपिंदर सिंह संधू और डीएसपी रूपिंदर कौर बाजवा भी मौजूद थे।

**पाकिस्तान द्वारा पंजाब का माहौल खराब करने की कोशिश नाकाम**

# पंजाब पुलिस ने हथियारों की तस्करी करने वाले रैकेट का किया पर्दाफाश

**7 पिस्तौलें, 1.5 लाख रुपये नकदी और एक थार गाड़ी बरामद : डीजीपी गौरव यादव**

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**अमृतसर, 27 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के दौरान काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने पाकिस्तान आधारित गैर-कानूनी हथियार तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए एक संचालक को गिरफ्तार किया है, जो अपने ऑस्ट्रेलिया आधारित हैंडलर जस्सा के निर्देशों पर समाज विरोधी तत्वों को हथियार सप्लाई कर रहा था।

डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने गिरफ्तार किए गए दोषी की पहचान अभिषेक कुमार के रूप में की है, जो अमृतसर के गांव मीरांकोट कलां का रहने वाला है। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से सात पिस्तौलें, जिसमें पांच .30 बोर और दो आधुनिक 9 एमएम ग्लॉक शामिल हैं, सहित चार कारतूस और 1.5 लाख रुपये बरामद किए हैं, इसके अलावा हथियारों की तस्करी के लिए इस्तेमाल की जा रही उसकी महिंद्रा थार गाड़ी को ज़ब्त कर लिया है।

डीजीपी ने खुलासा किया कि सीआई अमृतसर को भरोसेमंद खुफिया जानकारी मिली थी कि ऑस्ट्रेलिया आधारित जस्सा, पाकिस्तान आधारित तस्करों के साथ मिलकर, अपने स्थानीय साथियों अभिषेक कुमार और उसके साथी जोधबीर सिंह उर्फ जोधा की मदद से भारत-पाकिस्तान सरहद के माध्यम से गैर-कानूनी हथियारों/गोला-बारूद की तस्करी कर रहा था। उन्होंने आगे कहा कि इनपुट से यह भी पता चला है कि वे इन हथियारों की खेपें प्राप्त करके राज्य भर में समाज विरोधी तत्वों को आगे पहुँचाने के लिए सक्रिय रूप से शामिल थे। मुलज़िम अभिषेक और जोधबीर उर्फ जोधा के बारे में मिली जानकारी पर तेजी से कार्रवाई करते हुए सीआई अमृतसर की टीमों ने अमृतसर-पठानकोट बाईपास जीटी रोड पर मोड़ गांव फतहगढ़ शुक्रचक के करीब छापा मारा और मुलज़िम अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया, जब वह अपनी थार गाड़ी में किसी को गैर-कानूनी हथियारों की खेप पहुँचाने जा रहा था।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि इस संबंध में जांच से पता चला है कि अभिषेक कुमार और जोधबीर सिंह दोनों हवाला लेन-देन में सक्रियता से शामिल हैं, जोकि आपराधिक गतिविधियों में शामिल व्यापक नेटवर्क के साथ उनके संभावित संबंधों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए और जांच जारी है और पुलिस टीमें दोषी जोधबीर उर्फ जोधा को पकड़ने के लिए छापेमारियां कर रही हैं।

इस संबंध में थाना एसएसओसी, अमृतसर में आर्म्स एक्ट की धारा 25, 25(1)(ए) और 25(1)(बी) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 61(2) के तहत एफआईआर नंबर 23 दिनांक 26.04.2025 दर्ज की गई है।

**वर्ष 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त टीचिंग फेकल्टी के लिए खुशखबरी**

# 'आप' सरकार ने पेंशन संशोधन संबंधी अधिसूचना जारी की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 अप्रैल।** राज्य भर के सेवानिवृत्त टीचिंग फेकल्टी को लाभ पहुँचाने संबंधी अहम फैसला लेते हुए पंजाब सरकार ने 7वें यू.जी.सी. वेतनमान के अनुसार सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में 1 जनवरी, 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों और अन्य टीचिंग फेकल्टी के लिए पेंशन और पारिवारिक पेंशन में संशोधन को मंजूरी दी है। यह संशोधन 1 जनवरी, 2016 से लागू होगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी की जा चुकी है।

इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए पंजाब के उच्च शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि संशोधित पेंशन का लाभ लगभग 500 सेवानिवृत्त शिक्षण पेशेवरों को मिलेगा, जिनमें 400 पेंशनर और 100 पारिवारिक पेंशनर शामिल हैं, जिसकी राशि 38.99 करोड़ रुपए बनेगी।

स हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि संशोधित पेंशन 1 जनवरी, 2016 से पूर्व सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को अदा की जाएगी जबकि 1 अक्टूबर, 2022 से जनवरी 2025 तक संशोधित पेंशन के बकाए चार बराबर तिमाही किस्तों में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह भुगतान वित्त विभाग के 7 अप्रैल, 2025 वाले पत्र में किए गए जारी दिशा-निर्देशों अनुसार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस स्कीम के तहत, पेंशन की गणना (कैलकुलेशन) 1 जनवरी, 2016 को निर्धारित नोशनल वेतन का 50 प्रतिशत के रूप में की जाएगी और पारिवारिक पेंशन उसी नोशनल वेतन का 30 प्रतिशत होगी।

शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने कहा, 'समाज में शिक्षकों के अनमोल योगदान को ध्यान में रखते हुए हम शिक्षकों की भलाई और उनके अधिकारों का संरक्षण करने के लिए वचनबद्ध हैं।' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार सभी कर्मचारियों और पेंशनरों की भलाई के लिए समर्पित है।

**पंजाब ने भारत सरकार से स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में यादगारी सिक्के जारी करने की अपील की**

# पंजाब सरकार ने पंजाब के शहीदों को राष्ट्रीय मान्यता देने के लिए प्रधानमंत्री को लिखा पत्र : मोहिंदर भगत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 अप्रैल।** पंजाब के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर भारत सरकार से पंजाब के वीर सपूतों, जिन्होंने भारत की आज़ादी के संघर्ष के दौरान महान कुर्बानियाँ दीं, के सम्मान में यादगारी सिक्के जारी करने की अपील की है।

कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लिखा गया यह पत्र देश की आज़ादी के संघर्ष में पंजाब के अथाह योगदान को उजागर करता है। शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु, शहीद करतार सिंह सराभा, शहीद लाला लाजपत राय और शहीद उधम सिंह जैसे महान शहीदों के नाम भारतीय इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए अंकित हैं।

श्री भगत ने कहा कि पंजाब की मिट्टी शहीदों के खून से रंगी हुई है और उनकी याद में यादगारी सिक्के जारी करना न केवल उनकी कुर्बानियों के प्रति सम्मान होगा, बल्कि युवा पीढ़ियों के लिए एक स्थायी शैक्षणिक विरासत के रूप में भी कार्य करेगा।


मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे सिक्के भारत की मुद्रा विरासत में महत्वपूर्ण योगदान करेंगे और ये सिक्के स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय अवसरों पर जारी किए जा सकते हैं, जो देश के गहरे सम्मान और आभार का प्रतीक हैं।

श्री भगत ने आशा व्यक्त की कि भारत सरकार इस अपील का सकारात्मक जवाब देगी और पंजाब के स्वतंत्रता सेनानियों की याद को राष्ट्रीय मान्यता के इस प्रतीकात्मक संकेत के साथ सम्मानित करेगी।

# जालंधर के लखनपाल गांव में बुलडोज़र कार्रवाई; ड्रग के पैसे से बनाई अवैध संपत्ति ध्वस्त की

**लखनपाल पंचायत ने 'युद्ध नशे के विरुद्ध' के पक्ष में प्रस्ताव पारित किया; नशा-मुक्त गांव बनाने का लिया संकल्प, 9 ड्रग तस्कर गिरफ्तार**

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**जालंधर, 27 अप्रैल।** पंजाब सरकार के 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने लंबे समय से नशे के लिए कुख्यात क्षेत्र लखनपाल गांव में नशा तस्करों द्वारा बनाए गए अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया।

बुलडोजर अभियान का नेतृत्व करते हुए पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर ने कहा कि लखनपाल गांव नशे की बिक्री और सप्लाई के लिए कुख्यात है और इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पंचायत विभाग और जालंधर कमिश्नरेट पुलिस की टीमों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए ढांचों को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य नशे को जड़ से खत्म करना है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई नशे की गिरफ्त में फंसे इस क्षेत्र को नशे के दलदल से बाहर निकालने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में प्रारंभिक तौर पर पता चला है कि मुख्य आरोपी हरदीप सिंह उर्फ दीपा सरकारी जमीन पर कब्ज़ा किया हुआ है। उन्होंने बताया कि हरदीप सिंह हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ 9 मामले जिनमें एन.डी.पी.एस.के 7 मामले अधिनियम से संबंधित, दर्ज है। उसके पिता सरबजीत सिंह और भाई संदीप उर्फ सोनू के खिलाफ भी मामले दर्ज है।

पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर ने कहा कि तस्करों द्वारा ध्वस्त किए गए अवैध ढांचों का इस्तेमाल पुलिस छापों के दौरान छत के रूप में किया जाता था। उन्होंने कहा कि इन अवैध ढांचों को ध्वस्त करने से उनके भागने की संभावनाएं समाप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग गांव पर लगे बदनामी के दाग को साफ करने के लिए छापेमारी तेज करेगा।

उन्होंने कहा कि इस नशे के हॉटस्पॉट के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले ही 9 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य अपने घरों को बंद करके भाग गए। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारियों के अलावा पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और एन.डी.पी.एस. अधिनियम के तहत जब्त की जाने वाली दो अन्य संपत्तियों की भी पहचान कर ली गई है।

नशे के खिलाफ रचनात्मक रुख अपनाते हुए गांव लखनपाल की पंचायत ने भी गांव को नशा मुक्त बनाने का प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने पंजाब सरकार द्वारा नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई में पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

पुलिस कमिश्नर ने नशे के खात्मे के लिए अपनी वचनबद्धता दोहराते हुए अपील की कि यदि नशे से संबंधित कोई गतिविधि उनके ध्यान में आती है तो इसकी जानकारी पंजाब सरकार के व्हाट्सएप नंबर 9779-100-200 पर सांझा की जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इस अवसर पर गांववासियों ने नशा माफिया के खिलाफ बुलडोजर चलाने का स्वागत किया तथा आशा व्यक्त की कि पंजाब सरकार की मुहिम 'युद्ध नशे के विरुद्ध' के तहत की जा रही कार्रवाई से गांव जल्द ही नशा मुक्त हो जाएगा।

**पेज एक का शेष**

### आज भी भगवान...

अवकाश का प्रावधान, गौड़ ब्राह्मण कॉलेज को पट्टे पर जमीनः मख्यमंत्री ने कहा कि भगवान परशुराम जी की शिक्षाओं और आदर्शों से नई पीढियों को प्रेरित करने के लिए सरकार ने कैथल में खोले जा रहे मेडिकल कॉलेज का नाम भगवान परशुराम जी के नाम से रखा है। भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर राजपत्रित अवकाश का प्रावधान किया है। सरकार ने गांव पहरावर में गौड़ ब्राह्मण कॉलेज को पट्टे पर जमीन दी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान परशुराम जी ने शिक्षा के साथ साथ शस्त्र विद्या में भी राष्ट्र को समृद्ध किया है, उसी प्रकार आज हमें भी आधुनिक ज्ञान और तकनीक के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक शक्ति को भी सशक्त करना होगा। हमारी परंपराएं, हमारी भाषा, हमारी संस्कृति ये सब हमारी आत्मा है।

### मुख्यमंत्री ने सिरसा में ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 को झंडी दिखाकर किया रवाना, सिरसा के विभिन्न गांवों से होते हुए आज ओढ़ा में होगा समापन

# साइक्लोथॉन नशे के खिलाफ सामूहिक लड़ाई का प्रतीक : नायब सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सिरसा, 27 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश को नशा मुक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए ड्रग फ्री हरियाणा के अभियान में सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होकर हरियाणा के युवा को सशक्त और मजबूत बनाना है। उन्होंने संत समाज, खाप पंचायतों, सरपंचों और प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और नशा मुक्त हरियाणा बनाने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग का सहयोग नशे के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सभी मिलकर एक मजबूत और स्वस्थ हरियाणा के निर्माण में सहभागी बनें।

श्री नायब सिंह सैनी आज सिरसा में ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 के समापन अवसर पर साइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करने उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। साइक्लोथॉन आज शहीद भगत सिंह स्टेडियम के नजदीक से शुरू होकर सिरसा के अलग अलग इलाके में जायेगी और आज ओढ़ा में इसका समापन होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री स्वयं साइकिल चलाकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे और नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमने सरपंचों से भी आग्रह किया है कि वे अपने गांवों को नशा मुक्त करें, प्रदूषण मुक्त बनाएं, स्वच्छता, स्वास्थ्य इत्यादि मानकों पर उच्च प्रदर्शन करें। प्रदेशभर में पहले स्थान पर आने वाले ऐसे गांव को 51 लाख रुपये, दूसरे स्थान पर 31 लाख रुपये तथा तीसरे स्थान पर आने वाले गांव को 21 लाख रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे के मकड़ जाल में फंस चुका है, तो उससे दूरी न बनाएं बल्कि उनकी मदद करके उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि सरकार ने मानस पोर्टल बनाया है, जिस पर कोई भी नागरिक नशे की तस्करी करने वालों की सूचना दे सकता है उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। इसके अलावा, एसएचओ को भी निर्देश दिए गए हैं कि उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले गांवों में नशे से संबंधित शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उनके अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले सभी गांवों के नशा मुक्त होने पर संबंधित एसएचओ को भी सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस साइकिल रैली ने यह साबित कर दिया है कि आज का युवा सिर्फ पढ़ाई और नौकरी की ओर ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों और अपने स्वास्थ्य को लेकर भी सजग है। उन्होंने कहा कि आज इस अवसर पर सभी संकल्प लें कि हरियाणा को नशा मुक्त बनाएंगे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल कौशिक सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### ऊर्जा, उत्सव और एकता का यह अद्भुत संगम नशे के खिलाफ सामूहिक लड़ाई का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने श्री सरसाई नाथ जी, श्री गुरु चिल्ला साहिब जी और तारा बाबा जी की धरा को प्रणाम करते हुए कहा कि आज साइक्लोथॉन के माध्यम से सिरसा में ऊर्जा, उत्सव आर एकता का जो अद्भुत संगम देखने को मिला है, यह नशे के खिलाफ सामूहिक लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस साइक्लोथॉन को खाप पंचायतों ने अपना समर्थन दिया है, ये गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि गत 5 अप्रैल को हिसार से शुरू हुई यह साइकिल रैली पूरे प्रदेश का भ्रमण कर आज 23 दिनों की यात्रा के बाद अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंची है। उन्होंने इस रैली में भाग लेने वाले सभी युवाओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इन युवाओं ने दिन-रात एक कर नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया है। यह केवल एक रैली नहीं थी, बल्कि एक नई सोच की शुरुआत थी, जिसमें स्वास्थ्य, पर्यावरण, सड़क सुरक्षा और युवा सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आयोजकों, प्रतिभागियों और नागरिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब लक्ष्य नेक हो, सोच ईमानदार हो और प्रयासों में जन-भागीदारी हो, तो समाज की किसी भी बुराई को जड़ से मिटाया जा सकता है।

### हरियाणा की धरती जवान, पहलवान और किसान की धरती, यहां नशे के लिए कोई स्थान नहीं

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की धरती जवान, पहलवान और किसान की धरती है, यहां नशे के लिए कोई स्थान नहीं है। हम सभी को मिलकर धाकड़ हरियाणा को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आज साइक्लोथॉन का अंतिम पड़ाव है, लेकिन इसे अंतिम पड़ाव न मानकर नशे के विरूद्ध लड़ाई की शुरुआत मानें और ये संकल्प लें कि हरियाणा से एक-एक घर, एक-एक गांव को नशा मुक्त करना है। निश्चित तौर पर इस अभियान के सार्थक परिणाम आएँगे। उन्होंने कहा कि नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं को नशे से बाहर निकालने के लिए नशा मुक्ति केंद्र चलाए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में भी अलग से नशा मुक्ति केंद्र खोले हैं। सरकार ने नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पंचकूला में एक अन्तर्राज्यीय ड्रग सचिवालय की स्थापना की है।

## साधु संत मानवता के कल्याण के लिए तप करते हैं : मानवी महाराज



जैन साध्वी मानवी जी महाराज का दीक्षा दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 27 अप्रैल।** एस एस जैन सभा हनुमान गली द्वारा अक्षय तृतीया महोत्सव के अवसर पर साध्वी सोनाक्षी महाराज का तीसरा वार्षिक तप दिवस तथा मानवी महाराज का 23 वां दीक्षा दिवस एसएस जैन सभा हनुमान गली में 27 अप्रैल को मनाया गया।

इस अवसर पर भगवान आदिनाथ के जीवन चरित्र की कथा सुनाई गई। यह कार्यक्रम साध्वी मानवी महाराज, सोनाक्षी महाराज और देवाक्षी महाराज के सानिध्य में द किया गया। इस अवसर पर समाज की तरफ से जैन साध्वियों को आदर की चादर भेंट की गई। जानकारी देते हुए नवीन जैन अशोक जैन और सतीश जैन ने बताया कि इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर जैन साध्वी मानवी महाराज ने कहा कि साधु संत मानवता के कल्याण के लिए साधु तप करते हैं। उन्होंने कहा कि साधुओं को हमेशा मार्गदर्शक के रूप में देखा जाता हैं। उन्होंने कहा कि साधुओं के लिए तप महत्वपूर्ण होता हैं। इस अवसर पर महिला मंडल की सदस्यों ने भजन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अशोक जैन, सतीश जैन नवीन जैन, विनय कुमार जैन, बीरेश कुमार जैन अलश् कुमार जैन विनोद कुमार जैन निशा जैन,गौतम जैन रेनू जैन शिखा जैन जैन रमन जैन, आदि मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### वैशाख अमावस्या के पूजन का है विशेष महत्वः महंत



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** मारकंडा नदी के तट पर श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में रविवार को वैशाख अमावस्या के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी एवं अन्य संतों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ वैशाख अमावस्या के अवसर पर पूजन करवाया गया। श्रद्धालुओं ने सर्वकल्याण, सुख समृद्धि, शांति एवं स्वास्थ्य की कामना से हवन यज्ञ भी किया। साथ ही हवन के उपरांत शिव मंदिर में रुद्राभिषेक भी किया गया। इस पूजन में विशेष तौर पर करनाल से यजमान के तौर पर पंकज, नाथी राम गुप्ता, रेणुका गुप्ता, सुरजीत सिंह, लोकेश संधू, मयंक शर्मा व डा. दिलबाग सिंह इत्यादि शामिल हुए। यह दिन पितरों को समर्पित है और इस दिन स्नान, दान और पूजा-अर्चना करने से पितरों को मोक्ष मिलता है और घर में सुख-समृद्धि आती है। इस अवसर पर स्वामी पृथ्वी पुरी, स्वामी संतोषानंद, स्वामी विनायक, बिल्लू पुजारी, आकाश पुरी एवं भाना राम इत्यादि भी मौजूद रहे।

### जग ज्योति दरबार में अक्षय तृतीया पर होगा विशेष अनुष्ठान



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** जग ज्योति दरबार में अक्षय तृतीया पर 30 अप्रैल को महंत राजेंद्र पुरी द्वारा सर्वकल्याण की भावना से अनुष्ठान किया जाएगा। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि अक्षय तृतीया शुभ हिंदू त्यौहार है जो हर साल वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष के तीसरे चंद्र दिवस पर मनाया जाता है। अक्षय तृतीया बहुत फलदायी मानी जाती है। अक्षय तृतीया स्थायी धन और समृद्धि प्रदान करने वाली है। आर्थिक रूप से बहुत लाभकारी माना जाता है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया का दिन जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति और प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि अनुष्ठान के साथ भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा होगी। इसी के साथ तुलसी माता की पूजा भी होगी। महंत राजेंद्र पुरी ने श्रद्धालुओं से कहा कि अक्षय तृतीया के दिन तुलसी के पौधे की पूजा करें और घी का दीपक अवश्य जलाएं। इस अवसर पर अशोक वधवा, निधि वधवा, रूचि, ऋतिक अरो?ा, संजय, मोनिका शर्मा, हरि दास, बक्शीश सिंह, अजय राठी एवं विजय राठी भी मौजूद रहे।

## सरकार आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे : पीके जैन




अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन


**करनाल, 27 अप्रैल।** रोटरी क्लब करनाल द्वारा नगर के एक होटल में विशेष शोक सभा का आयोजन कर गत 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियो द्वारा जिन 26 निर्दोष सैलानियों की निर्मम हत्या की गई थी,उन सभी को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी,इस जघन्य अपराध की भर्त्सना की व वर्तमान सरकार से लिप्त अपराधियों और उनके सरपरस्तों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई करने हेतु प्रार्थना की, तथा समस्त दिवंगत पुण्य आत्माओं की सद्गति व शोक संतप्त परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की। शोक सभा में सहायक गवर्नर रोटेरियन रंजन शर्मा,प्रधान मिनाक्षी जैन,सचिव गौतम जैन,डॉ अरुण सूद व डॉ पी के जैन ने समस्त शहीदो- को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर रोटेरियन राजेश बांभा, डॉ डी डी शर्मा, कुलभूषण जैन, विक्रम मितल, पी आर नाथ, नरेंद्र गोयल,डॉ जतिन आर्य, ऊषा शर्मा, भारती शर्मा, मीना व रमन मिड्ढा, सुनीता बंसल,विनी मितल, स्नेहा जैन व ध्रुवी मितल आदि उपस्थित रहे।

## चार मैराथन दौड़ पूरी कर डॉ. बलबीर विर्क ने जीता प्रोकैम स्लैम फिनिशर का खिताब

डा. विर्क को मेडल और प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

करनाल के पांच धावकों ने बेंगलुरु में हुई टी.सी.एस वर्ल्ड मैराथन में लिया हिस्सा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 27 अप्रैल।** करनाल के जाने-माने डॉ. बलबीर सिंह विर्क ने देश में अलग-अलग हिस्सों में हुई चार मैराथन दौड़ पूरी कर प्रोकैम स्लैम फिनिशर का खिताब हासिल किया है। इस खिताब के लिए एक साल में अलग-अलग स्थानों पर होने वाली चार मैराथन दौड़ को पूरा करना होता है। वहीं पर करनाल के पांच धावकों ने बेंगलरू में हुई टी.सी.एस वर्ल्ड मैराथन में हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार करनाल के जाने-माने डॉ. बलबीर सिंह विर्क ने इसी साल में मुम्बई में हुई 42 किलोमीटर, कोलकाता में 25 और दिल्ली में 21 और आज बेंगलुरु में हुई 10 किलोमीटर की दौड़ को पूरा कर लिया। इसके लिए उन्हें प्रोकैम स्लैम फिनिशर का खिताब के साथ-साथ मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बेंगलुरु में हुई 10 किलोमीटर की मैराथन में डॉ. बलबीर सिंह विर्क के अलावा प्रवेश गाबा, अमित गुप्ता, सुमित मान और कर्ण मित्तल ने भाग लिया। यहां उल्लेखनीय है कि डॉ. विर्क की टीम देश भर में होने वाले अलग-अलग मैराथन दौड़ में हिस्सा लेती रहती है। उसके माध्यम से वह फिटनेस का संदेश देते है। बच्चे इंडोर गेम्स छोड़कर आउटडोर गेम्स में ले हिस्सा- डॉ. विर्क ने बताया कि खेलों से व्यक्ति स्वस्थ रहने के साथ-साथ व्यक्ति फिट भी रहता है। जब से उन्होंने मैराथन दौड़ में भाग लेना शुरू किया है तब से वह अपने आपको बेहतर और फिट महसूस करते है। वह प्रतिदिन 10 किलोमीटर की दौड़ लगाते है। इसके अलावा वह टेनिस भी खेलते है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बच्चे इंडोर गेम्स की ओर बढ़ रहे है वह खतरनाक भी है, बच्चों को दौड़ में भाग लेना चाहिए। वहीं पर जो बच्चे टीवी और मोबाइल से चिपके रहते है। उन्हें भी अपने आपको फिट और हेल्दी रहने के लिए आउटडोर गेम्स में हिस्सा लेना चाहिए।

## जिंदल फाउंडेशन की टीम ने सतोड़ा और झिंवरेड़ी में लगाया फ्री हेल्थ कैंप

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन शनिवार को गांव झिवरेड़ी और सतोड़ा में पहुंची। इन दोनों गांवों में डॉ. पूरणमल के नेतृत्व में ग्रामीणों का चेकअप करने के बाद उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। डॉ. पूरण मल ने बताया कि गांव सतोड़ा में 32 लोगों को दवा देकर 9 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए। जबकि झिंवरेड़ी में 24 ओपीडी के साथ दो लोगों के लैब टेस्ट हुए। कुल 67 लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं। उसमें सांसद नवीन जिंदल ने 2035 तक लक्ष्य प्राप्ति का जिम्मा उठाया है। सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि 2035 तक कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, विकास एवं रोजगार में अव्वल रहकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन में सहयोगी बने। इसी के चलते उनके द्वारा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई गई हैं।

## नारायण सेवा केंद्र में 15 दिव्यांगों को प्रदान किए कृत्रिम अंग

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 27 अप्रैल।** दया गुप्ता मानव मंदिर, नारायण सेवा केंद्र में कृत्रिम अंग वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं द्वारा दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. विवेक गर्ग एवं ऋतु सिंगला ने किया।

इस अवसर पर सुनीता गुलाटी, सुनीता मंगला, ऋतु जिंदल, शशि बाला, किरण बंसल, रेखा बंसल, सीमा गर्ग, पूनम मंगला, बबीता गर्ग, प्रीति जिंदल, पूर्णिमा शर्मा, इंदु गर्ग एवं संतोष गोयल उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम उपस्थित नारी शक्ति का शाखा कैथल के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। उसके बाद महिलाओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। नारायण सेवा केंद्र के पदाधिकारियों ने महिलाओं के इस सेवा कार्य की प्रशंसा की। डॉ विवेक गर्ग ने कहा कि इस कृत्रिम अंग के माध्यम से उनके जीवन को फिर से गति मिलेगी और संस्थान की तरफ से हर संभव प्रयास उनके जीवन को आसान करने के लिए किया जाएगा।

नगर परिषद पार्षद और शाखा कैथल के सदस्य रोहन मित्तल ने संस्थान द्वारा दी जा रही सेवाओं की प्रशंसा की। शाखा संयोजक सतपाल मंगला और सचिव डॉ अनिल जिंदल ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ मनोज बंसल, मनोज गर्ग, दुर्गा प्रसाद, सोनू बंसल, ईश्वर गोयल, जयप्रकाश गर्ग, प्रवीण जिंदल, विनीत मंगला, अशोक मंगला, कमल गर्ग, पंकज शर्मा, कुलदीप गर्ग, ऋषि गोयल, राजेश मित्तल, संजय शर्मा, बी एम गुप्ता, पवन शर्मा, जितेंद्र बंसल, शेर सिंह, सोमनाथ आदि उपस्थित रहे।

## पहलगाम हमले के विरोध में स्पेन में बसे भारतीयों ने किया प्रदर्शन

पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिबंधित करने की उठाई मांग

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य




**पिहोवा, 27 अप्रैल।** जम्मू के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में बसे भारतीयों में भी गहरी नाराजगी दिख रही है। घटना के विरोध में स्पेन के बार्सेलोना शहर में भारतीयों ने प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की।

पिहोवा हल्के के गांव हरि गढ़ भोरख कथला जिला कुरुक्षेत्र के भारतीय मूल के रॉबट मसीह नाहर, कृष्ण सैनी, सोमनाथ सैनी, सुशील राणा, अभिषेक मलिक, राजपाल के नेतृत्व में भारतीयों ने प्रदर्शन करके पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रतिबंधित करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि स्पेन सरकार को भी पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश से दूरी बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाए और आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। प्रधानमंत्री मोदी जो भी निर्णय लेंगे। विदेश में रह रहे भारतीय उसका समर्थन और सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि कश्मीर में शांति और स्थिरता के लिए आतंकियों और उनके समर्थकों को कुचलना जरूरी है। इस हमले का जवाब एकजुटता और सख्त कार्रवाई से सरकार को देना होगा। रॉबर्ट मसीह ने कहा कि ये हमला केवल पर्यटकों पर नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता पर प्रहार है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को और तेज करना होगा और आतंकियों को कड़ी सजा देने के साथ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है। विदेश में बसे भारतीय हर तरह से अपने देश का सहयोग करेंगे।

## गौसेवा करने से मानव जीवन को मिलती है सुख शांति और समृद्धि : अशोक मेहता

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 27 अप्रैल।** गौ सेवा करने से मानवजीवन को सुख-शांति और समृद्धि मिलती है। हर मानव को गौसेवा करने से बेहतर फल की प्राप्ति होती है। हिंदू धर्म में गौसेवा करना हमारा परम धर्म माना जाता है।

यह बात श्री कृष्ण कृपा एवं जीयो गीता परिवार के प्रधान अशोक मेहता ने कही। समिति के सदस्यों द्वारा आज गौशाला नारायणगढ़ में गऊओ की सेवा की गई।

इस दौरान उपस्थित सदस्यों एवं अन्य लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों द्वारा यह सेवा महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से की जाती है। वर्तमान में लोग गाय का उपयोग सिर्फ दूध के लिए कर रहे हैं, अगर गाय दूध देना बंद कर देती है तो उसको लावारिस की तरह सड़कों पर छोड़ देते हैं। ऐसा उनको नहीं करना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि गाय मे 33 करोड़ देवी देवताओं का निवास है। इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गाय की सेवा करनी चाहिए।

अशोक मेहता ने कहा कि गाय सेवा करने वाला व्यक्ति पुण्य का भागीदार बनता है। एक मात्र गाय की सेवा करने से ही मन, वाणी, कर्म और शरीर की पवित्रता संभव है।

उन्होंने बताया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने समय एवं सामर्थ्य के अनुसार गाय की सेवा करनी चाहिए। इससे जहां व्यक्ति एवं समाज निरोगी होगा वहीं मानसिक रूप से भी संतुष्ट बनेगा।

आज विशेष बात यह रही कि छोटे छोटे बच्चे भी सेवा में उपस्थित रहे जो शर्मा परिवार और राणा परिवार की ओर से आए थे। श्री कृष्ण कृपा परिवार की इस पहल ने सभी को एकजुट किया और सेवा के महत्व को दर्शाया। इस दौरान प्रधान अशोक मेहता, सचिव सुरेंद्र बिंदल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध सिंघल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र मेहता, सदस्य सुभाष राणा, रवि शर्मा, रविंदर शर्मा, विजय अग्रवाल, अनीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण की दिशा में कार्य कर रही है केंद्र और प्रदेश सरकार : खेल मंत्री गौरव गौतम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पलवल, 27 अप्रैल।** हरियाणा के खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण के लिए कृतसंकल्प है। सरकार की ओर से गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अंत्योदय योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

खेल मंत्री श्री गौरव गौतम आज पलवल में केसी वाटिका में सैन जयंती समारोह और अखिल भारतीय मैथिली ब्राह्मण महासभा में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों को केंद्र में रखकर योजनाओं का खाका तैयार किया जाता है ताकि गरीबों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले और उनका जीवन स्तर ऊपर उठ सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को सुविधाएं देने के उद्देश्य से हर क्षेत्र में विकास कार्य करवा रही है। जिला पलवल में भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का पहिया अब और तेजी से घूमेगा।


उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा के बल पर अपना भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने जिला के युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे भी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में आगे आएं, ताकि उनके जिला व गांव सहित परिवार का नाम रोशन हो सके।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद को किया जाएगा खत्म

हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने आज एमडी पब्लिक स्कूल हरीनगर पलवल में आमजन के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। इस मौके पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा भारत देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और 140 करोड़ भारतीय आतंकवाद का जड़ मूल से सफाया करने की लड़ाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमले के पीड़ितों को न्याय अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ ये हमला, आतंक के सरपरस्तों की हताशा और कायरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया। आतंकवाद के खिलाफ देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता, आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। खेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा भारत 'विकसित भारत' की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 विजन देश की आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए सरकार का दूरदर्शी विजन है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से आतंकवादियों को जवाब दिया जाएगा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक अवश्य ही विकसित भारत बनेगा।

# जेएनयू छात्र संघ चुनाव: 42 में से 23 काउंसलर पदों पर एबीवीपी की ऐतिहासिक जीत

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स




**नई दिल्ली, 27 अप्रैल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने इस वर्ष जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्रसंघ चुनाव में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उम्मीदवारों ने विश्वविद्यालय के 16 स्कूलों और विभिन्न संयुक्त केंद्रों के कुल 42 काउंसलर पदों में से 23 पदों पर जीत दर्ज की है।

विद्यार्थी परिषद का कहना है कि यह एक ऐतिहासिक जीत है और यह चुनाव लड़ रहे किसी भी अन्य छात्र संगठन की तुलना में सर्वाधिक भी है। जेएनयू के विभिन्न स्कूलों और केंद्रों में एबीवीपी के प्रदर्शन की बात करें तो स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में 5 काउंसलर पदों में से 2 सीटों पर विद्यार्थी परिषद की विजय हुई है। स्कूल ऑफ सोशल साइंस की 5 काउंसलर सीटों में से 2 सीटों पर विद्यार्थी परिषद ने जीत दर्ज की है।

स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी 2 में से 1 सीट पर, स्पेशल सेंटर फॉर मॉलिक्यूलर मेडिसिन 1 में से 1 सीट पर, स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल एंड इंटीग्रेटिव साइंस में 2 में से 1 सीट पर, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एंड सिस्टम साइंस की 3 सीटों में से 2 सीटों पर विद्यार्थी परिषद ने विजय हासिल की है। वहीं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की चारों काउंसलर सीटों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कब्जा हो चुका है। स्पेशल सेंटर फॉर नैनोसाइंस में 1 सीट है और यह सीट अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जीत ली है। स्कूल ऑफ संस्कृत एंड इंडिक स्टडीज की 3 काउंसलर सीटों में से सभी 3 सीटों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विजय हासिल की है।

अमलगमेटेड सेंटर की 2 में से दोनों सीटों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को विजय मिली है। स्कूल ऑफ एनवायर्नमेंटल साइंस की 2 सीटों में से 1 सीट विद्यार्थी परिषद ने जीती है। अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप में 1 सीट है, यह सीट भी विद्यार्थी परिषद के खाते में गई है। इसके अलावा स्कूल ऑफ फिजिकल साइंस में 3 में से 2 सीटों पर विद्यार्थी परिषद ने अपनी जीत दर्ज की है।

विद्यार्थी परिषद के मुताबिक इस चुनाव में उन्होंने दो ऐतिहासिक सफलताएं अर्जित की हैं। पहली सफलता स्कूल ऑफ सोशल साइंस में मिली है। इसे जेएनयू में वामपंथ का गढ़ माना जाता रहा है, यहां 'अभाविप' ने 25 वर्षों बाद दो सीटों पर विजय प्राप्त कर एक ऐतिहासिक बदलाव का संकेत दिया है। इसी प्रकार दूसरी सफलता स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में मिली है। यह केंद्र भी लंबे समय से वामपंथी प्रभाव का प्रमुख केंद्र रहा है। हालांकि इस बार हुए छात्रसंघ चुनाव में यहां भी एबीवीपी ने दो सीटों पर विजय हासिल कर नई राजनीतिक धारा को स्थापित किया है।

विद्यार्थी परिषद का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत से ही उन्होंने अपनी सशक्त उपस्थिति का परिचय दिया था। विभिन्न स्कूलों के काउंसलर पदों पर परिषद के प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत दर्ज की। विद्यार्थी परिषद के मुताबिक स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की एकमात्र सीट पर उनके सुरेंद्र बिश्नोई, स्कूल ऑफ संस्कृत एंड इंडिक स्टडीज की तीनों सीटों पर प्रवीण पीयूष, राजा बाबू और प्राची जायसवाल, स्पेशल सेंटर फॉर मॉलिक्यूलर मेडिसिन की एक सीट पर उनके उम्मीदवार गोवर्धन सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय पैनल की चारों प्रमुख सीटों अध्यक्ष- शिखा स्वराज, उपाध्यक्ष- निट्टू गौतम, महासचिव- कुणाल राय और संयुक्त सचिव- वैभव मीणा प्रारंभिक मतगणना में बढ़त बनाए हुए हैं। एबीवीपी जेएनयू के इकाई अध्यक्ष राजेश्वर कांत दुबे का कहना है कि अभाविप ने जेएनयूएसयू काउंसिल में 42 में से 23 सीटों पर विजय प्राप्त कर काउंसिल में पचास प्रतिशत से अधिक की उपस्थिति दर्ज कराई है। विद्यार्थी परिषद ने ऐसा करके इतिहास रच दिया है, जिससे जेएनयूएसयू द्वारा किए जाने वाले फैसलों में अब अभाविप की अहम जगह प्राप्त हो सकेगी, जो वामपंथ के गढ़ में बड़ी सेंध की तरह काम करेगा।

### नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने की राजस्थान के नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक से की भेंट

# गुरुग्राम से सालासर और खाटू श्याम धाम तक जल्द शुरू होगी हेलीकॉप्टर टैक्सी सेवा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 अप्रैल।** हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री श्री विपुल गोयल ने आज जयपुर में राजस्थान के नागरिक उड्डयन मंत्री श्री गौतम कुमार दक से मुलाकात कर गुरुग्राम से सालासर और खाटू श्याम धाम के लिए प्रस्तावित हेलीकॉप्टर टैक्सी सेवा को लेकर विस्तार से चर्चा की। दोनों राज्यों के बीच इस परियोजना को लेकर आपसी सहयोग पर भी सहमति बनी, जिससे श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा में सुगमता मिलेगी और क्षेत्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

आज की बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि हेलीकॉप्टर सेवाओं के संचालन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे, जैसे हेलीपैड, यात्रियों के लिए वेटिंग एरिया, और सुरक्षा मानकों को प्राथमिकता से विकसित किया जाएगा। दोनों राज्यों के बीच आवश्यक प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करने की भी बात तय हुई है।

बैठक के उपरान्त श्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेशवासियों को तीर्थ स्थलों की यात्रा के लिए तेज, सुरक्षित और आरामदायक विकल्प प्रदान किया जाए। इस पहल से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और सेवा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय विकास होगा।

उन्होंने कहा कि जल्द ही इस सेवा के औपचारिक उद्घाटन की प्रक्रिया प्रारंभ होने की संभावना है, जिससे हरियाणा और राजस्थान के श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में श्री विपुल गोयल ने हरियाणा के नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर इस रूट के संभावित संचालन को लेकर प्रेजेंटेशन देखी थी। बैठक के दौरान गुरुग्राम से खाटू श्याम और सालासर धाम तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के तकनीकी, वित्तीय और व्यावसायिक पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श हुआ था। साथ ही विपुल गोयल ने गुरुग्राम-चंडीगढ़ और हिसार-चंडीगढ़ के बीच भी हेलीकॉप्टर सेवा की संभावनाओं पर स्टडी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए थे।

### गांव कोलेखां निवासी 46 वर्षीय ददबीर की मौत

**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** कलायत अनाज मंडी में मां दुर्गा मंदिर के पास सड़क हादसे में गांव कोलेखां निवासी 46 वर्षीय ददबीर की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह मंडी गेट के सामने से गुजर रहा था। इस दौरान वह मंडी के अंदर से बाहर आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में उसे गंभीर चोटें आई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल को इलाज के लिए कैथल नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सीय जांच में डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के मौसेरे भाई सुनील की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका भाई 27 अप्रैल को दोपहर के समय उसकी कलायत आया था। जेसे ही वह काम निपटाकर वापस गांव आ रहा था तो उसके साथ हादसा हो गया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा उसके दो बेटे व एक बेटी है। कलायत डीएसपी ललित यादव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार से मिले विधानसभा अध्यक्ष, व्यक्त की शोक संवेदना

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 27 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी, जिनमें हरियाणा के करनाल के रहने वाले नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल भी शामिल थे। रविवार को हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण विनय नरवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और शोक संवेदना प्रकट की।

इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आतंकी हमले में शहीद हुए विनय नरवाल के परिवारवालों को 50 लाख रुपए की आर्थिक मदद और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया था। हरविंदर कल्याण ने इस पर कहा, विनय नरवाल शहीद हुए हैं, शहीद का दर्जा बहुत ऊपर होता है। शहीद का सम्मान समाज और राष्ट्र में सबसे ब?ा होता है। कभी भी इस प्रकार कोई कोई घटना होती है तो सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वो शहीद के परिवार और के साथ पूरी तरह से खड़ी रहे। मुख्यमंत्री ने जो घोषणा की है, उसके लिए सरकार गंभीर है। हम सभी उनके साथ हैं।

पहलगाम हमले को लेकर उन्होंने कहा, इस हमले को बहुत ही गंभीरता से लिया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा है कि जो भी इस घटना को अंजाम देने वाले लोग हैं, उनकी कल्पना से परे उन पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में दोषियों को बहुत कुछ भुगतना पड़ेगा। सरकार कंधे से कंधा मिलाकर एक साथ खड़ी है और हमेशा खड़ी रहेगी।

सुरक्षा में चूक के सवाल पर कल्याण ने कहा, जिस पर्यटक स्थल पर यह घटना हुई, वहां सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। लेकिन घटना को अंजाम देने वाले लोगों ने जिस प्लानिंग के साथ ऐसा किया, यह एक गंभीर चिंता का विषय है। इस पर सरकार भी मजबूत स्टैंड के साथ आगे बढ़ रही है।

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को शहीद विनय नरवाल परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता की घोषणा करने के साथ वादा किया कि विनय नरवाल के माता-पिता परिवार के जिस सदस्य को चाहेंगे, उसे सरकार की नीति के अनुसार नौकरी दी जाएगी।

# पूज्य देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने विश्वविख्यात चुलकाना धाम में बाबा श्याम के किए दर्शन

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 27 अप्रैल।** हल्के के गांव चुलकाना धाम में रविवार को पूज्य देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने विश्वविख्यात श्याम बाबा मंदिर चुलकाना धाम में बाबा श्याम के दर्शन किए। महाराज ने मंदिर प्रांगण में पहुंचकर पहले पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर के मुख्य गर्भगृह में जाकर श्री श्याम बाबा के दर्शन किए और श्रद्धापूर्वक फूल, चंदन, धूप और प्रसाद अर्पित किया। वहाँ उपस्थित पुजारियों और सेवकों ने गुरुजी का विधिपूर्वक स्वागत किया और उन्हें चुलकाना धाम से जुड़ी पौराणिक कथा भी सुनाई। श्री श्यामजी चुलकाना धाम का पंचामृत से स्नान कर विशेष श्रृंगार किया। रविवार को अमावस्या तिथि के पावन पर्व पर श्री श्याम प्रभु का पंचामृत से स्नान किया गया। हर महीने अमावस्या के दिन श्री श्याम बाबा का पंचामृत से स्नान होता है और बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाता है। पंचामृत से स्नान करना एक पवित्र और आध्यात्मिक अनुष्ठान है, जिसमें भगवान की मूर्ति या प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराया जाता है। पंचामृत में दूध, दही, शहद, घी और शक्कर आदि तत्व शामिल होते हैं। इस अनुष्ठान का उद्देश्य भगवान की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करना है। पंचामृत से स्नान करने से भगवान की मूर्ति पवित्र और शुद्ध होती है, और भक्तों को आध्यात्मिक शांति और आनंद की प्राप्ति होती है। बाबा के पुजारियों द्वारा पंचामृत तैयार करके पुजारी अपने हाथों से बाबा को स्नान करवाते हैं और बाबा का विशेष श्रृंगार करते हैं। वहीं रविवार होने के कारण श्रद्धालुओ की भारी भीड़ लगी रही। दिन भर भक्त पूजा अर्चना करते रहे।श्री श्याम बाबा का यह ऐतिहासिक प्राचीन सिद्ध मंदिर है जहां सदियों से श्री श्याम बाबा की पूजा अर्चना होती है। भाजपा मीडिया प्रभारी सोनू शर्मा छदिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश, अंबाला, दिल्ली, उतराखंड, फरीदाबाद, गुड़गांव, पंजाब, राजस्थान, पेहवा, रोहतक, जींद, कैथल, हिसार, कुरूक्षेत्र, मेरठ, शामली, बागपत, मुजफ्फरनगर, चंडीगढ़ आदि से आने वाले भक्तों की संख्या अधिक होती है। इस अवसर पर प्रधान रोशन छौक्कर, प्रवीण सिंगला, सोनू शर्मा, रब्बू छौक्कर, अमित गुर्जर, रवि, संदीप, विजय पुजारी, मांगेराम पुजारी सहित बाबा के भगत मौजूद रहें।

### इन्द्री में हुई वाल्मीकि समाज की बैठक

**इन्द्री (अप्रस/सीमा देवी)।** वाल्मीकि समाज की दिशा व दशा में सुधार के लिए पिछले कई सप्ताह से समाज के लोगों का चिंतन मनन का कार्यक्रम चल रहा था जिसको गति देते हुए आज एक बैठक का आयोजन स्थानीय रेस्ट हाउस में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुकेश रानी ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से समाज के जागरूक लोगों ने भाग लिया। इस दौरान तेजिन्द्र सिंह तेजी, राम मुर्ति सिरसवाल, फौजी बालक राम इंद्री मण्डल महा मंत्री भाजपा, रमन उडाना, ओम प्रकाश, दीपक, मुकेश कुमार, साहब सिंह नन्दी, नवनीत नम्बरदार आदि ने इन्द्री विधानसभा क्षेत्र में 6 जागरूक साथियों को समाज में जागरूकता अभियान व सामाजिक उत्थान हेतू मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए विचार कर इंद्री मंडल से सरदार मदन सिंह सोढ़ी, संगोहा मंडल से कर्मबीर सिंह, गढ़ी बीरबल मंडल से उर्मिला रानी, इन्द्री मंडल से व इन्द्री शहरी मंडल से नरेन्द्र बंटी को अध्यक्ष पद पर चुना। इस अवसर पर नवनियुक्त सभी अध्यक्षों को पुष्पगुच्छ भेंट कर नवदायित्व की बधाई दी।

## पूर्व सैनिकों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला लगाए, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 27 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले के विरोध मे रविवार को समालखा के पूर्व सैनिको ने सडक पर निकलकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इतना ही नही पूर्व सैनिको ने समालखा रेलवे-स्टेशन के सामने आतंक का पर्याय बने पाकिस्तान का पुतला भी जलाया।

पूर्व सैनिक उत्थान समिति समालखा के प्रधान सेवानिवृत्त कैप्टन नरसिंह के नेतृत्व पूर्व सैनिको ने सुबह करीब 10 बजे पुराने बस अडडे से रेलवे-स्टेशन तक पहलगाम आतंकी हमले के विरोध मे रोष प्रदर्शन किया। हाथो मे पुतला लेकर पाकिस्तान तेरी कब्र खुदेगी, वंदेमातरम,पाकिस्तान मुर्दाबाद - हिन्दूस्तान जिन्दाबाद व भारत माता की जय के नारे लगाते हुए रेलवे-स्टेशन के सामने पहुंचे। यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिक समिति के प्रधान सेवानिवृत्त कैप्टन नरसिंह ने कहा कि पहलगाम मे निर्दोष सैलानियो पर बर्बरतापूर्ण गोलिया बरसा कर कायरतापूर्ण कार्य किया है। इस कुकृत्य की सजा भारत सरकार को जरूर देनी चाहिए। उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि आतंकवाद कैप्टन खिलाफ ढुलमुल रवैया छोड़कर अब 56 इंची सीना दिखाये ओर देश से आतंकवाद का सफाया करे। इस मौके पर पूर्व सैनिको ने पाकिस्तान के पुतले को जूते चप्पल मारते हुए उसे आग लगाई। प्रदर्शन कारियो मे कैप्टन नरसिंह,नफे सिंह,राजपाल,हरि राम,पुतला स्पेसलिस्ट सतबीर गढी छाज्जू, वेदपाल शर्मा व कंवर भान आदि उपस्थित रहे।

## छात्रों को आगे बढ़ने के लिए शिक्षा की नई तकनीकों को अपनाना होगा: निवेदिता भट्ट



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 27 अप्रैल।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में शिक्षा का नया अध्याय आरम्भ हुआ। नई शिक्षा नीति के चलते विद्यालय में 'नो बैग स्कूल डे' नीति का सफल संचालन किया गया। सभी छात्र विद्यालय में बिना शिक्षण-सामग्री के आए और इन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सभी विषयों को सुचारु रूप से समझा। छात्रों को कक्षा-कक्ष, मैदान, प्रयोगशाला आदि में विभिन्न क्रिया-कलाप करवाए गए। प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने बताया कि नो बैग स्कूल डे का मकसद बच्चों की बौद्धिक व तार्किक क्षमता को बढ़ाने का है। जब बच्चे केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त न करके उसे गतिविधियों व क्रिया-कलापों के माध्यम से समझते हैं तो वह छात्रों के मन-मस्तिष्क पर अमिट छाप छोड़ता है। आज के बदलते परिवेश में यदि छात्रों को समय के साथ आगे बढना है तो इन्हें शिक्षा की नई तकनीकों को अपनाना होगा।

# ब्राह्मणों के लिए हमेशा सेवा समर्पित रहूंगा: जंगशेर शर्मा

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 27 अप्रैल।** राष्ट्रीय परशुराम सेना (ब्रह्मवाहिनी) ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में अंबाला छावनी के मुख्य बाजारों में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया

शोभायात्रा से पहले कश्मीर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई हत्याओं को लेकर अश्रु पूर्ण श्रद्धांजलि दी गई

प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा जंगशेर शर्मा ने बताया ब्राह्मण समाज द्वारा शोभा यात्रा बहुत ही भव्य सुनिश्चित सुनियोजित तरीके से अंबाला छावनी के मुख्य बाजारों में निकली गई जगह-जगह पर लोगों ने छबील लगाकर ठंडा पानी शरबत पिलाया फूलों की वर्षा बाजारों में भगवान परशुराम जी के ऊपर भारी मात्रा में की गई यात्रा में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साइंस कारोबारी ब्रृज मोहन मिश्रा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विमल तिवारी, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव अजय शर्मा विशेष रूप से साथ-साथ चले भारी जनसैलाब भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद लेने के लिए उमड़ पड़ा कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी ने निष्ठा भाव से अपना कर्तव्य निभाया

भगवान परशुराम जी की पूजा करने से घर में सुख समृद्धि वैभव आता है भय का नाश होता है। सभी सनातनियों को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शुभकामनाएं

# बूम-बूम बुमराह के दम पर मुंबई की लगातार पांचवीं जीत

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन



**चंडीगढ़/मुंबई, 27 अप्रैल।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (22 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को रविवार को आईपीएल मुकाबले में 54 रन से हराकर लगातार अपनी पांचवीं जीत दर्ज की।

मुंबई ने रायन रिकलटन (58) और सूर्यकुमार यादव (54) के शानदार अर्धशतकों तथा निचले क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन का मजबूत स्कोर बनाया और लखनऊ की पारी को 20 ओवर में 161 रन पर समेट दिया। मुंबई ने यह जीत हासिल कर प्लेऑफ की दावेदारी को और मजबूत कर लिया है।

बुमराह ने ओपनर एडन मारक्रम (9) को आउट करने के बाद 16वें ओवर में डेविड मिलर, अब्दुल समद और आवेश खान को पवेलियन की राह दिखाई। ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल मार्श और आयुष बदौनी के विकेट निकाले और दिग्वेश राठी को पारी की आखिरी गेंद पर बोल्ड कर तीन विकेट पूरे किये जबकि विल जैक्स ने निकोलस पूरन और एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत के विकेट झटके। पंत की खराब फॉर्म इस मैच में भी जारी रही और वह चार रन ही बना सके।

मुंबई की 10 मैचों में यह छठी जीत है और वह 12 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। लखनऊ को 10 मैचों में पांचवीं हार का सामना करना प?ा और उसके खाते में 10 अंक हैं। लखनऊ छठे स्थान पर है।

लखनऊ की तरफ से बदौनी ने सर्वाधिक 35, मार्श ने 34, पूरन ने 27 और मिलर ने 24 रन बनाये।

इससे पहले टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 रन की ओपनिंग साझेदारी के बाद मुंबई ने रोहित शर्मा का विकेट गंवाया। रोहित दो छक्कों की मदद से 12 रन बनाने के बाद मयंक यादव का शिकार बन गए।

रिकलटन ने विल जैक्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। रिकलटन 32 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से 58 रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 21 गेंदों पर 29 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया।

सूर्यकुमार ने एक छोर संभालकर खेलते हुए 28 गेंदों पर 54 रन में चार चौके और चार छक्के मारे। सूर्य ने छक्का मारकर अपना अर्धशतक पूरा किया लेकिन फिर वह मयंक की गेंद पर आउट हो गए। नमन धीर ने नाबाद 25 और कॉर्बिन बॉश ने 20 रन बनाकर मुंबई को 215 रन तक पहुंचाया। नमन धीर ने आखिरी गेंद पर छक्का मारा। नमन ने 11 गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाए। बॉश ने 10 गेंदों पर 20 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया।

रोहित शर्मा और रायन रिकलटन ने आक्रामक शुरुआत दिलाई थी लेकिन लंबे सयम बाद वापसी कर रहे मयंक यादव ने रोहित को पवेलियन चलता कर दिया। हालांकि अर्धशतक बनाकर रिकलटन के भी पवेलियन लौटने के बाद सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतकीय पारी खेली। अंत में नमन धीर और डेब्यू कर रहे कॉर्बिन बॉश की उपयोगी पारियों की बदौलत मुंबई ने एक ऐसा स्कोर खड़ा कर दिया है जिसे हासिल करना मुंबई की मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने लखनऊ के लिए मुश्किल साबित हो गया।

एलएसजी की तरफ से मयंक ने चार ओवर में 40 रन पर दो विकेट लिए। आवेश खान ने चार ओवर में 42 रन पर दो विकेट झटके।

▲ अधिकतम 39 डिग्री से.
डिग्री से. 25 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.42 बजे
सूर्यास्त 6.59 बजे

सोना 24 कैरेट : 98,310.00
सेंसेक्स : 79,212.53
अमेरिका : 85.37
कैनेडियन : 61.60
आस्ट्रेलिन : 54.60

## न्यूज ब्रीफ

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियो के खिलाफ लगातार अभियान छेड़ रखा है। पुलिस आए दिन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार भी कर रही है।एक और हीं ऐसा मामला प्रकाश में आया है। यहां पुलिस ने ठगी करने वाले आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार यूपी के जिला बलिया के रहने वाले शिकायतकर्ता अमर देव ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले सेक्टर 34 स्थित एक प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी के कर्मियो से हुआ था। उन्होंने पीड़ित को झांसे में लेते हुए कहा था कि वह उसे विदेश भेज देंगे। पीड़ित उनके झांसे में आ गया। उसने कुल 2 लाख रुपए कंपनी के आरोपी कर्मियों को दे दिए।जब कुछ दिन बीत जाने के बाद संपर्क किया तो वह टाल मटोल करते रहें ना तो उसे विदेश भेजा और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिक़ायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी लवप्रीत और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चंडीगढ़ योगासन एसोसिएशन की बैठक आयोजित



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ योगासन एसोसिएशन की बैठक आज होटल मेट्रो 43 में अध्यक्ष अरविंद जैन की अध्यक्षता में हुई। पिछले वर्ष एसोसिएशन के प्रदर्शन और गतिविधियों पर चर्चा की गई। हिमाचल प्रदेश योग महासंघ द्वारा भारतीय योग महासंघ (पंजीकृत) के बैनर तले नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित नॉर्थ जोन चैंपियनशिप में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों की भागीदारी प्रस्तुत की गई। असम महासंघ द्वारा गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रस्तुत की गई। वार्षिक रिपोर्ट पर चर्चा की गई। 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के लिए योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने, जुलाई 2025 में चंडीगढ़ राज्य योग चैंपियनशिप आयोजित करने, विभिन्न आयु समूहों में भागीदारी के लिए तैयारी और दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई। शहर में विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** सेक्टर 38 ए और बी की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। रेजिडेंट्स वेलफेयर के कार्यकारिणी सदस्यों ने पहलगाम में निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या का कड़ा विरोध करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई और सरकार से दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की अपील की। बैठक प्रधान सरदार जोगिंदर सिंह की अगुवाई में हुई। महासचिव अश्विनी कुमार ने सेक्टर में साफ – सफाई का मुद्दा ,कानून – व्यवस्था,पीने के पानी की सप्लाई का मुद्दा,पार्को की सफाई का मुद्दा पर चर्चा की गई। कार्यकारिणी सदस्य अमनदीप सिंह सैनी ने चिंता जताई के अभी गर्मियां शुरू ही हुई है और पानी की दिक्कत आने लग पड़ी है पानी लो प्रेशर के साथ आता है जिसके कारण पानी की टंकियां नहीं भर पाती और लोगों को पानी की समस्या के साथ जूझना पड़ता है। सभी सदस्यों ने अपनी अपनी चिंता जताई और इसे जल्द से जल्द ठीक करने की बात रखी। कार्यकारणी बैठक में राजीव कक्कड़, आर .एस रंधावा,बलवंत सिंह, प्रदीप महाजन, ओपी गुप्ता, रनारंग, वर्मा, संजीव अग्रवाल,नीलम गोयल, सुरेश लाल, आर के शर्मा, आर के गुप्ता,वेणु कालिया, डॉक्टर प्रतिभा तिवारी, एचएस कौशल मौजूद रहे । अंत में बैठक को राष्ट्रगान के साथ समाप्त किया गया।

## ग्रेन मार्केट की दुर्दशा

# इंजीनियरिंग विभाग 600 मीटर तक सड़क नहीं बना पाया, पार्किंग स्थलों पर वेंडरों का कब्जा

- अनेक शिकायतों के बावजूद मार्केट सचिव और प्रशासक पवित्रा सिंह द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई
- ग्रेन मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सीबीएम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव चड्ढा को समस्याओं बारे भी बताया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 27 अप्रैल।** सेक्टर-26 स्थित अनाज मंडी में बैठे व्यापारी इन दिनों वहां फैली दुर्दशा से दुखी हैं। मार्केट कमेटी से लेकर प्रशासन तक अपनी समस्याओं को लेकर गुहार लगाने के बावजूद व्यापारियों के हितों में प्रशासन कोई फैसला नहीं ले पाया है। जिससे दुखी व्यापारियों ने अब अपनी पीड़ा ग्रेन मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा चंडीगढ़ व्यापार मंडल (सीबीएम) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव चड्ढा एवं उनकी टीम के साथ साझा की है। रविवार को ग्रेन मार्केट ग्रेन मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा चण्डीगढ़ व्यापार मंडल (सीबीएम) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव चड्ढा एवं उनकी टीम के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया। व्यापारियों ने पुष्पमालाएं भेंट कर नई टीम का स्वागत किया और व्यापारिक हितों के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उनके समक्ष यहां की समस्याओं बारे भी बताया गया।




### नो वेंडर जोन में अवैध वेंडर

नो वेंडर जोन से वेंडरों को निर्धारित वेंडिंग ज़ोन में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अवैध वेंडर अब भी सड़कों और पार्किंग स्थलों पर कब्जा किए हुए हैं, जिससे यातायात में बाधा और सुरक्षा संबंधी खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। मार्केट कमेटी और नगर निगम द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इंजीनियरिंग विभाग को 600 मीटर तक सड़क निर्माण का कार्य सौंपा गया था, किंतु अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। सड़कें अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है। स्ट्रीट लाइट्स- स्ट्रीट लाइट सर्वे और स्थापना कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, जिससे शाम के समय मंडी क्षेत्र में अंधेरा और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पार्किंग स्थलों पर वेंडरों, विशेष रूप से नारियल विक्रेताओं का कब्जा है, जिसे मार्केट कमेटी सचिव का समर्थन प्राप्त प्रतीत होता है। अन्य पार्किंग क्षेत्र पर भी अस्थायी ढांचे और फड़ वालों का कब्जा है, जिससे स्थानीय नागरिकों के लिए पार्किंग असंभव हो गई है। अनेक शिकायतों के बावजूद मार्केट सचिव और प्रशासक पवित्रा सिंह द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वेंडरों को हटाकर अनाज मंडी को नो वेंडर ज़ोन बनाए रखने की योजना पर प्रभावी रूप से अमल नहीं हो पाया है, जिससे लगातार जाम और व्यवधान की स्थिति बनी हुई है।

### समन्वय के अभाव के कारण मंडी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था अत्यंत खराब

नगर निगम और मार्केट कमेटी के बीच समन्वय के अभाव के कारण मंडी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था अत्यंत खराब बनी हुई है, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। मंडी के प्रवेश द्वारों की सौंदर्यीकरण और देखभाल के निर्देशों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पेड़ों की छंटाई भी नहीं की गई है, जिससे वे सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं। मार्केट कमेटी सचिव को बार-बार लिखित शिकायतें देने के बावजूद सीवरेज संबंधी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। मैनहोल से लगातार गंदा पानी बह रहा है, जिससे दुकानों में पानी भर रहा है, माल खराब हो रहा है और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। संजीव चड्ढा ने जल्द इन समस्याओं को हल कराने का आश्वासन दिया।

# चंडीगढ़ कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए कैंडल लाइट मार्च निकाला



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 27 अप्रैल।** पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गई कायराना हरकत के खिलाफ लोगों में दिन-प्रतिदिन गुस्सा बढ़ता जा रहा है और पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्याओं के विरोध में चंडीगढ़ कांग्रेस ने रविवार शाम तीन कैंडल लाइट मार्च निकाले, जिनमें से दो मलोया कॉलोनी और स्मॉल फ्लैट्स में और एक मौली जागरां में सुंदर नगर कॉलोनी में निकाला गया।

मार्च का नेतृत्व चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लकी ने किया, जिन्होंने सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी और पीड़ित परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की। प्रतिभागियों ने आतंकवाद के जघन्य कृत्य की निंदा करते हुए और शांति और एकता का आह्वान करते हुए मोमबत्तियाँ और तख्तियाँ पकड़ी हुई थीं।

सभा को संबोधित करते हुए, एच.एस. लकी ने कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और इसे मानवता पर हमला बताया। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय एकता की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और सरकार से देश के प्रत्येक नागरिक और पर्यटक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'सभ्य समाज में आतंकवाद का कोई स्थान नहीं है। ऐसे अमानवीय कृत्यों के खिलाफ एकजुट होना प्रत्येक भारतीय का सामूहिक कर्तव्य है। आज हम निर्दोष लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हैं, लेकिन हम शांति और भाईचारे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करते हैं।' कैंडल मार्च में सभी क्षेत्रों के लोगों की व्यापक भागीदारी देखी गई, जो अपनी पीड़ा व्यक्त करने और भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई की मांग करने के लिए एक साथ आए। चंडीगढ़ कांग्रेस ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज उठाने और एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण समाज की दिशा में काम करने का संकल्प लिया।

# टंडन ने लोगों के साथ सुनी पीएम मोदी के मन की बात

- आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ 27 अप्रैल।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के 121वें प्रसारण को सीधा सुनने हेतु भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के जिला रानी लक्ष्मी बाई का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता सहित पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर संजय टंडन ने बताया कि कार्यक्रम मन की बात के शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर गुस्सा दिखाते हुए कहा कि इस घटना से पूरा देश दुखी है। आज हर भारतीय का खून खौल रहा है। ये हमला आतंकियों की कायरता को दिखाता है। कश्मीर में शांति लौट रही थी। निर्माण कार्यों में गति आई थी। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी। वहां के लोगों की कमाई बढ़ रही थी। लेकिन आतंकियों को ये रास नहीं आया। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता हमारी लड़ाई का आधार भी है। उन्होंने कहा कि इस घिनौनी घटना से जिस प्रकार से सभी देशवासियों में गुस्सा है,वैसे ही इस प्रकार का गुस्सा पूरी दुनिया में है।

# जय माता किन्नर मंदिर सेक्टर 26 ने पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 अप्रैल।** पहलगाम आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक लोगों में गुस्सा दिख रहा है। निर्दोष पर्यटकों पर हमले को लेकर लोगों का आक्रोश कम होता दिखाई नहीं दे रहा है। लोग मोदी सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त एक्शन की मांग कर रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत पर पूरे देश में गम और गुस्सा है। इसी के चलते सेक्टर 26 स्थित जय माता किन्नर मंदिर की प्रमुख माता कमली की अगुवाई में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कैंडल मार्च निकाल मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जय माता किन्नर मंदिर ने सेक्टर 26 बापूधाम कॉलोनी में एकजुट होकर अपना दुख जताया। मंदिर के अनुयायियों ने आतंकी हमले के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला और 2 मिनट का मौन धारण कर मृत पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी।

जय माता किन्नर मंदिर की प्रमुख माता कमली ने कहा कि यह घटना देश के लिए अत्यंत दुखद और शर्मनाक है। आतंकियों ने धर्म पूछ-पूछकर पर्यटकों की हत्या की, जो मानवता के नाम पर एक कलंक है। भारत में पहली बार इस प्रकार की नृशंसता देखने को मिली है, जहां निर्दोषों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाया गया। ऐसे आतंकी कृत्य में शामिल लोगों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और उन्हें फांसी की सजा दी जाए। उन्होंने समाज के सभी धर्म वर्ग के लोगों से अपील की कि हिन्दू-सिख, ईसाई और मुस्लिम को भूल इंसानियत और आपसी प्यार मोहब्बत की बात करें। सब परस्पर मिलजुल कर रहें और एक दूसरे के सुख दुख के भागी बने।

# बेखौफ पीजी मालिकों ने सील की परवाह किए बिना निर्माण फिर से किया शुरू

## करीब दो महीने पहले नगर परिषद ने वीआईपी रोड पर छह पीजी किए थे सील

- ऐसी कमरों में बैठकर समय बिता कर घर चले जाते हैं अधिकारी, अवैध निर्माणकर्ता धड़ल्ले से करते हैं काम
- पीजी मालिकों व अधिकारियों के कनेक्शन की की जाए जांच: स्थानीय निवासी

अर्थ प्रकाश संवाददाता







**जीरकपुर, 27 अप्रैल।** शहर में अवैध निर्माणकर्ताओं के होंसले इतने बुलंद हो चुके हैं के सील की हुई बिल्डिंग का दुबारा से निर्माण किया जा रहा है। जबकि यह अवैध निर्माण डीसी मोहाली के आदेशों पर सील किए गए थे। लेकिन डीसी मोहाली के आदेशों व नगर परिषद के अधिकारियों को ठेंगा दिखाते हुए बेखौफ अवैध निर्माणकर्ता दिन के उजाले में धड़ल्ले से काम कर रहे हैं। बता दें कि करीब दो महीने पहले नगर परिषद ने वीआईपी रोड पर छह अवैध रूप से निर्माण किए पीजी बिल्डिंगों को सील किया था, जिनमें से दो पीजी मालिकों ने सील की परवाह किए बिना काम करना शुरू कर दिया है। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा डीसी व एडीसी मोहाली को है लेकिन एडीसी मोहाली द्वारा जो लेटर नगर परिषद को भेजा गया है। नगर परिषद के अधिकारी उस पर कार्रवाई करने की बजाए उन आदेशों का पॉजिटिव रप्लाई बनाकर पीजी मालिकों को बचाने में लगे हुए हैं। जबकि यह पीजी मालिक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए तीन, चार व पांच मंजिला बिल्डिंगे बनाकर अवैध रूप से पीजी बना रहे हैं। स्थानीय लोग शिकायतें कर कर के थक चुके हैं। हैरानी की बात तो यह है के जैसे ही स्थानीय निवासी शिकायत करते हैं वह शिकायत पीजी मालिकों तक पहुंच जाती है और वह लोग स्थानीय निवासियों को धमकाने उनके घर पहुंच जाते है। जिसके बाद पीजी मालिक अपनी पहुंच की धौंस दिखाते हुए लोगों को काम पूरा करके दिखाने की धमकी देते हैं। जिससे स्थानीय लोग बेहद परेशान है। लोगों का कहना है के नगर परिषद से लेकर एडीसी मोहाली व डीसी मोहाली और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी इन पीजीओं के खिलाफ लिखित शिकायत की जा चुकी है। लेकिन उनकी शिकायत पर कोई एक्शन नही हो रहा है। लोगों ने सरकार व विजिलेंस विभाग से मांग की है के पीजी मालिकों व अधिकारियों के कनेक्शन की जांच की जाए और अधिकारियों की संपती की जांच की जाए। क्योंकि सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगर परिषद के अधिकारी ही पीजी वालों को इन शिकायतों से बचने के रास्ते दिखा रहे हैं।

वीआईपी रोड से सिंहपुरा को जाने वाली सड़क के आसपास करीब दर्जनों सोसाटियां मौजूद है और यहां पर करीब 7 से 8 पीजी ऐसे हैं जिनमें बिना वेरिफिकेशन के सेंकड़े लडके लड़कियां रहते हैं। जो शाम होते ही बाहर गाड़ियों में बैठकर शराब पीते हैं और हुल्डबाजी करते हैं। जिस से स्थानीय लोगों को बेहद परेशानी का समाना करना पड़ता है और उन्हें अपने ही घरों के आगे पार्किंग नही मिलती।

> जिन लोगों ने सील तोड़कर काम शुरू किया है, उनके लिए हम दो बार एसएसपी मोहाली कानूनी कार्रवाई करने के लिए दो बार लिख चुके है। दुबारा फिर से रिमांइडर दे दिया जाएगा। बाकी जो नए पीजी बन रहे हैं उनके लिए नए कार्यकारी अधिकारी को ज्वाइन करते ही जानकारी दे दी जाएगी।
>
> **सुखविंदर सिंह, एसडीओ नगर परिषद जीरकपुर।**

लोगों ने बताया के जब उन्हें वहां से जाने के लिए बोलते हैं तो वह लोग नशे की हालत में स्थानीय लोगों के साथ झगड़ा करने लग जाते है। उन्होंने बताया की यह लोग गाड़ीयों ने बैठकर अश्लील हरकतें करते हैं, जिस कारण स्थानीय महिलाओं व बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। लोगों ने कहा की जब एक बिल्डिंग सील हो गई है उसका निर्माण कैसे शुरू हो सकता है? इसकी जांच होनी चाहिए। लोगों ने सरकार से मांग की के प्रसाशन को शिकायतें कर थक चुके हैं तो अब अदालत में जाने के इलावा उनके पास कोई रास्ता नही है, अब सरकार से ही उमीद है के वह भ्रष्ट अधिकारियों व अवैध निर्माणकर्ताओं खिलाफ सख्त एक्शन ले।

## डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल पुलिस को फिर बड़ी कामयाबी

# बंद घर को अपना निशाना बनाने वाले शातिर आरोपी को 12 घंटे के भीतर किया काबू

- आरोपी के कब्जे से चोरी किया पूरा समान बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 27 अप्रैल।** यूटी पुलिस का अहम विभाग माने जाने वाले डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए बंद घर को अपना निशाना बनाने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान करण सिंह उर्फ कर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में पूरी रिकवरी कर ली है। डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल पुलिस ने मामले में पकड़े गए आरोपी को थाना मौली जागरा पुलिस को सौंप दिया है। यह सफलता डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल पुलिस को मिली ही। जानकारी के अनुसार पता चला कि पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए सूचना मिली थी कि की घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी एरिया में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल पुलिस के इंचार्ज इंस्पेक्टर जसपाल सिंह भुल्लर की टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुंरत मामले में कारवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर मामले को सुलझा लिया है। इससे पहले डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल पुलिस के इंचार्ज इंस्पेक्टर जसपाल सिंह भुल्लर की टीम ने ब्लाइंड मर्डर मामले को कुछ ही दिनों में सुलझा लिया था और काफी मस्कत के बाद गिरफ्तार किया था।

## पुलिस चौकी बलटाना तथा सुखना चौ के पास डबल सड़क के एक तरफ कर रखा है फर्नीचर के दुकानदारों ने कब्जा

# लोगों को आने जाने में होती है भारी परेशानी

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**जीरकपुर, 27 अप्रैल।** जीरकपुर के बलटाना क्षेत्र में पुलिस चौकी बलटाना के पास सुखना चो के किनारे पर बनी हुई डबल सड़क पर फर्नीचर बनाने वाले दुकानदारों द्वारा किए हुए हैं । अवैध कब्जे के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बलटाना क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटियों जिसमें श्याम नगर, ट्रिब्यून कॉलोनी, हर मिलाप नगर के निवासियों सतनाम सिंह, गुरविंदर सिंह, संजीव पाराशर, नीरज अरोड़ा ,शांति देवी ,विमला देवी, कमला देवी ,राजरानी आदि ने बताया की उनका आने-जाने का मुख्य रास्ता इस फर्नीचर मार्केट में से होकर सुखना चौ के ऊपर से पुलिस चौंकी बलटाना के आगे से ही है जहां पर से वह प्रतिदिन अनेकों बार आते जाते रहते हैं लेकिन जब वह सुखना चौ किनारे बनी हुई डबल रोड पर से गुजरते हैं तो उन्हें कई बार भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है क्योंकि बलटाना से जाने के लिए सड़क का एक तरफ का रास्ता फर्नीचर की दुकानों वालों के द्वारा रोका गया है और उसे सड़क पर ही यह दुकान वाले अपना फर्नीचर बनाने का काम करते हैं और जो जगह बचती है वहां पर अपने वाहन खड़े कर देते हैं ताकि कोई इस रास्ते से ना आ सके। जिसके चलते उन्हें इस सड़क के दूसरे तरफ से जाने को मजबूर होना पड़ता है लेकिन उधर भी एक बड़ी समस्या कूड़े की है सड़क पर ही लगे हुए कूड़े के ढेर के ऊपर अक्सर मवेशी घूमते रहते हैं और कई बार इन मवेशियों की चपेट में आने से दोपहिया वाहन चालक घायल भी हो चुके हैं। उनका कहना है कि नगर कौंसिल की टीम इन दिनों अक्सर फल तथा सब्जी की रेहड़ियों को तो उठाते हुए अक्सर देखी जाती है लेकिन उसे इंफोर्समेंट टीम को इस सड़क पर किया हुआ अवैध कब्जा क्यों नहीं दिखाई दे रहा।

> हमने पहले भी कई बार इस जगह से सामान उठाया है और सड़क को खाली करवाया है लेकिन फिर भी दुकानदारों द्वारा दोबारा से यहां पर अपना कब्जा कर लिया जाता है। आने वाले दिनों में हम लगातार यहां पर कार्रवाई करेंगे और अवैध रूप से किया हुआ कब्जा छुड़वायेंगे।
>
> **अशोक कुमार इंस्पेक्टर नगर कौंसिल जीरकपुर**

सम्पादकीय

# लोकतांत्रिक राजनीति की सफलता विचार की गंभीरता पर निर्भर

नेता विपक्ष राहुल गांधी का यह कहना काफी हद तक सही है कि आज के समय में लोकतांत्रिक राजनीति पूरी दुनिया में मौलिक रूप से बदल गई है। निश्चित रूप से अब सरकारें अपने परम अवतार में हैं और वे अपनी आलोचना सुनना पसंद नहीं करती। बेशक, आज के समय में रचनात्मक आलोचना भी मुश्किल हो गई है। हालांकि बतौर विपक्ष राजनीतिकों के पास गंभीरता से कहने का अवसर होता है और उस बात में सच्चाई है तो इसे स्वीकार भी किया जाएगा। जाहिर है, आज के समय में अगर सरकारों पर लोकतांत्रिक राजनीति को बदलने का आरोप लगेगा तो फिर विपक्ष पर भी सार्थक राजनीति न करने का आरोप जड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक नेतृत्व का पुराना मॉडल अब बदल चुका है और नए तरह का नेतृत्व निर्मित किया जाना चाहिए। वैसे, कांग्रेस की ही बात करें तो उसे गांधी परिवार से बाहर के राजनेता को अपना नेतृत्वकारी बनाने में बरसों लग गए। एक वह भी समय था, जब सीताराम केसरी और अन्य नेता अध्यक्ष बनने की चाह में चुनाव लड़ते थे और पूरी पार्टी की नजर में बागी बन जाते थे। अब भी कमोबेश यही स्थिति है। क्योंकि कांग्रेस अपना अध्यक्ष उसे ही बनाएगी जोकि गांधी परिवार से वफादारी रखता हो, क्या राहुल गांधी यह मानेंगे कि कांग्रेस के अंदर भी लोकतांत्रिक राजनीति नहीं आ सकी है या यह कि यहां बदलाव नहीं हुआ है।

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीते दिनों अनेक ऐसे बयान दिए थे, जोकि आलोचना का विषय बन गए थे। उनका इंडियन स्टेट के खिलाफ जंग लड़ने संबंधी विवादित बयान अचंभित करने वाला घटनाक्रम था। राहुल गांधी अक्सर ऐसे बयान देते रहते हैं, जोकि मोदी सरकार की तीखी आलोचना करने वाले होते हैं, लेकिन वे देश के खिलाफ भी उन बयानों को दे चुके हैं, जो कि राष्ट्र की छवि को क्षति पहुंचाते हुए प्रतीत होते हैं। उन्होंने संवैधानिक संस्थाओं पर कथित कब्जे जैसा बयान देते हुए न केवल भाजपा अपितु इंडियन स्टेट से लड़ाई का ऐलान किया है। अब उनका यह बयान भी चर्चित है कि आज का माहौल विपक्षी दलों को कमजोर करने और मीडिया को कुचलने का है।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीते दिनों अनेक ऐसे बयान दिए थे, जोकि आलोचना का विषय बन गए थे। उनका इंडियन स्टेट के खिलाफ जंग लड़ने संबंधी विवादित बयान अचंभित करने वाला घटनाक्रम था। राहुल गांधी अक्सर ऐसे बयान देते रहते हैं, जोकि मोदी सरकार की तीखी आलोचना करने वाले होते हैं, लेकिन वे देश के खिलाफ भी उन बयानों को दे चुके हैं, जो कि राष्ट्र की छवि को क्षति पहुंचाते हुए प्रतीत होते हैं। उन्होंने संवैधानिक संस्थाओं पर कथित कब्जे जैसा बयान देते हुए न केवल भाजपा अपितु इंडियन स्टेट से लड़ाई का ऐलान किया है। अब उनका यह बयान भी चर्चित है कि आज का माहौल विपक्षी दलों को कमजोर करने और मीडिया को कुचलने का है। निश्चित रूप से सरकार की आलोचना करना विपक्ष का काम है, लेकिन इस आलोचना को आगे बढ़ाते हुए कोई अगर इंडियन स्टेट यानी भारत राष्ट्र के ही खिलाफ जंग का ऐलान करता है तो यह मामला सरकार का नहीं रह जाता। यह मामला संविधान को स्वीकार करने या न करने का हो जाता है। हालिया लोकसभा एवं कई अन्य राज्यों के चुनावों में हार के बाद कांग्रेस ने जनादेश को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। क्या कांग्रेस इस मामले को स्पष्ट करेगी कि आखिर संविधान की प्रतियां लेकर चुनाव लडऩे वाली पार्टी अब इंडियन स्टेट से ही जंग को क्यों तैयार हो रही है। क्या ऐसा इसलिए तो नहीं कि सत्ता से कोसों दूर हो चुकी पार्टी को अब फिर कभी केंद्र की सत्ता में लौटने की उम्मीद नहीं रह गई है। और यही बात उसे साल रही है, जिसके बाद वह इस प्रकार की टिप्पणियों के जरिये अपनी हताशा और निराशा को जाहिर कर रही है।

नेता विपक्ष राहुल गांधी के बयान को सभी ने सुना है। बेशक कांग्रेस जन उनके कहने का भावार्थ यह निकाल रहे हैं कि देश में संवैधानिक संस्थाओं पर कथित रूप से कब्जा हो गया है और अब वे स्वतंत्र नहीं रही हैं। ऐसे में उन्हें कथित रूप से स्वतंत्र कराने के लिए इंडियन स्टेट यानी भारत राष्ट्र के खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी। आजादी के बाद इस देश ने एक ऐसे संविधान को अंगीकार किया है, जोकि प्रत्येक को आगे बढ़ने का अवसर देता है। कांग्रेस को बतौर राजनीतिक दल अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाने, जनमत तैयार करने और चुनाव में उतर कर जनता को प्रेरित कर सत्ता हासिल करने से कौन रोक रहा है। हालांकि पार्टी की नीतियों और उसके नेताओं पर अगर जनता भरोसा नहीं कर रही है तो इसके लिए संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग पर क्यों आक्षेप लगाया जा रहा है। तब यह बात देश को हजम नहीं होती है कि हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हारती है तो जनादेश को अस्वीकार कर दिया जाता है, लेकिन केरल के वायनाड में अगर पार्टी की नेता प्रियंका वाड्रा जीत जाती हैं तो यह पार्टी की बड़ी कामयाबी करार दी जाती है। इसी प्रकार महाराष्ट्र में जब पार्टी हार जाती है तो वहां भी वोट बढ़ाने का आरोप लगा दिया जाता है। जबकि चुनाव आयोग इस पर स्पष्टीकरण देता है, जिसे कांग्रेस की ओर से स्वीकार ही नहीं किया जाता। जाहिर है, यही वैचारिक मंथन लोकतांत्रिक राजनीति को मजबूत बनाता है। भारत की बुनियाद उसका लोकतंत्र है, यह बुनियाद देश को कभी कमजोर नहीं होने देगी। बेशक, होना यह चाहिए कि सभी अपनी भूमिकाओं का निर्वाह ईमानदारी और नियमों में रहकर करें।

# घाटी में बहे बेगुनाह लहू से गुस्से में देश

कश्मीर घाटी में पिछले कुछ वर्षों में सिर्फ परिंदे ही नहीं चहचहा रहे थे, बल्कि देश-दुनिया से आए सैलानी भी यहां की खूबसूरती में अपना सहयोग दे रहे थे..वे भी परिंदे की तरह घाटी के कैनवस को और ज्यादा खूबसूरत बना रहे थे..यह खूबसूरती पाकिस्तान परस्त उन आतंकियों को नहीं देखी गई, जिनके लिए कश्मीर गले की नस की तरह है। अपने गले की इस नस को बचाने के लिए आतंकियों ने बाइस अप्रैल का दिन चुना, और 26 बेगुनाह लोगों का रक्त घाटी की हरियाली चादर पर बिछा दिया..ये प्राकृतिक रंग होता तो धानी कैनवस पर खूबसूरत होता..लेकिन लहू का सुर्ख रंग कभी खूबसूरती का सबब नहीं बनता..वह वीभत्सता का जरिया बनता है..जब किसी बेगुनाह का लहू जब धरती पर गिरता है तो वह क्षोभ और क्रोध का जरिया बन जाता है..बेशक यह लहू सूख जाता है, लेकिन उसकी तासीर मानवता के दिल और दिमाग में कहीं गहरे तक रच जाता है..उसे धरती पर बहाने वाले के लिए वही सैलाब बन जाता है और उस सैलाब में एक दिन उसे बहाने वाले बह जाते हैं।

पहलगाम की धरती पर गिरा खून सूख चुका है..लेकिन वह भारत की असंख्य आंखों में उतर आया है..जब खून किसी की आंखों में उतर आता है तो उसका अंजाम बहुत भयानक होता है..भयानक उसके लिए, जिसकी वजह से वह आंखों में उतर आता है...तब उन आंखों का पानी धीरे-धीरे मरने लगता है और उसकी हर सूखी बूंद से उपजा सैलाब कहर बन कर टूटता है। भारत की असंख्य आंखों की सूख रही बूंदों से वही सैलाब उमड़ने वाला है। बिहार के मधुबनी में प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना कि घाटी में बेगुनाह खून बहाने वालों का पीछा किया जाएगा, उन्हें खोज निकाला जाएगा और दंडित किया जाएगा..दरअसल उसी सैलाब की निशानी है..

अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 का खात्मा होने के बाद घाटी धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगी थी, कुछ पिछली सदी के नब्बे के दशक से पहले की स्थिति में आने लगी थी। घाटी में परिंदों की चहचहाहट के साथ ही सैलानियों के तराने गूंजने लगे थे। इसके साथ घाटी में खुशहाली लौट रही थी। पत्थर थामने और सेना पर उन्हें उछालने वाले हाथों में कहीं पतवार तो कहीं घोड़े की लगाम तो कहीं सैलानियों को राह दिखाने वाले जज्बात आने लगे थे। कश्मीर की कालीनों को एक बार फिर रंग मिलने लगा था, उन्हें कद्रदानों की बाढ़ आने लगी थी...कश्मीर के केसर की रंगत और सुगंध दूर तक फैलने लगी थी..घाटी के मेवे की पहुंच एक बार फिर दुनिया के बाजारों तक होने लगी थी..लेकिन कंगाली के दरवाजे पर खड़ा पाकिस्तान और उसके सैनिक आकाओं को यह खुशहाली पसंद नहीं आई। इसके बाद उन्होंने द रेसिस्टेंस फ्रंट के आतंकवादियों को आगे किया और पहलगाम में 24 भारतीय और दो विदेशी नागरिकों को मौत के घाट सुला



दिया। भारतीय सेना की वर्दी में आए आतंकियों ने पुरूषों से कलमा पढ़ने को कहा। उनके धर्म पूछे और हिंदू बताते ही उनके सिरों को गोलियों से उड़ा दिया। इस कुकृत्य का शिकार बना भारतीय नौसेना का एक लेफ्टिनेंट, जिसकी महज छह दिन पहले ही शादी हुई थी...भारतीय वायुसेना का एक जांबाज, कानपुर का महज दो महीने पहले विवाहित एक जवान। एक मासूम बच्चे के सामने ही उसके पिता का खून बहा दिया गया। इस्लाम के नाम पर की गई इन हत्याओं के बाद आतंकी बोलते हुए चले गए कि मोदी को बता देना कि कश्मीर घाटी में जबरदस्ती बसाए जा रहे लोगों का यह बदला है... महज दो महीने और छह दिनों का सुहाग अपने मासूम आंखों के सामने उजड़ना कैसे बर्दाश्त होगा, उन मासूम लड़कियों के दिलों पर क्या गुजरेगी, इसका ध्यान उन खूनी दरिंदों ने एक बार भी नहीं सोचा। इस्लाम के नाम पर इंसानियत का कत्ल करते वक्त उनके हाथ नहीं कांपे, ट्रिगर दबाने वाली उंगलियां नहीं थरथराई..ऐसे में कैसे माने कि इस्लाम के अनुयायी ऐसे भी हो सकते हैं?

इन मासूस हत्याओं के बाद भारत में उबाल है। भारत इसका बदला चाहता है। भारत ने कुछ कदम उठाए भी हैं। 1960 से लागू सिंधु नदी जल समझौता रोक दिया गया है। अटारी सीमा को बंद कर दिया गया है, भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लौटने को कह दिया गया है। सार्क के सदस्य देशों के लिए मिलने वाला विशेष वीजा रोक दिया गया है। पाकिस्तान के साथ कारोबार थम गया है। पाकिस्तान की जीवन रेखा है सिंधु और उसकी सहायक नदियों से मिलने वाला पानी। इन नदियों का करीब अस्सी फीसद पानी पाकिस्तान को मिलता है। पाकिस्तान के पंजाब और सिंध की खेती इसी पानी के दम पर लहलहाती है। पाकिस्तान के कई शहरों की प्यास भी यही पानी बुझाता है। पहले से कंगाली झेल रहे पाकिस्तान के लिए भारत की ओर से लगे ये प्रतिबंध उसकी परेशानी ही बढ़ाएंगे। दिखावे के लिए पाकिस्तान को भी कुछ कदम उठाने ही थे। उसने भी उठाए हैं, मसलन हवाई सीमा भारतीय विमानों के लिए बंद कर देना और कारोबार रोकना। लेकिन भारत की तुलना में उसकी अर्थव्यवस्था कुछ भी नहीं है। ऐसे में उसकी माली हालत खराब होना स्वाभाविक है। आम भारतीय सिर्फ इन्हीं उपायों से ही संतुष्ट नहीं है। भारत का नागरिक इजरायल की तरह की कार्रवाई का खुलेआम समर्थन कर रहा है। अपने नागरिकों के खून का बदला खून से लेना चाहता है। पुलवामा के बाद जिस तरह भारत सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी, उस तरह के हमले की उम्मीद भारतीय जनता कर रही है। अगर मोदी सरकार ऐसे फैसले लेती है, भारतीय सैनिक अपने नागरिकों के लहू का इंतकाम लेते हैं तो भारतीय लोगों का गुस्से पर पानी पड़ सकता है। लोकतांत्रिक सरकारें जनभावना को समझती हैं, उसके दबाव में भी होती हैं, लेकिन वे जनता की सोच को ठीक उसी तरह जमीन पर नहीं उतार सकतीं। प्रधानमंत्री मोदी की जो कार्यशैली है, उसमें वे क्या करने वाले हैं, इसका अंदाजा लगाना आसान नहीं है। लेकिन एक बात का अंदाजा जरूर लगाया जा सकता है कि लहू का बदला उनकी सरकार अपने तरीके से जरूर लेगी।

कश्मीर घाटी में पहली बार दिख रहा है कि इन हत्याओं के खिलाफ लोग उठ खड़े हुए हैं। यहां की महिलाएं तक बोल रही हैं कि वे सीमा रेखा के पार जाकर पाकिस्तान को सबक सिखाने को तैयार हैं। 1990 के बाद से यह पहला मौका है, जब कश्मीर में भी ऐसे लोग सामने आने लगे हैं, जो कश्मीर को भारत का हिस्सा मानने लगे हैं, ना सिर्फ मान रहे हैं, बल्कि खुलेआम इसे स्वीकार भी कर रहे हैं। आतंकियों के नापाक मंसूबों की भेंट चढ़े नागरिकों को वे अपना बेटा, भाई, बताते नहीं थक रहे हैं। कश्मीर का यह बदलाव बड़ा है। कश्मीरियों को बरसों बाद चहलपहल और समृद्धि की आहट दिखी है.. इसमें ही उन्हें अपनी जिंदगी दिख रही है। वे अपनी जिंदगी जी लेना चाहते हैं और अपने बच्चों को मुकम्मल भविष्य देना चाहते हैं। कश्मीर की एक पीढ़ी ने अपनी जवानी संगीनों के साये में सन्नाटे के बीच गुजार दिया है, उनकी जिंदगी के बड़े हिस्से में पत्थरबाजी, आतंकियों की गोलियों की तड़तड़ाहट और त्रासदी रही है। अब जाकर उन्हें घाटी में सुकून नजर आ रहा था, गोलियों की तड़तड़ाहट की जगह गाड़ियों का हार्न, सैलानियों के गीत गूंजने लगे थे। वे अपने बच्चों को अब यही माहौल देना चाहते हैं। इसीलिए वे खुलकर आतंकियों के खिलाफ बोल रहे हैं।

हालांकि भारत में एक वर्ग ऐसा भी है, जो आतंकियों को परोक्ष रूप से समर्थन कर रहा है। इसमें वामपंथी वैचारिकी के लोगों की अच्छी-खासी संख्या हैं। इन शहरी नक्सलियों को अब एक बड़ा वर्ग मानने लगा है कि ये भारतीय समाज रूपी शरीर के मवाद हैं। इस मवाद को बहाने के लिए सर्जिकल ऑपरेशन की जरूरत है। भारत का लोक इस ऑपरेशन की जरूरत कहीं ज्यादा शिद्दत से महसूस कर रहा है। यह लोकभाव ही है कि मुस्लिम समुदाय की आक्रामक राजनीति करने वाले ओवैसी साहब भी आतंकियों के लिए गालियां निकाल रहे हैं। उन्हें सजा दिलाने की बात कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में जो मासूम लहू बहा है, उसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन यह लहू बेकार नहीं जाएगा। इस लहू ने बताया है कि भारत बदल रहा है, जिसमें अब शहरी नक्सली बर्दाश्त के काबिल नहीं, जिसमें जाहिल आतंकियों की बंदूकों की नोक से लोक नहीं डरता।

## हरियाणा की डायरी: साप्ताहिक कॉलम

# 13 देशों के 27 सदस्यीय शिष्टमंडल का विधान प्रारूपण



लेखकः चंद्रशेखर धरणी
स्वतंत्र पत्रकार

लोक सभा के बाद हरियाणा विधान सभा में बुधवार को 13 देशों के 27 सदस्यीय शिष्टमंडल का विधान प्रारूपण में 36वां अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और मुख्यमंत्री नायब सिंह के साथ बैठक से हुई। इस अवसर पर विधायी प्रारूपण में परस्पर ज्ञान और तकनीकों के साझा करने पर जोर दिया गया। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विधायी कामकाज से जुड़े लोगों के लिए एक दूसरे से ज्ञान और अनुभव को साझा करने से वैश्विक स्तर पर सौहार्द बढ़ेगा और आपसी समन्वय से कानून का शासन सशक्त होगा। विश्व के सर्वांगीण विकास के लिए यह बेहद जरूरी है। इस अवसर पर कार्यक्रम निदेशक डॉ. के.एन. चतुर्वेदी और ग्रुप लीडर श्री अलेजेन्ड्रो निकोलस ने मुख्यमंत्री और विस अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया। मुख्यमंत्री और विस अध्यक्ष को विदेशी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न भी भेंट किए।विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों की दक्षता को बढ़ाएगा। इस दौरान उन्होंने हरियाणा विधान सभा में की जा रही सकारात्मक पहलों का भी जिक्र किया। संसदीय प्रणाली में सुधार के लिए यहां अनेक प्रयोग किए जा रहे हैं। विधायकों और कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। युवा संसदों का आयोजन, सर्वदलीय बैठकें, शून्य काल में सुधार, विधायकों को सार्वजनिक महत्व के मामलों को उठाने के लिए प्रोत्साहित करना और सदन में व्यवस्था बनाए रखना प्रमुख है। इस कार्यक्रम के साथ भी चार युवाओं को जोड़ा गया है।

### प्रवीण अत्रे ने की मनोहरलाल की तारीफ

सी एम के मीडिया सैक्ट्री प्रवीण अत्रे ने बताया 2014 से पहले लोग बिजली के लिए तरसते थे । जहां लोगों गर्मी से हाल बेहाल रहता था वहीं लोगों को खाना खाने के समय भी बिजली नसीब नहीं हो पाती थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 2014 के बाद प्रदेश की सत्ता संभालते ही बिजली के लाइन लॉस को 31 प्रतिशत से 13 प्रतिशत पर लेकर आए। उनके कार्यकाल में एक करोड़ 60 लाख एलईडी बल्ब 2:15 लाख एलइडी ट्यूब व 61 000 पंख लोगों को वितरित किए गए। इसके अलावा 1. 93 हजार नए ट्रांसफार्मर और धरतीपुत्र किसान को और अधिक समृद्ध बनने के लिए 52000 नलकूप कनेक्शन भी दिए गए।उन्होंने बताया कि जो कांग्रेसी प्रदेश की नायब सरकार पर बिजली महंगी करने का आरोप लगा रहे हैं । कांग्रेस के समय में बिजली पर लगने वाले चार्ज कम कर आमजन पर लगने वाला प्रतिमाह 115 रुपए चार्ज भी भाजपा सरकार द्वारा माफ किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 25 यूनिट बिजली खर्च करने पर 68 रुपए देने होते थे । जिन्हें भाजपा सरकार द्वारा घटाते हुए 55 किया गया। इसी प्रकार 50 यूनिट पर 115 रुपए अब 110, 100 यूनिट पर लगने वाले 378 को 245 159 यूनिट पर 603 अब 443, 200 यूनिट पर 828 अब 705, 250 यूनिट पर 1053 अब 968 , 300 यूनिट पर पहले 1316 रुपए चार्ज देना पड़ता था जिसे घटाकर 1230 रुपए करते हुए प्रदेश की जनता को बड़ी राहत देने का काम किया है।

### हरियाणवी मे राम राम व हिसार से रामनगरी के लिए पहली उड़ान

पीएम मोदी की प्रदेशवासियों को हरियाणवी अंदाज में राम राम ने प्रदेशवासियों को आत्म विभोर किया वहीं हिसार एयरपोर्ट से पहली फ्लाइट को राम जन्म भूमि के लिए रवाना कर पीएम ने बहुत ही अनोखा और आध्यात्मिक कार्य किया। हरियाणा जिसे हरियाली का प्रतीक भी कहा जाता है। वही हरि की भूमि मतलब यहां हरि का आना है । पहले में इसके अलावा यमुनानगर की मंत्रा देवी, सरस्वती का उदगम स्थल, संकट मोचन हनुमान, कपाल मोचन, श्रद्धा की त्रिवेणी, धार्मिक रूप में यमुनानगर के औद्योगिक के साथ-साथ आध्यात्मिक इतिहास को याद किया।

### पीएम ने भी बताया यमुनानगर से पुराना नाता

रैली के दौरान जब पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यमुनानगर से उनके विशेष लगाव की बात बताते हुए कहा कि वे संघ के प्रचार होने के दौरान यमुनानगर में कई साल तक कार्य करते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यमुनानगर का जिक्र करते हुए कहा कि वे भी हरियाणा प्रभारी होने के नाते अक्सर समय-समय नगर में आते रहे यहां बहुत से कार्यकर्ताओं के साथ उनका मिलना जुलना होता था।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

# कालका उपचुनाव रद्द

चंडीगढ़। चुनाव आयोग ने हरियाणा के कालका हल्के में आगामी 19 मई को होने वाले उपचुनाव को निरस्त कर दिया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि हरियाणा सरकार ने जो इस क्षेत्र में विभिनन विकास परियोजनाओं की घोषणा की है। उसको मद्देनजर रखते हुए ऐसा किया गया है। हाल ही हरियाणा सरकार ने शिवालिक विकास परिषद के लिए दो करोड़ रुपए जारी किए है तथा सरकार ने मोरनी ताल तथा टिक्कर को जोड़ने की भी योजना बनाई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इससे चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का उल्लंघन होता है। हरियाणा के मुख्य चुनाव आयुक्त के.के. शर्मा ने यह पुष्टि कर दी है कि चुनाव आयोग ने यह फैसला चुनाव के लिए आयोग की ओर से निर्धारित कोड की उल्लंघना करने पर लिया गया है। ज्ञात रहे इन चुनावों में मुख्यमंत्री भजनकाल का सुपुत्र चन्द्रमोहन कांग्रेस के टिकट पर तथा भाजपा की ओर से नरदेव शर्मा चुनाव लड़ रहेथे। पिछले दिनों में मुख्यमंत्री भजनलाल ने चुनाव आयोग से मिलकर अनुरोध किया था कि कालका चुनाव भी नरवाना के साथ करवाये जाएं उसी बाधार पर कालका के चुनाव की नरवान उपचुनावों के साथ 19 मई को करवाने की घोषणा की गई।

## सिपाही सहित 5 घायल

चंडीगढ़। यहां के सेक्टर 38 व 35 चौक के निकट एक मारुति वैन व मारुति कार में टक्कर होने से पुलिस कांस्टेबल सहित 5 लोग घायल हो गये जिन्हें यहां के पीजीआई में दाखिल करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सवेरे सेक्टर 34 के इंस्पेक्टर का ड्राईवर राकेश रसीला जो इस्पेक्टर को लेने उनके घर जा रहा था।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1740: मराठा शासक पेशवा बाजीराव प्रथम का निधन।

1829: यूरोपीय देश नीदरलैंड की संसद ने नये प्रेस कानून को पारित किया।

1910: इंग्लैंड में क्लोड ग्राहम व्हाइट नाम के पायलट ने पहली बार रात में विमान उड़ाया।

1914: अमेरिका में वेस्ट वर्जीनिया के एस्सेल्स इलाके में एक कोयला खदान हादसे में 181 लोगों की मौत।

1932: इंसानों के लिए पीत ज्वर का टीका विकसित करने की घोषणा।

1935: रूस की राजधानी मॉस्को में भूमिगत मेट्रो ट्रेन की शुरुआत।

1937: इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन का जन्म। एक शासक के तौर पर उनका जीवन जितना राजसी और भव्य रहा, उनके जीवन का अंतिम समय और उनकी मौत उतनी ही दुखद और त्रासद रही।

1943: नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी से जापान की अपनी यात्रा के दौरान मेडागास्कर के निकट एक जर्मन पनडुब्बी से जापानी पनडुब्बी में सवार हुए।

1945: इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी, उनकी प्रेमिका क्लारा पेटाची और उसके सहयोगियों की हत्या।


1964: जापान आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) में शामिल हुआ।

1986: सोवियत संघ ने हादसे के दो दिन बाद स्वीकारा कि 25 अप्रैल को यूक्रेन के चेरनोबिल में परमाणु रिसाव हुआ।

1995: दक्षिण कोरिया में मेट्रो में गैस विस्फोट होने से 103 लोगों की मौत।

1996: आस्ट्रेलिया के बंदूकधारी मार्टिन ब्रायंट ने तस्मानिया के पोर्ट आर्थर इलाके में गोलियां बरसाकर 35 लोगों की जान ले ली। इसे उस समय देश के इतिहास में गोलीबारी की भीषणतम घटना बताया गया, जिसके बाद शस्त्र नियमों को कड़ा किया गया।

## बोल ब्यूटीफुल



**सुशांत सरीनः** पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर का कहना सही है कि भारत और पाकिस्तान के सपने और आकांक्षाए समान नहीं है। भारतीयों का सपना अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना, जीवन में आगे बढ़ना है, जबकि पाकिस्तानियों का सपना अपने बच्चों को जिहादी बनाकर दुनिया में आतंक फैलाना है। भारतीयों की आकांक्षा एलन मस्क या मुकेश अंबानी जैसे उद्यमी बनने की है, जबकि पाकिस्तानियों की इच्छा हाफिज सईद जैसे आतंकी बनने की है।

**आदेश रावलः** 'पहलगाम में चुन-चुनकर 26 हिन्दू मारे गए। यह एक भयंकर इस्लामिक आतंकी हमला था। अमेरिका की यह टिप्पणी सबसे दो टूक है। न कोई पखंड और न ही शब्दों के जरिये कोई बौद्धिक धूर्तता की गई है।

# एशिया–अफ्रीका मैत्री का प्रतीक बांडुंग

इंडोनेशिया का खूबसूरत शहर है बांडुंग... बांडुंग की जो चीज लोगों को सबसे ज़्यादा पसंद है, वह है शहर का ठंडा मौसम...शायद इस शहर की ठंडी तासीर ही थी कि शीत युद्ध की गर्मी के खिलाफ अफ्रीका और एशिया के देशों ने ठीक सत्तर साल पहले 1955 में यहां जुटान रखी और दो ध्रुवों में तब बंटी दुनिया की बजाय अपनी अलग राह चुनी। बीते 18 अप्रैल को इस शहर ने एशिया-अफ्रीकी संबंधों और आपसी सहयोग की नई नींव रखने की सतरवीं सालगिरह मनाई है। सत्तर साल पहले इस आयोजन को बांडुंग सम्मेलन कहा जाता है। इसी सम्मेलन के छह साल बाद 1 से 6 सितंबर, 1961 के बीच तत्कालीन यूगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड में गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी गई।

बांडुंग सम्मेलन को विशेष रूप से एशियाई-अफ्रीकी सम्मेलन के नाम से जाना जाता है। यहां के एक नागरिक पोपोंग ओत्जे जुंजुनन ने चीनी समाचार एजेंसी जिन्हुआ से उस सम्मेलन को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि 1955 में जब यह ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था, तब बांडुंग आज के इंडोनेशिया से बिल्कुल अलग तरह का था। इस सम्मेलन में एशियाई-अफ्रीकी देशों ने उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद से मुक्ति की साझा भावना के साथ 29 देशों और क्षेत्रों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और नेता एकत्रित हुए थे। जिसकी अध्यक्षता इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो ने की थी और इसमें एशिया से 23 और अफ्रीका से 6 देश शामिल थे।

इस बीच इंडोनेशिया ने शिक्षा, अर्थव्यवस्था और परिवहन में प्रगति के माध्यम से पिछले सात दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसी दौरान इंडोनेशिया-चीन सहयोग के चलते जकार्ता-बांडुंग हाई-




स्पीड रेलवे चल रहा है। जिसकी वजह से दोनों शहरों की दूरी अब चार घंटे की बजाय महज 30 मिनट में पूरी हो जाती है। पोपोंग ने हाल ही में बांडुंग स्थित अपने घर पर शिन्हुआ को बताया, ‘इसी बांडुंग सम्मेलन के बाद तकरीबन सभी देशों से उपनिवेशवाद ख़त्म हो गया है और अब एशियाई और अफ्रीकी देश आर्थिक और राजनीतिक रूप से अपना पुनर्निर्माण कर रहे हैं। वैश्विक विकास मानवीय संबंधों, विशेषकर सीमा पार संबंधों को लेकर इस सम्मेलन के देश आगे बढ़ रहे हैं। इसकी ही वजह से आज एशिया और अफ्रीका के देश नजदीक आ रहे हैं और उनकी आर्थिकी एक-दूसरे पर निर्भर करती है। बांडुंग में इस बार सिर्फ औपचारिक आयोजन हुआ। लेकिन बांडुंग अब एशिया और अफ्रीका के घने होते रिश्तों का प्रतीक बन गया है।

सम्मेलन के मुख्य सिद्धांत राजनीतिक आत्मनिर्णय, संप्रभुता के लिए परस्पर सम्मान, गैर-आक्रामकता, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना और समानता थे। ये मुद्दे सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए केंद्रीय महत्व के रहे, जिनमें से अधिकांश हाल ही में औपनिवेशिक शासन से उभरे थे। इन्हीं सिद्धांतों को गुटनिरपेक्षता की नीति के मुख्य उद्देश्यों के रूप में बाद में अपनाया गया था।

औपनिवेशिक डच ईस्ट इंडीज काल के दौरान बांडुंग का आधिकारिक नाम बांडोएंग था। बहरहाल 'बांडुंग भावना' दक्षिण-दक्षिण सहयोग की भावना को प्रेरित करती है। इसे इस सम्मेलन के साठवीं सालगिरह पर आयोजित कार्यक्रम में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के 100 से अधिक विकासशील देशों ने भाग लिया था। बांडुंग का महत्व यह है कि यहीं से एशिया और अफ्रीका के साथ लाने की पहल शुरू हुई थी। जैसे-जैसे अफ्रीका और एशिया के देश नजदीक आते जाएंगे, उनकी संस्कृतियां करीब आती जाएंगी, कारोबारी रिश्ते सुदृढ़ होते जाएंगे, वैसे-वैसे इस सम्मेलन का महत्व बढ़ता जाएगा।

# रोहिणी नक्षत्र, सर्वार्थसिद्धि योग, शोभन योग व रवि योग में मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है। इस दिन परशुराम जयंती भी मनाई जाती है। इसे अक्षय तृतीया और आखा तीज कहते हैं। अक्षय यानी जिसका कभी क्षय नहीं होता है। इस तिथि पर किए गए शुभ कामों से मिलने वाला पुण्य कभी खत्म नहीं होता है। ग्रंथों के मुताबिक इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत हुई थी। इस दिन किया गया जप, तप, ज्ञान, स्नान, दान, होम आदि अक्षय रहते हैं। इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। हर वर्ष वैशाख शुक्ल की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाले अक्षय तृतीया के दिन रोहिणी और मृगशिरा नक्षत्र का संयोग है। इस साल अक्षय तृतीया पर बेहद ही शुभ संयोग बनने जा रहा है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ शोभन और रवि योग का संयोग बन रहा है। अक्षय तृतीया पर सर्वार्थ सिद्धि योग पूरे दिन रहेगा। इसके साथ ही लक्ष्मी नारायण राज योग का निर्माण हो रहा है। मान्यताओं के अनुसार इस योग में धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा करने और सोना खरीदने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस दिन किए गए व्रत-उपवास और दान-पुण्य से अक्षय पुण्य मिलता है। अक्षय पुण्य यानी ऐसा पुण्य जिसका कभी क्षय (नष्ट) नहीं होता है। अक्षय तृतीया पर जल का



दान जरूर करना चाहिए। साल में चार अबूझ मुहूर्त आते हैं। इन मुहूर्त में विवाह आदि सभी मांगलिक कार्य बिना शुभ मुहूर्त देखे किए जा सकते हैं। ये चार अबूझ मुहूर्त हैं- अक्षय तृतीया, देवउठनी एकादशी, वसंत पंचमी और भड़ली नवमी। ये चारों तिथियां किसी भी शुभ काम की शुरुआत करने के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी गई हैं। शुभ संयोग और ग्रहों की विशेष स्थिति में अक्षय तृतीया पर दान करने से पुण्य की प्राप्ति होगी। इस दिन जल से भरे कलश पर फल रखकर दान करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिन अबूझ मुहूर्त में किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं।

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया को एक शुभ मुहूर्त और महत्वपूर्ण तिथि माना जाता है। अक्षय तृतीया के त्योहार को आखा तीज कहा जाता है। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर यह पर्व मनाया जाता है। इस तिथि पर सभी तरह के मांगलिक और शुभ कार्य किया जा सकता है। अक्षय तृतीया के दिन खरीदारी करना बेहद शुभ होता है। इसे अबूझ मुहूर्त भी कहा है। इस दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। इसलिए इसे परशुराम तीज भी कहते हैं। इसी दिन भगवान विष्णु ने नर और नारायण के रूप में अवतार लिया था। अक्षय तृतीया धर्म-कर्म के साथ ही दान-पुण्य करने का महापर्व है। इस दिन घर के लिए जरूरी सामान की खरीदारी करने का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के व्रत-उपवास और दान-पुण्य से अक्षय पुण्य मिलता है। अक्षय पुण्य यानी ऐसा पुण्य जिसका कभी क्षय (नष्ट) नहीं होता है। ज्यादा दान न कर सके तो इस दिन कम से कम जल का दान जरूर करना चाहिए। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजें लंबे समय तक खराब नहीं होती हैं। इस तिथि पर सोना-चांदी खरीदने की परंपरा भी है।

**शुभ समय:** अक्षय तृतीया पर सोना खरीदने के लिए शुभ समय 30 अप्रैल को सुबह 5:41 मिनट से लेकर दोपहर 2:12 मिनट तक है। इस दौरान सोने की खरीदारी कर सकते हैं। इसके साथ ही 29 अप्रैल की शाम के भी सोने की खरीदारी कर सकते हैं।

**शुभ योग:** अक्षय तृतीया पर दुर्लभ शोभन योग का संयोग बन रहा है। शोभन योग का समापन दोपहर 12:02 मिनट पर होगा। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन भर है। इस योग में खरीदारी करने से शुभ फल मिलेगा। साथ ही शुभ काम में सिद्धि मिलेगी। रात्रि के समय रवि योग का निर्माण हो रहा है। भगवान परशुराम का भी जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा अक्षय तृतीया के दिन रोहिणी और मृगशिरा नक्षत्र का संयोग है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ शोभन और रवि योग का संयोग बन रहा है। इसके साथ ही लक्ष्मी नारायण राज योग का निर्माण हो रहा है। मान्यताओं के अनुसार इस योग में धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा करने और सोना खरीदने से शुभ फल की प्राप्ति होती है।

**पितरों की तृप्ति का पर्व:** इसी दिन बद्रीनाथ धाम के पट खुलते हैं। अक्षय तृतीया पर तिल सहित कुश के जल से पितरों को जलदान करने से उनकी अनंत काल तक तृप्ति होती है। इस तिथि से ही गौरी व्रत की शुरुआत होती है। जिसे करने से अखंड सौभाग्य और समृद्धि मिलती है। अक्षय तृतीया पर गंगास्नान का भी बड़ा महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करने या घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर नहाने से हर तरह के पाप खत्म हो जाते हैं।

**तीर्थ स्नान और अन्न-जल का दान:** इस शुभ पर्व पर तीर्थ में स्नान करने की परंपरा है। ग्रंथों में कहा गया है कि अक्षय तृतीया पर किया गया तीर्थ स्नान जाने-अनजाने में हुए हर पाप को खत्म कर देता है। इससे हर तरह के दोष खत्म हो जाते हैं। इसे दिव्य स्नान भी कहा गया है। तीर्थ स्नान न कर सकें तो घर पर ही पानी में गंगाजल की कुछ बूंदे डालकर नहा सकते हैं। ऐसा करने से भी तीर्थ स्नान का पुण्य मिलता है। इसके बाद अन्न और जलदान का संकल्प लेकर जरुरतमंद को दान दें। ऐसा करने से कई यज्ञ और कठिन तपस्या करने जितना पुण्य फल मिलता है।

# पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा।** थाना समालखा पुलिस ने झोपड़ी में आग लगा पत्नी की जलाकर हत्या करने के आरोपी पति को शनिवार शाम को चुलकाना गांव से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सारून निवासी शाहपुर सहारनपुर यूपी के रूप में हुई। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है।

थाना समालखा प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना समालखा में इलियास पुत्र फीका निवासी कुंडा सहारनपुर यूपी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसने 5 साल पहले बेटी मोहसिन की शादी यूपी के सहारनपुर के गांव शाहपुर निवासी सारुन से की थी। उनके दो बच्चे है। वह दामाद सारुन के साथ चुलकाना गांव निवासी अशोक के खेत में खरबूजे की खेती के लिए आए थे। खेत में ही परिवार के साथ अलग-अलग झोपडी बनाकर रहते हैं। 16 अप्रैल की रात दामाद सारून ने अपनी झोपड़ी में आग लगा दोनों बच्चों को बाहर निकाल लिया और मोहसिन को वहीं जला दिया। तभी उसकी आंख खुली देखा झोपड़ी में आग लगी हुई थी बेटी मोहसिन को जलते देख उसने बाहर निकाला और समालखा सरकारी अस्पताल में ले गया। जहां मोहसिन की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रोहतक पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान बेटी मोहसिन की मौत हो गई। थाना समालखा में इलियास की शिकायत पर आरोपी सारून के खिलाफ हत्या की धारा के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच करने के साथ ही आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिये थे।

प्रभारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना समालखा पुलिस ने शनिवार को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी सारून को चुलकाना गांव से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने झोपड़ी में आग लगा पत्नी की जलाकर हत्या करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया पत्नी मोहसिन उसके साथ हर रोज छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करती थी और उसका कहना भी नहीं मानती थी। झगड़े के चलते उसने पत्नी की हत्या करने की साजिश रची और 16 अप्रैल की रात अपनी झोपड़ी में आग लगा दोनों बच्चो को बाहर निकाल लिया। जलती झोपड़ी पत्नी मोहसिन के उपर गिर गई। इसके बाद आरोपी ने साथ वाली झोपड़ी में सो रहे अपने ससुर को उठाया और पत्नी को बचाने का नाटक किया ताकि किसी को उस पर शक ना हो। पुलिस ने आरोपी सारून को रविवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करेगी।

# चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के थाना मुरथल की पुलिस टीम ने घर में घुस कर चोरी करने का प्रयास करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी शंकर उर्फ मोंटू पुत्र मुकेश निवासी मुरथल जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि दिनांक 26 को संदीप पुत्र सुरेश निवासी गाव मुरथल जिला सोनीपत ने थाना मुरथल मे शिकायत दी कि दिनांक 25 अप्रैल 2025 को मै व मेरा परिवार रात्रि के समय घर पर सोए हुए थे जो समय तकरीबन 12. 20 मुझे बाहर मेरे मकान मे कुछ आवाज सुनाई दी तो मैने व मेरे परिवार वालो ने बाहर निकल कर देखा तो एक लड़का चोरी करने कि नियत से हमारे मकान के अन्दर घुसा हुआ था जिसको मैनें काबू करके नाम पता पूछा तो उस लड़के ने अपना नाम शंकर उर्फ मोन्टू पुत्र मुकेश गांव मुरथल जिला सोनीपत बताया जिसको मैने पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत थाना मुरथल में अभियोग दर्ज किया गया। थाना मुरथल की अनुसंधान टीम मे नियुक्त उप निरिक्षक नसीम ने घटना में संलिप्त आरोपी शंकर उर्फ मोंटू पुत्र मुकेश निवासी मुरथल जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है।

# सन्त न होते जगत में तो जल मरता संसार

आज हम अपने देश में ही देखें, प्रान्तों में ही देखें, बहुत सारे नारे लग रहे हैं देश प्रेम के, ऐसा दिखाया जा रहा है कि हम बहुत देश प्रेमी है, हमें अपने देश से बहुत प्रेम है लेकिन वास्तव में किस प्रकार वे सिक्कों पर बिकने वाले लोग निकलते हैं। कर्म हो रहा है देश को नुकसान पहुंचाने वाला। इसी प्रकार विश्व में भी यही हालत देखने को मिल रही है। अगर हम नाम को, हरि को विशेषता दें तो दूसरों को बचाने में सभी शक्तियों को, दौलतों को लगायेंगे, जिससे विश्व का कल्याण होगा और अगर ताकतों और दौलतों की प्राप्ति को विशेषता दें तो दूसरों को मिटायेंगे, हुकूमतें प्राप्त करने के लिए दूसरों पर जुल्म करेंगे। अतः अपना भी पतन हो जायेगा। यही अन्तर होता है भावना का। बाकी तो हम देख ही रहे हैं कि जिनको ताकतें प्राप्त हो जाती है, वे क्या-क्या कर गुजरते हैं-

अहले दानिश को इस बात पर हैरानी है।
शहर कागज का है, शोलों की निगेहबानी है।

भाव, अगर शोले कागज की निगेहबानी करेंगे तो वह जल ही जायेगा। इसी प्रकार आम लोग तो पहले ही लड़ने-मरने को तैयार हैं। इन्हें झगड़ों से दूर करने के बजाय अपनी हिर्स (लालच) की पूर्ति के लिए और लड़वाया जा रहा है। किसी को प्रान्त का नारा देकर, किसी को भाषा का नारा



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

देकर, किसी को जाति का नारा देकर लड़वाया जा रहा है। सभी इस आग को बढ़ाने में ही लगे हुए हैं। लेकिन जो सन्तजन-महापुरुष हैं, वे शोलों के रूप नहीं है, ये एक-दूसरे के हृदय में घृणा, नफ़रत नहीं भरते हैं बल्कि इन्हें बचाने का कार्य करते हैं। कहा भी है-

सन्त न होते जगत में तो जल मरता संसार।

आप सन्त ही इस डूबती हुई मानवता को बचा रहे हैं। अगर ऐसी प्रवृत्ति है तो ताकतें भी कल्याण में लगती हैं। राजा जनक है। राजसत्ता है लेकिन महत्ता इस सत्य को, हरि को दे रहे हैं। इसलिए किसी पर जुल्म नहीं कर रहे हैं। इस ढंग से राज्य चलाया जा रहा है जिससे सभी का कल्याण हो, सभी तरक्की करे, सुख प्राप्त करें। ऐसी सत्ता प्राप्त करने में कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि प्राप्त समर्थाएं जन-कल्याण में लग रही है। कहने का भाव, जो इस हरि को, प्रभु को विशेषता देते हैं, वेवास्तव में जीवन यात्रा को सही ढंग से जी पाते हैं। उनका संसार में रहना सार्थक हो जाता है। वे महलों में रहे या झोपड़ी में, निरन्तर सही जीवन जीते हैं तथा संसार को भी एक सही योगदान ही देते हैं। ताकि सभी इन्सान जाग जायें तथा वे भी इस सत्य को ही विशेषता देने लगे। वे भी ऐसी अवस्था को प्राप्त करे जिसके कारण इन्सान का रुतबा बढ़ता है। सन्तों-महात्माओं के मनों मे एक पीड़ा है, मानवता के हित की, एक दर्द है मानव कल्याण का। इसलिए भले ही कठिनाईयों में से क्यों न गुजरना पड़े, अपने इस कर्तव्य को निभाते हैं और मन में यही भव रखते हैं कि हमें हर समय सत्संग का अवसर प्राप्त हो ताकि हम संसार में इस सत्य को उजागर कर सके। परमार्थ की ओर संसार को प्रेरित कर सकें। अज्ञनता के अन्धकार को मिटाकर हम भी उजाला स्थापित कर सकें। ऐसा परोपकार का भाव मन में लेकर सन्तजन-भक्तजन अपना योगदान दिये चले जाते हैं। दातार ऐसी कृपा करे, सभी को सुमति प्रदान करें कि सभी इस निराकार के साथ सत्य के साथ नाता जोड़ने की चाहना रखें और इस चाहत की पूर्ति के लिए सन्तजनों के साथ नाता जोड़े तथा निकल पड़े मानव-कल्याण हेतु। जैसे स्वामी विवेकानन्द जी, जिन्हें पहले नरेन्द्र बाबू कहते थे, ने जब रामकृष्ण परमहंस जी से यह सत्य का ज्ञान हासिल किया।

## पंचांग

सोमवार, 28 अप्रैल, 2025, सूर्योदयः 05:43 ए एम, सूर्यास्तः 06:55 पी एम, चन्द्रोदयः चन्द्रोदय नहीं, चन्द्रास्तः 07:48 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः वैशाख, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः सोमवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः प्रतिपदा - 09:10 पी एम तक, नक्षत्रः भरणी - 09:37 पी एम तक, योगः आयुष्मान् - 08:03 पी एम तक, करणः किंस्तुघ्न - 11:05 ए एम तक, द्वितीय करणः बव - 09:10 पी एम तक, सूर्य राशिः मेष, चन्द्र राशिः मेष - 02:53 ए एम, अप्रैल 29 तक, राहुकालः 07:22 ए एम से 09:01 ए एम, गुलिक कालः 01:58 पी एम से 03:37 पी एम, यमगण्डः 10:40 ए एम से 12:19 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:52 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:45 पी एम से 01:38 पी एम, दुर्मुहूर्तः 03:23 पी एम से 04:16 पी एम, अमृत कालः 05:26 पी एम से 06:50 पी एम, वर्ज्यः 09:02 ए एम से 10:26 ए एम।

## भविष्य फल



**मेषः** मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। आपका मान और यश बढ़ेगा। किसी काम को लेकर आपको सराहना या प्रोत्साहित करने हेतु इनाम दिया जा सकता है।

**वृषः** आज आपको कुछ अनचाहे काम या ऐसे ही फैसले लेने पड़ सकते हैं। माँ या मातृ पक्ष के रिश्तेदारों के साथ आपका रिश्ता बिगड़ सकता है।

**मिथुनः** कई दिनों से आपकी तरक्की में आ रही रूकावटें आज दूर हो जायेगी। वर्क फ्रॉम होम कर रहे कर्मचारियों को ?ेन पर अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**कर्कः** आपका पूरा ध्यान अपने करियर में आगे बढ़ने पर होगा। आप थोड़े मूडी और थोड़े ज्यादा ही संवेदनशील हो सकते हैं।

**सिंहः** आज आप किसी बीमारी से परेशान हो सकते हैं, इसलिए अपने खान-पान पर और अपनी दिनचर्या का ध्यान रखें। मानसिक रूप से तनाव में कमी आएगी।

**कन्याः** आज आपके प्रेम-संबंधों में मजबूती और मिठास आएगी। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे अपयश या लान्छन मिले। नौकरीपेशा जातकों के लिए तरक्की के आसार बन सकते हैं।

**तुलाः** आज अपने व्यापार को नयी गति देने के लिए कोई कोई प्लान बनायेंगे। जिससे आगे चलकर आपके व्यापार की गति बढ़ेगी।

**वृश्चिकः** पद, वेतन या आपके अधिकार बढ़ सकते हैं। नई चीज भी आप सीख सकते हैं। प्रेमी के साथ संबंधों और नजदीकी रिश्तों के मामलों में प्रगति होगी।

**धनुः** सेहत मजबूत रहेगी। विचारों की गंगा से आपका दिल भरा रहेगा, जिससे लोगों की मदद करने को आगे आएंगे।

**मकरः** किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। अपने साथी के दृष्टिकोण से परेशान होंगे, और उनसे समर्थन की उम्मीद करेंगे।

**कुंभः** आज आपका दिन समान्य रहेगा। आज परिवार वालों के साथ समय बितायेंगे। मनोरंजन के लिए घर पर ही बच्चों के साथ कोई गेम खेलेंगे।

**मीनः** आपकी लाइफ में कोई बड़ा बदलाव भी हो सकता है। परेशानियां कम हो सकती हैं।

# पंजाबी पॉप स्टार शहत गिल का न्यू ट्रैक 'बम्ब' रिलीज

**लुधियाना।** पंजाबी पॉप स्टार शहत गिल ने अपने नए गाने 'बम्ब' के साथ संगीत जगत में जबरदस्त हलचल मचाई है। जोश और स्टाइल से भरे इस गाने ने साबित किया है कि शहत किसी भी म्यूजिक ट्रेंड में महारत रखते हैं। जोशीला ट्रैक 'बम्ब' तेज बीट्स और दमदार हुक लाइन के साथ आत्म-प्रेम और आत्मविश्वास के जश्न को बयान करता है। रॉनी और गिल की प्रोड्यूसर जोड़ी द्वारा तैयार किया गया यह गाना शहत की जबरदस्त वापसी दर्शाता है। शहत गिल पहले ही 'हुलारे' और 'एवरीडे' जैसे हिट गानों के जरिए पंजाबी म्यूजिक जगत में अपनी एक मजबूत पहचान बना चुकी हैं। 'बांब' एक बोल्ड और शरारती गाना है, जो खासकर उन लोगों के लिए है जो अपनी गरिमा और मुस्कान को बनाए रखना चाहते हैं। उनकी आवाज़ में एक अद्भुत ऊर्जा है, जो हर पल को जीवित कर देती है। शहत ने बताया कि 'बम्ब' हर उस लड़की के लिए है जो आत्मविश्वासी है और अपनी पहचान बनाना चाहती है। म्यूजिक वीडियो में धमाकेदार विजुअल्स और शहत की अद्वितीय आवाज इसे खास बनाते हैं। गाना 'बम्ब' जल्द ही दुनियाभर के प्लेलिस्ट्स में नंबर वन बनने की उम्मीद लिए और क्लब्स में धमाल मचाने का वादा करता है।

# प्रोजेक्ट हिलदारी के ज़रिए प्रदेश के हिल स्टेशनों को संवार रहा है नेस्ले इंडिया

**धर्मशाला।** नेस्ले इंडिया ने हिमाचल प्रदेश के खूबसूरत शहरों पालमपुर और डलहौजी में प्रोजेक्ट हिलदारी को और मजबूत बनाते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।यह पहल प्लान फाउंडेशन और तकनीकी भागीदार आरईसिटी इंडिया प्रा. लि.के साथ मिलकर चलाई जा रही है।बीते पाँच वर्षों में प्रोजेक्ट हिलदारी ने देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में समावेशी और टिकाऊ कचरा प्रबंधन के मॉडल तैयार किए हैं। पालमपुर में यह प्रोजेक्ट अक्टूबर 2023 में शुरू हुआ और बहुत कम समय में कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में एक मिसाल बन गया है।इस बदलाव में स्थानीय लोगों की भागीदारी और सामूहिक प्रयासों की बड़ी भूमिका रही है। अब तक इस पहल के तहत 12900 घरों,2000 दुकानों और अन्य व्यवसायिक स्थानों को जोड़ा जा चुका है साथ ही यहां हर साल आने वाले करीब आठ लाख पर्यटकों को भी इसका लाभ मिल रहा है। खास बात यह है कि पालमपुर में 82प्रतिशत कचरे को सही ढंग से अलग किया जा रहा है और 85प्रतिशत इलाकों से नियमित रूप से कचरा उठाया जा रहा है। यहां 155 सफाईकर्मियों को प्रशिक्षित कर इस अभियान से जोड़ा गया है।डलहौजी में यह पहल जून 2020 में शुरू हुई थी और अब तक 1219 मीट्रिक टन से अधिक कचरे को लैंडफिल में जाने से रोका गया है। यहां भी 82प्रतिशत कचरे का स्रोत पर ही अलगाव सुनिश्चित किया जा रहा है और 20 सफाईकर्मियों को इससे जोड़ा गया है।

# सीएम विंडो, एसएमजीटी व समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें निवारण: डॉ. मनोज कुमार

लंबित शिकायतों का समयबद्धता के साथ करवायें समाधान, अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान हो इसी उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा सीएम विंडो, जनसंवाद, एसएमजीटी पोर्टल तथा समाधान शिविरों की शुरूआत की है ताकि लोगों को अपनी शिकायतों का समाधान करवाने का एक मंच मिल सके। इसलिए इन पोर्टलों पर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्धता के साथ निवारण करें ताकि लोगों को समस्याओं से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि शिकायत का निवारण करने के साथ ही पोर्टल पर अपनी एटीआर अपडेट करवायें। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी और लापरवाही करने वाली अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने रविवार को कैंप कार्यालय में सीएम विंडो, जनसंवाद, एसएमजीटी तथा समाधान शिविर से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में



उन्होंने सभी विभागों के पेंडिंग शिकायतों की क्रमानुसार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो विभाग अपने से संबंधित शिकायत पर जो भी कार्रवाई करता है उसकी एटीआर अवश्य अपलोड करें। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि संबंधित शिकायतों की अधूरी एटीआर भेजने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम खरखौदा डॉ. निर्मल नागर, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, सीटीएम डॉ. अनमोल, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, तहसीलदार सोनीपत जीवेन्द्र कुमार, तहसीलदार खरखौदा मनोज कुमार, पीडब्ल्यूडी विभाग से एक्सईएन पंकज गौड सहित सभी बीडीपीओ व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल इंक ने नैस्डैक में किया प्रवेश

**शिमला।** विश्वस्तरीय मंच पर भारतीय मेडिकल टेक्नोलॉजी में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए स्वदेशी एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के निर्माता एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल को नैस्डैक पर सूचीबद्ध किया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 25 अप्रैल 2025 से ट्रेडिंग शुरू हो जाएगी कंपनी के शेयर्स को टिकर सिंबल एसएसआईआई के तहत सूचीबद्ध किया जाएगा।एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में प्रभावशाली आर्थिक विकास दर्ज किया इस अवधि के दौरान कंपनी का राजस्व जो पिछले साल 5.9 मिलियन डॉलर था वह 3.5 गुना बढ़ोतरी के साथ 20.6 मिलियन डॉलर के आंकड़े पर पहुंच गया। इसी तरह ग्रॉस मार्जिन भी 2023 में 12.3 फीसदी था जो बढ़कर 40.9 फीसदी पर पहुंच गया। ये आंकड़े कंपनी के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और मार्केट में बढ़ती मौजूदगी को दर्शाते हैं। इसके अलावा एसएस इनावेवेशन्स इंटरनेशनल ने अपने चिकित्सकीय रूप से मान्य तथा पेटेंट प्राप्त एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के साथ उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है जिसे देश भर के 75 स्थानों पर स्थित 80 अस्पतालों में इंस्टॉल किया जा चुका है। साथ ही कंपनी नेपाल, इक्काडोर, ग्वाटेमाला, फिलिपीन, इंडोनेशिया, श्रीलंका, यूक्रेन सहित कई देशों में अपने फुटप्रिन्ट का विस्तार कर रही है। एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम किफायती समाधान उपलब्ध कराकर आधुनिक रोबोटिक सर्जरी को बड़ी संख्या में मरीजों की पहुंच में लाया है।

# हल्के में धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा।** हल्के के गांव पट्टीकल्याणा भगवान परशुराम युवा मंडल व समस्त ग्रामीणों के सहयोग से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर की। आयोजनकर्ताओं ने कार्यक्रम में पहुँचने पर नवीन जयहिंद, हरि पकाश शर्मा, विनोद शर्मा पनीपत का फूलमालाओं से पटका पहनाकर स्वागत किया। नवीन जयहिंद ने बताया कि ब्राह्मण समाज समाज को संस्कृति और संस्कार को मानने वाला समाज है। परशुराम भगवान किसी एक विशेष के नहीं 36 बिरादरी के हैं । समाज को एक जुट होकर समाज के प्रति सेवा



भाव रखना चाहिए। विशेषकर युवा वर्ग से आह्वान किया कि वह शिक्षा के प्रति सजग रहकर देश उत्थान में अपनी अहम भूमिका निभाए। साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के धनी थे। उन्होंने भगवान परशुराम के आदर्शों को अंगीकार करने की सलाह दी।

पहलगाम अटैक पर बोले नवीन जयहिंद-

अबकी बार आरपार की लड़ाई हो जानी चाहिए। ऐसे तो नुकसान होते रहेंगे। किसी नेता का तो बेटा जाता नहीं है।आतंकवादी तो ऐसे आते रहेंगे और मारते रहेंगे। ऐसे में आतंकवादियों पर जो भी कार्रवाई जरूरी है। धर्म पूछपूछ कर ये हत्याएं की गई। मुझे लगता है कि किसी का धर्म पूछकर इस तरह हत्या करना कायरता है निहत्थे और निर्दोष लोगों के ऊपर अटैक करना यह तो मुझे लगता है कि किसी धर्म में या किसी सेना या किसी देश के कानून में नहीं लिखा होगा। निर्दोष लोगों को उनके बच्चों व पत्नियों के सामने मारा गया है इससे घटिया कोई बात हो नहीं सकती। ये बहुत ही बड़ा एक नरसिंहार हुआ है। इस अवसर पर मोनू रावण सलवानिया, सोनू भारद्वाज, सुनील शर्मा पट्टीकल्याण, मोनू डिकाडला, जयकुवार, विनीत शर्मा, मनीष शर्मा, संजीव वशिष्ट, लोकेश शर्मा, पार्षद अजय शर्मा, पार्षद हरिओम शर्मा, विनोद शर्मा, शंकर शर्मा, सूरत शर्मा, सोनू शर्मा छदीया, भगतां शर्मा, अमित शर्मा, संजय हथवाला, रणदीप, अर्जुन, कर्मवीर,कृष्ण पहलवान सैकड़ो महिलाएं आदि मौजूद रही।

# सट्टा खाईवाली करते छह आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने सट्टा खाईवाली करते रंगे हाथो छहः आरोपियों को गिरफ्तार करके कुल 5410 रूपये बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ जुआँ अधिनियम के अन्तर्गत थाना शहर गोहाना में अभियोग दर्ज किया गया। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 26 को थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही सुनील अपनी पुलिस टीम के साथ बराये गश्त पड़ताल जुराईम पानीपत चुंगी गोहाना पर मौजूद था कि खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि लल्लु सिंह पुत्र रामस्वरूप, गंगाराम पुत्र हुलासी, मुकेश पुत्र हरिराम, करतार पुत्र जगदीश, पुजारी पुत्र नन्हेलाल, प्रेमपाल पुत्र शिवदयाल वासियान दरियापुर, गोहाना, ड्रेन न. 8 की पटरी पर बाबा लक्ष्मणपुरी डेरा की तरफ दरियापुर कालोनी से आगे ताश के पत्तो द्वारा रकम दांव पर लगाकर जुआँ खेल रहे है अगर तुरंत रेड की जावे तो काबू आ सकते है जो प्राप्त सुचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौका के पास जाकर घास-फुस पेड़ की आड़ लेकर देखा और सुना कि 5-6 लड़के अपने-अपने हाथो मे ताश लिये हुए जुआ खेल रहे है और एक दुसरे को 500-500 रुपये की चाल कहकर खेल रहे थे पुलिस टीम द्वारा सभी को काबू करके नाम पता पूछा तो पहले ने अपना नाम लल्लु सिह पुत्र रामस्वरूप उत्तर प्रदेश, गंगाराम पुत्र हुलासी उत्तर प्रदेश, मुकेश पुत्र हरिराम निवासी उत्तर प्रदेश, करतार पुत्र जगदीश निवासी उत्तर प्रदेश, पुजारी पुत्र नन्हेलाल उत्तर प्रदेश व प्रेमपाल पुत्र शिवदयाल उत्तर प्रदेश के रहने वाले है।

# पंचकूला से अचानक गायब हुई 2 किशोरियों समेत 5 युवतियां

## पार्लर गई युवती और पार्क घूमने गई दो किशोरियां नहीं लौटी घर

बुढनपुर से युवती और इंदिरा कॉलोनी से विवाहिता का अता-पता नहीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। शहर में पिछले तीन दिनों में दो किशोरियां, दो युवतियां और एक विवाहिता अलग अलग हिस्सों से अचानक गायब हो गईं। पीड़ित परिवारों ने बेटियों की तलाश की लेकिन उनका कई घंटों के बाद न तो पुलिस को सुराग मिल सका और संपर्क भी नहीं हो पाया। पुलिस सभी की तलाश में मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी कैमरे, डंप डाटा की मदद ली जा रही है साथ ही स्थानीय लोगों से गायब हुई किशारियों, युवतियों और महिला के हुलिए के आधार पर पूछताछ की जा रही है। अमरावती चौकी पुलिस को शिकायत में पीड़ित पिता ने बताया कि वह महादेव कालोनी सूरजपुर में रहते हैं। उनकी छोटी बेटी काजल की उम्र 25 साल है। उसने पार्लर का काम सीखा हुआ है। बेटी बीती 24 अप्रैल को शाम 6 बजे किसी के घर मेंपार्लर का काम करने के बारे कह कर घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। युवती का मोबाइल भी बंद आ है। हालांकि, परिवार ने बेटी की रिश्तेदारों और हर जगह तलाश की लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं मिला।

### भैंसा टिब्बा में पार्क गई दो किशोरियां नहीं लौटी

माता मनसा देवी मंदिर के नजदीक बसे गांव भैंसा टिब्बा की रहने वाली दो किशोरियां अचानक गायब हो गई। एक किशोरी के पिता ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल की रात करीब 8.10 बजे उनकी 16 साल की बेटी अंजली अपनी 17 साल की सहेली राखी के साथ मिल कर पार्क सेक्टर 6 गई थी। वहां जाने के बाद दोनों अचानक गायब हो गई। परिवार ने उनके घर लौटने की काफी तलाश की लेकिन नहीं मिलीं। एमडीसी थाना पुलिस ने किशोरियों के हुलिये के आधार पर जांच शुरू की। सीसीटीवी कैमरों के जरिए पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है।

### बुढनपुर से गायब हुई 19 साल की युवती

उधर, बुढनपुर से भी 19 साल की युवती के अचानक गायब होने की सूचना है। सेक्टर 16 पुलिस चौकी को मिली शिकायत में भाई ने पुलिस को बताया कि उनके घर में बड़ा भाई जो लकवा का मरीज है, मां और छोटी बहन मुस्कान रहते हैं। बहन की उम्र करीब 19 साल है। बीती 24 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे उसकी बहन घर से गई थी लेकिन नहीं लौटी। उसकी काफी तलाश की गई। पुलिस ने केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी।

### इंदिरा कालोनी से गायब हुई विवाहिता

सेक्टर 16 चौकी के अंतर्गत आने वाली इंदिरा कॉलोनी से एक 25 साल की विवाहिता के अचानक गायब होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस को व्यक्ति ने बताया कि वह एक बैंक में पीयन है। रोजाना की तरह वह शनिवार को डयूटी पर चला गया था। इस दौरान 25 वर्षीय पत्नी शीतल उसे बिना बताए घर से चली गई।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता




पंचकूला। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला के सेक्टर-18 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस मौके पर हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, कार्तिकेय शर्मा, श्री सुरेंद्र नागर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मालिकाना हक दो, प्रॉपर्टी टैक्स लो : कृष्णलाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं सेक्टर-26 स्थित रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कृष्णलाल ने नगर निगम आयुक्त तथा निगम के सभी पार्षदों से जनहित में मांग की है कि नगर निगम की 30 अप्रैल को प्रस्तावित बैठक में एक अहम प्रस्ताव पारित किया जाए कि चंडीगढ़ की सभी कॉलोनियों में जब तक निवासियों को उनके मकानों का मालिकाना हक प्रदान नहीं किया जाता और प्रशासन द्वारा मकानों की कीमतें निर्धारित नहीं की जाती, तब तक इन कॉलोनीवासियों पर प्रॉपर्टी टैक्स न वसूला जाए। उन्होंने कहा कि आज तक कॉलोनीवासियों को उनके मकानों का मालिकाना हक नहीं दिया गया है। इस कारण मकानों की रजिस्ट्री निवासियों के नाम नहीं हो पा रही है। प्रशासन द्वारा मकानों की कीमतें भी तय नहीं की गई हैं।बैंक भी इन संपत्तियों पर लोन देने से मना कर देते हैं, क्योंकि दस्तावेजों में मालिकाना हक प्रमाणित नहीं है। किसी भी सरकारी या गैर-सरकारी संस्थान में गारंटी के रूप में इन मकानों को प्रस्तुत नहीं किया जा सकता।

# सब इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह होंगे पुलिस चौंकी बलटाना के प्रभारी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर। बलटाना पुलिस चौकी के प्रभारी सतनाम सिंह का यहां से तबादला हो गया है उनकी जगह पर सब इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह बलटाना पुलिस चौकी के नए प्रभारी के तौर पर ज्वाइन कर चुके हैं। उन्होंने पदभार संभालते समय बातचीत करते हुए कहा के उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी के क्षेत्र में नशे का खात्मा कैसे करना है उन्होंने कहा कि किसी को भी इस क्षेत्र में नशा करने अथवा नशा बेचने की कोई इजाजत नहीं दी जाएगी ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशा करने तथा बेचने वाले की सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र में स्थित विभिन्न सोसाइटियों में जाकर मीटिंग आयोजित करेंगे और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करेंगे। सब इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह ने आगे कहा के क्षेत्र में रहने वाले किराएदारों की सौ प्रतिशत पुलिस वेरिफिकेशन यकीनी बनाई जाएगी। पुलिस वेरीफिकेशन न करवाने वाले मकान मालिक के खिलाफ भी बनती कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो भी सख्त कदम उठाने की जरूरत पड़ेगी उसे उठाने में गुरेज नहीं करेंगे।

# डीआरएम ऑफिस भेज रहा नोटिस, पार्किंग कांट्रेक्टर फिर भी काट रहा पर्ची

रेलवे स्टेशन पर पंचकूला साइड पार्किंग में मनमानी से लोग परेशान

अर्थ प्रकाश संवाददाता




पचकूला। भारत सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के निर्माण के बीच पार्किंग कांट्रेक्टर की मनमानी सामने आई है। पंचकूला साइड अभी पार्किंग पूरी तरह फंक्शनल भी नहीं हुई है और कान्ट्रेक्टर ने वाहन चालकों से दाम भी वसूलने शुरू कर दिए हैं। बकायदा पार्किंग में पंचकूला की तरफ से आने वाले वाहन चालकों के लिए पार्किंग फीस के भुगतान के लिए रेट लिस्ट भी लगा दी गई है। हालांकि, हैरानी की बात यह है कि अंबाला डीविजनल मैनेजर ऑफिस शिकायत मिलने के बाद कान्ट्रेक्ट रद्द करने की चेतावनी देकर फीस वसूली को बंद करने की हिदायत दे चुका है मगर फिर भी कान्ट्रेक्टर बेधड चालकों से वाहन चालक पार्किंग फीस वसूल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन की साइड पर वाहन चालकों को पहले 10 मिनट तक फ्री पार्किंग सुविधा दी जा रही है, जबकि पंचकूला साइड ऐसी कोई सुविधा न होकर वाहन चालक से सीधा 40 रूपए वसूल किए जा रहे हैं। यहां साइकिल चालक से 2 घंटों के 5 रूपए, इससे ऊपर 6 घंटे तक 10 रुपए और 24 घंटों के 25 रुपए के हिसाब से वसूल किए जा रहे हैं। दोपहिया वाहन की बात करें तो हर दो घंटे के हिसाब से 10 रुपए, 6 घंटे के 15 और 12 घंटे के 20 रूपए के बाद 24 घंटे बीतने पर 30 रुपए जबकि नॉन कमर्शियल कार की पार्किंग में 2 घंटे के लिए एंट्री 25 रुपए के साथ और फिर 6 घंटे बीतने पर 30 रुपए और 12 घंटे के बाद 35 और 24 घंटों के बाद 40 रूपए के हिसाब से वसूल किया जा रहा है। सेक्टर 16 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव सुभाष पपनेजा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाए जा रहे रेलवे स्टेशन पर पार्किंग ठेकेदार की मनमानी से ट्राइसिटी के लोग परेशान हैं। यदि चंडीगढ़ में कान्ट्रेक्टर ने नियम व शर्तें लागू की हैं उसी प्रकार पंचकूला में भी नियम व शर्तें लागू होनी चाहिए। 1000 रूपए में मंथली पास इंडियन रेलवे पंचकूला साइड की तरफ लगाए गए पार्किंग फीस के नोटिस बोर्ड के मुताबिक 1000 रूपए का मंथली पास कान्ट्रेक्टर द्वारा दिया जा रहा है। जबकि साइकिल का 200 रुपए, टैक्सी या ग्रीन या येलो नंबर प्लेट लगे वाहनों का मंथली पास 3000 रुपए में, टूरिस्ट या प्राइवेट बस पार्क करने पर मंथली पास 15 हजार रूपए, ऑटो रिक्शा का 1200 रुपए में मंथली पास बनाया जा रहा है।

### क्या कहते हैं डीआरएम

डीआरएम अंबाला की तरफ से कहा जा रहा है कि इस लापरवाही के लिए कान्ट्रेक्टर को नोटिस भी जारी किया गया। बीती 20 अप्रेल को इस संबंध में संयुक्त रिपोर्ट भी दी जा चुकी है जिसमें पार्किंग कांट्रेक्टर को एंट्री और एग्जिट पर पार्किंग की पर्चियां काटना बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी शो कॉज नोटिस भेजा गया है। डीआरएम के मुताबिक अब यह मामला संबंधित विभाग को आवश्क कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है।

# सरकारी अस्पताल कालका में ड्रग अवेयरनेस व ट्रीटमेंट कैंप का आयोजन



अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। कालका के सरकारी अस्पताल में ड्रग अवेयरनेस व ट्रीटमेंट कैंप का आयोजन किया गया। पुलिस आयुक्त पंचकूला के द्वारा गठित की गई टीम ( एस आई सतीश कुमार , एल /सी टी नीलम, ई ए/एसआई सुरेश, एसपीओ जशविंदर सिंह तथा डॉ मनोज साइकेट्रिस्ट ,व लीनिकल साइकोलोजिसट अन्नू बंसल सोशल साइकोलोजिस्ट अंकिता चौधरी उनकी टीम के सहयोग से? सरकारी हस्पताल कालका में ड्रग अवेयरनेस व ट्रीटमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे कैंप में आसपास के लगभग 40/50 लोगों ने भाग लिया। लोगों को नशे से दूर रहने तथा समाज में फैल रहे नशे की बुराइयों के बारे में जागरूक किया गया व दवाई दिलाई गई । पुलिस आयुक्त पंचकूला द्वारा गठित एन्टी ड्रग अवेयरनेस टीम के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस आयुक्त पंचकूला के निर्देशानुसार जिला पंचकूला में कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह का नशा करने का आदि है और वह नशा छोड़ना चाहता है तो पुलिस द्वारा गठित की गई टीम उस व्यक्ति का नशा छुड़वाने में हर संभव प्रयास व मदद करेगी । जिला पंचकूला को नशा मुक्त करवाना पुलिस का उद्देश्य है । इसके अलावा कोई भी सामाजिक कार्यकर्ता या सोशल वर्कर नशा छुड़वाने में पुलिस की मदद करना चाहता है या पुलिस की मदद चाहता है,तो पुलिस द्वारा गठित की गई टीम हर समय जिला पंचकूला को नशा मुक्त करवाने के लिए तत्पर है। एसीपी कालका व एसएचओ कालका ने टीम की सरहाना की।

# पहलगाम की घटना के दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए हवन यज्ञ संपन्न



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। गायत्री मानस चेतना केंद्र सारंगपुर चंडीगढ़ में आज साप्ताहिक हवन यज्ञ संपन्न हुआ और पहलगाम के दुखद घटना के दिवंगत आत्माओं को परम शांति हेतु आहुतियाँ दी गयी। पर्यावरण सेवक प्रभुनाथ शाही ने बताया कि गायत्री परिवार के मुख्य समन्वयक प्रकांड विद्वान आचार्य प्रकाश चंद शर्मा ने विधिवत यज्ञ संपन्न कराए और जीवन में यज्ञ की महता के साथ अक्षय तृतीया के विशेष महत्व को बताते हुए भगवान परशुराम के बारे में भी जानकारी दिए।

गायत्री मानस चेतना केंद्र के मुख्य व्यवस्थापक यशपाल तिवारी ने इस हवन यज्ञ में सम्मिलित गायत्री परिवार ट्रस्ट,जय मधुसूदन जय श्रीकृष्ण फाउंडेशन और श्री नर्मदेश्वर महादेव शिव मंदिर के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ किए जा रहे फैसले को उचित ठहराते हुए सभी से एकजुटता का आह्वान किए।

# मानव मंगल स्मार्ट वर्ल्ड में स्कूल कैबिनेट की नियुक्ति



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** मानव मंगल स्मार्ट वर्ल्ड में स्कूल की कैबिनेट की नियुक्ति की गई। स्कूल सभागार में औपचारिक समारोह आयोजित किया गया। हेड बॉय, हेड गर्ल, खेल कप्तान, खेल उप कप्तान, अनुशासन प्रभारी और प्रीफेक्ट्स के साथ कप्तान और चार घरों के उप कप्तान - ग्रीन चैंपियंस, ग्रीन एसर्स, ग्रीन मार्वल्स और ग्रीन क्रूसेडर्स ने अपनी शपथ ली। प्रीफेक्ट्स के कर्तव्यों की पांडुलिपि सभी कैबिनेट सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई।

युवा नेताओं ने स्कूल के नियमों का पालन करने और अपने कर्तव्यों का पालन करने की औपचारिक शपथ ली। निष्ठा के साथ शपथ ग्रहण समारोह के बाद हेड गर्ल सुश्री दीप्ति शर्मा ने भाषण दिया। सौंदर्या सिंह और हेड बॉय - मिस्टर गौरीश। उन्होंने इसके लिए अपना आभार व्यक्त किया, उन्हें जिम्मेदारी सौंपी और छात्रों की सेवा के लिए अपनी प्रतिबद्धता साझा की और स्कूल की बेहतरी के लिए काम करना। यह सभी छात्र नेताओं के लिए गर्व का क्षण था और यह समारोह सत्र 2025-26 के लिए मानवियों के नेतृत्व कौशल को तेज करने की यात्रा का एक प्रारंभ था। सभी छात्र समारोह का अनुभव करने के लिए खुश और उत्साहित थे और छात्र नेता भी उत्साहित थे। साथी छात्रों द्वारा उत्साहवर्धन, तालियाँ बजाकर तथा समर्थन हेतु प्रतिबद्धता के साथ प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित स्कूल कैबिनेट सदस्यों के माता-पिता गर्व से मुस्कुरा रहे थे। उन्होंने इस महत्वपूर्ण क्षण को अपने बच्चों के साथ साझा करते हुए खुशी व्यक्त की। श्रीमती अनीला किंडर, स्कूल के प्रधानाचार्य ने नवनियुक्त कैबिनेट सदस्यों से मूल्यों को बनाए रखने को कहा। संदीप सरदाना, स्कूल के निदेशक ने कहा कि यह समारोह विश्वास और आस्था का प्रतीक है। यह अपने युवा नेताओं को स्थान देता है और बच्चों को प्रभावित करने, प्रेरित करने का अवसर प्रदान करता है।

# खेत में पड़े अवशेष में लगी भीषण आग, कट चुकी थी गेहूं

गांव बागवाली में फायर ब्रिगेड की मुस्तैदी से टला हादसा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। रायपुरानी ब्लॉक के गांव बागवाली में एक खेत में पड़े अवशेष में अचानक आग गई। हालांकि इस घटना में जन हानि नहीं हुई। गेहूं के बचे हुए अवशेष में आग लगी थी।

दमकल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यदि थोड़ी भी देरी होती, तो आग अन्य खेतों तक फैल सकती थी, जिससे व्यापक नुकसान हो सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को जिस समय यह हादसा हुआ तब तक किसान पंकज गेहूं की कटाई कर चुका था। आग इतनी भीषण थी कि लपटें एक एकड़ में फैल गई और कुरड़ी गांव की सीमा तक पहुंच गई, जिससे आसपास के खेतों और फसलों को भी खतरा उत्पन्न हो गया। लपटों को देख लोगों में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही पलों में यह एक एकड़ क्षेत्र में फैल गई।

ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए आग पर काबू पाने का प्रयास किया और साथ ही दमकल व विभाग को सूचित किया। जिसके बाद दमकल विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मेहनत से आग को नियंत्रित किया।

### गेहूं की कटाई के बाद छोड़ी पराली

बताया जा रहा है कि जिस खेत में आग फैलना शुरू हुई वहां गेहूं की कटाई के बाद पड़े पराली के अवशेष को लपटों ने चपेट में ले लिया। इससे आग और भड़क गई। पराली अत्यधिक ज्वलनशील होती है, जो अक्सर अनजाने में गिरने वाली चिंगारी से भी आग पकड़ सकती है।

### आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं

दमकल विभाग का आग हुई क्षति का अनुमान लगाया जा रहा था। वहीं आग लगने की असली वजह सामने नहीं आई। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि यह किसी की शरारत भी हो सकती है। जिसकी यह तक जाने के लिए प्रशासन की तरफ से जांच शुरू कर दी गई है।

### प्रशासन ने की ग्रामीणों से अपील

पंचकूला प्रशासन ने ग्रामीणों खासतौर पर किसानों से अपील की है कि वे खेतों में बची पराली को तकनीकी सहायता से नियंत्रित करें। इस प्रकार की घटनाओं से बचाव के लिए किसानों को आग से बचाव के उपायों को अपनाने की सख्त आवश्यकता है।

# राजकीय महाविद्यालय कालका में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर कार्यशाला



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** राजकीय महाविद्यालय कालका में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायिका कालका विधानसभा शक्तिरानी शर्मा ने शिरकत की। प्राचार्या डॉ. गीता सुखीजा ने मुख्य अतिथि और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव सशक्त भारत के लिए एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है, जिससे देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। कार्यक्रम में बंतो कटारिया , श्याम लाल बंसल, अध्यक्ष नगर परिषद कालका कृष्ण लाल लांबा, आशीष गुलेरिया, भवनजीत सिंह और राजकुमार शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के प्रभारी डॉ. गुलशन कुमार और राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुनीता चौहान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कॉलेज काउंसिल के सदस्य, टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति में असिस्टेंट प्रोफेसर सीमा, असिस्टेंट प्रोफेसर जगपाल और डॉ. कविता शामिल थे।

# पार्किंग को लेकर हुई बहस के बाद जोमैटो से खाना सप्लाई करने वाले लड़कों ने सिक्योरिटी गार्डों पर हमला कर किया घायल

घायलों को उपचार के बाद अस्पताल से मिली छुट्टी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर। जीरकपुर के सिंहपुर चौक के पास स्थित ला प्रिज्म माया गार्डन सोसाइटी में बीते कल कुछ अज्ञात युवाओं द्वारा कॉलोनी के सिक्योरिटी गार्ड्स पर हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में सोसाइटी के दोनों सिक्योरिटी गार्ड घायल हो गए थे जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था और बीते कल शाम को उपचार के बाद दोनों घायलों को अस्पताल द्वारा छुट्टी दे दी गई थी।

जानकारी के अनुसार 34 वर्षीय विशाल निवासी वैशाली एनक्लेव फेज 1 बलटाना तथा 50 वर्षीय बलविंदर निवासी रायपुर खुर्द बहलाना जो की सिंहपुर चौक में स्थित ला प्रिज्मा नमक सोसाइटी में बतौर सुरक्षा कर्मी काम कर रहे हैं। पीड़ितों के अनुसार शुक्रवार को जोमैटो से खाना सप्लाई करने वाले एक लड़के के साथ पार्किंग को लेकर कुछ कहा सुनी हो गई उसे समय वह लड़का वापस चला गया। इसके बाद शनिवार को तीन चार मोटरसाइकिलों पर सवार होकर 6 , 7 लड़के सोसाइटी के गेट पर आए और उन्होंने डंडे तथा लाठियां से दोनों सिक्योरिटी गार्ड विशाल तथा बलविंदर के ऊपर हमला कर दिया। इस हमले में दोनों सुरक्षाकर्मी घायल हो गए जिन्हें सोसाइटी निवासियों की मदद से एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर दोनों सुरक्षा कर्मियों के माथे पर टांके भी लगाने पड़े तथा अन्य उपचार के बाद दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सोसाइटी निवासियों द्वारा इसकी सूचना जीरकपुर पुलिस को भी दे दी गई है।

इस मामले के जांच अधिकारी राजेश कुमार आज मौका देखने गए थे और वहां से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक मोटरसाइकिल का नंबर हमें मिल गया है जिसके आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। दूसरी तरफ हमें अस्पताल की तरफ से जैसे ही रिपोर्ट आएगी उसके बाद पीड़ितों के बयान दर्ज करने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।
इंस्पेक्टर गगनदीप सिंह, प्रभारी थाना जीरकपुर।

# पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में पैदल पदयात्रा निकाली

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** कालका व्यापार मंडल के प्रधान अनिल सूद ने जानकारी देते हुए बताया कि कालका व्यापार मंडल के सदस्यों व दुकानदारों, ब्राह्मण महासभा कालका के अध्यक्ष व सदस्य, केमिस्ट एसोसिएशन कालका के प्रधान एवं सदस्य, रविदास जाटव सभा कालका के अध्यक्ष व सदस्य ने मुख्य रूप से एकत्रित होकर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर पैदल पदयात्रा शांतिपूर्वक तुलसीराम धर्मशाला से गांधी चौक तक निकाली।

पहलगाम में पर्यटको पर हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए लोगो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जिन्हें जाति पूछ कर मारा गया। अनिल सूद ने कहा कि इस समय पक्ष विपक्ष एकजुट हो कर सरकार से मांग कर रहे है कि आतंकवादियों को तुरंत सजा दी जाए। सारा भारत देश इंसाफ माँग रहा है। व्यापारियों में अमरनाथ यात्रा के लिये कोई भय नहीं है। उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्रा सम्पूर्ण होगी पहले से ज्यादा बढ़िए तरीके से होगी। इस मौके पर कालका व्यापार मंडल और अग्रवाल वैश्य समाज के अनिल सूद,सौरभ बंसल, योगेश,मुनीष जिंदल, अजय सिंगला , राजीव बंसल, अंशुमान मित्तल, सचिन जिंदल,अशोक नांगिया , केमिस्ट एसोसिएशन कालका के प्रधान आशु गुलाटी, पंकज गुलाटी , नवीन जैन, ब्राह्मण महा सभा के पंडित विवेक गौतम, पंडित रजनीश ,पंडित लोकेश मिश्रा ,पंडित संतोष व अन्य लोग , रविदास जाटव सभा के योगेश कुमार ( काका) , विनोद कुमार ,सुनील ,रवि आदि मौजूद रहे।

# पीएम ने मन की बात में पीड़ितों को न्याय दिलाने का वचन दिया : राजेश नागर

मंत्री ने समर्थकों संग सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ



फरीदाबाद। हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने अपने समर्थकों के साथ आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 121वें एपिसोड को लाइव सुना।

मंत्री राजेश नागर ने बताया कि पीएम मोदी ने देश के वर्तमान हालात पर अपने विचार एवं संकल्प को स्पष्ट रूप से रखा है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा है कि पहलगाम हमले के दोषियों को बख्शेंगे नहीं, पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा। उनका यह वचन हमारे भीतर एक विश्वास को और मजबूत करता है कि हमारा नेता निरन्तर काम कर रहा है और वह देश के स्वाभिमान से समझौता नहीं करने वाले हैं। वह ऐसे नेता हैं जो विपक्ष के अनर्गल आरोपी का जवाब तक देना उचित नहीं समझते और प्रतिदिन 18 से 20 घंटे मां भारती की सेवा में लगे हुए हैं । उन्हें भी बेशक लोगों से शिकायत होगी लेकिन कभी भी किसी के सामने नहीं कहते हैं। आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने दुनिया बाहें फैलाए खड़ी है लेकिन वह हर कदम पर भारत की खुशहाली, सार्वभौमिकता, एकता, अखंडता और संपन्नता को पहली शर्त रखते हैं।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हम किस्मतवाले हैं जो हमें ऐसे मजबूत इरादों वाले प्रधानमंत्री मिले। उन्होंने आज मन की बात कार्यक्रम में भी एक तरफ आतंकवाद के खिलाफ अपने मजबूत इरादे जाहिर किए वहीं पीड़ितों के घावों पर भी मरहम लगाने का काम किया।

नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश, समाज, संस्कृति और संस्कार को भी संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने आज एक पेड़ मां के नाम प्रकल्प को भी विशेष रूप से याद किया, जो यह दर्शाता है कि वह कभी कुछ नहीं भूलते। जिस प्रोजेक्ट को शुरू करते हैं उसकी संपन्नता तक उसके साथ रहते हैं। वास्तव में एक पेड़ मां के नाम से शुरू किया उनका यह प्रकल्प आज देश भर में लोगों को प्रकृति के साथ जोड़ने का जरिया बन गया है। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर के समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे और सभी ने मन की बात का पूरा एपिसोड सुना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व कुशलता एवं उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की।

# यूपीएससी में 978वीं रैंक पाने पर निधि रंगा का गांव में स्वागत

विधायक कादियान बोलें– बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेहतर कर सकती है

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। गांव कैलाना की बेटी निधि रंगा ने यूपीएससी परीक्षा में 978वीं रैंक हासिल कर गांव का नाम रोशन किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल बजाकर और मिठाई बांटकर जोरदार स्वागत किया। सरकारी स्कूल परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने निधि रंगा को माला पहनाई और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। विधायक ने निधि की उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेहतर कर सकती हैं।निधि ने समारोह में अपनी सफलता की कहानी साझा की। बताया कि 12वीं के बाद परिवार से देश सेवा की प्रेरणा मिली। लक्ष्य बनाकर मेहनत की तो यूपीएससी में सफलता मिली। निधि ने युवाओं को संदेश दिया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती, सफलता जरूर मिलती है। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गांव की मिट्टी से निकलकर बेटियों ने साबित किया है कि शिक्षा और खेल में भी वे आगे बढ़ सकती हैं। निधि ने सामान्य आर्थिक स्थिति के बावजूद देश की सबसे बड़ी परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी सफलता कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास का परिणाम है।

# वैध घोषित की गई कालोनियों में नई स्ट्रीट लाइट का निखिल मदान व राजीव जैन ने किया उद्घाटन



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सरकार द्वारा वैध घोषित की गई कालोनियों क्रमशः जीवन विहार एक्सटेंशन, विकास नगर मुरथल रोड तथा कलावती विहार में 250 से ज्यादा लगाई गई नई स्ट्रीट लाइट का बटन दबाकर विधायक निखिल मदान एवं मेयर राजीव जैन ने वार्ड पार्षदों के साथ मिलकर उद्घाटन किया। ऐसी सभी कालोनियों में पांच हजार से ज्यादा लाइट लगाई जाएंगी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि स्ट्रीट लाइट के साथ साथ इन कॉलोनियों में सड़क, पानी की भी सुविधा प्रदान की जाएगी। तथा सीवेरज लाइन डालने का सर्वे करवाया जा रहा है उन्होंने कहा कि नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग मिलकर शहर के विकास को चार चाँद लगाएंगे। इस अवसर पर पार्षद मुकेश सैनी, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा के पुत्र प्रिंस सरोहा, सुरजीत दहिया भी साथ रहे।

मेयर राजीव जैन ने बताया कि वैध घोषित की गई सभी कॉलोनियों में पांच हजार स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना है और पूरी कॉलोनी का कंट्रोल एक स्थान पर करके आटोमेटिक बंद होने और जलने की वयवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि विभिन्न कॉलोनियों में पांच हजार स्ट्रीट लाइट विशेषकर मुख्य मार्गों पर सी.एफ.एल. बदलकर एल.ई.डी. लाइट लगाई गई हैं।

# फैक्ट्री से चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। कुरुक्षेत्र पुलिस ने फैक्ट्री से चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में थाना लाडवा पुलिस टीम ने फैक्ट्री से चोरी करने के आरोपी मोहित वासी इन्द्री जिला करनाल व संगीत वासी डेहा बस्ती यमुनानगर को गिरफ्तार करके चोरीशुदा सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 अप्रैल 25 को थाना लाडवा पुलिस को दी अपनी शिकायत में अंशदीप सिंह वासी लाडवा ने बताया कि उनका जनरेटर बनाने का काम है। दिनांक 22 अप्रैल को सुबह 8 बजे जब वह फैक्ट्री देख कि फैक्टरी का शटर टूटा हुआ है। फैक्टरी से जो ताम्बा तार, जनरेटर के ट्रांसफार्मर, नकदी तथा फैक्टरी का लैपटॉप चोरी हुई है। जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा में मामला दर्ज करके जांच पीएसआई राहुल द्वारा की गई। 26 अप्रैल को थाना लाडवा प्रभारी निरीक्षक सुनील वत्स मार्ग-निर्देश में पीएसआई राहुल, सहायक उप निरीक्षक सुरेश, हरजीत सिंह की टीम ने फैक्ट्री से चोरी करने के आरोपी मोहित वासी इन्द्री जिला करनाल व संगीत वासी डेहा बस्ती यमुनानगर को गिरफ्तार कर लिया।

# राजलू गढ़ी के बूथ संख्या 173 पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं ने सुना

वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा के नेतृत्व में सुना

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने गन्नौर विधानसभा के गांव राजलू गढ़ी के बूथ संख्या 173 पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इसके बाद संबोधित करते हुए भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात राष्ट्र हित को समर्पित रहती है। प्रधानमंत्री की हर बात को हमें अपना संकल्प बनाते हुए आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्र हित से बढ़कर दूसरा कोई हित हमारे लिये नहीं होना चाहिए। राष्ट्र ही सर्वप्रथम होना चाहिए। राष्ट्र के उत्थाढन और कल्याण के लिए हमें अपना सर्वस्व बलिदान करने को उत्सुक रहना चाहिए।

नेहरा ने कहा कि वे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कदम आगे बढ़ायें। नेहरा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की एक बार पुनः कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि यह हमला मानवता पर किया गया हमला है। बेगुनाह लोगों पर कायराना हमला इंसानियत पर किया गया हमला है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। आंतक और आतंकियों के लिए कोई स्थामन नहीं है। आतंक के खिलाफ पूरे विश्व को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सैनी, मण्डल उपाध्यक्ष एडवोकेट जगबीर राठी , गांव के सरपंच बिजेंद्र राठी, जलि सिंह राठी, कुलदीप राठी, धर्म सिंह राठी, त्रिलोक शर्मा, चिराग राठी, आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश भाटी के कार्यालय पर लगा हेल्थ चेकअप कैंप



अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिस्ठ

फ़रीदाबाद। वनक्रेस्ट लेबोरेटरीज द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश भाटी के कार्यालय सेक्टर 37 अशोका एनक्लेव पार्ट 2 में रविवार को फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें ब्लड टेस्ट को लेकर काफी भीड़ रही। इस कैंप मे डॉ सुनील गुप्ता द्वारा फिजियोथैरेपिस्ट फ्री कंसल्टेंट , और डॉ दिलीप द्वारा ब्लड टेस्ट,ब्लड शुगर फास्टिंग टेस्ट, ब्लड प्रेशर, सहित कई टेस्ट की फ्री सेवा उपलब्ध रही। इसके साथ ही फुल बॉडी चेकअप टेस्ट सहित कई टेस्ट मार्किट से न्यूनतम रेट पर उपलब्ध रहे।

इस मौके पर उमेश भाटी ने कहा कि आज की भागदौड़ की लाइफ में लोग अपनी हेल्थ के प्रति काफी लापरवाह हो चुके है। जारी सी कोई भी बीमारी होने पर हल्की फुल्की मेडिसन ले लेते है लेकिन टेस्ट करवाने में लापरवाही कर जाते है। ऐसे में जब इस तरह के कैंप लगते है तो लोगों का इसका लाभ अवश्य उठाते है। आज करीब 100 से ज्यादा लोगों ने अपना विभिन्न बीमारियों को लेकर टेस्ट करवाया है लोगों ने जिस तरह से आज के कैंप में उम्मीद से ज्यादा लोगों ने आकर के टेस्ट करवाया है। उसको देखते हुए आने वाले समय में इससे बड़ा और ज्यादा टेस्ट की सुविधा रखी जाएगी। जिससे लोगों को इस तरह के कैंप का लाभ मिल सके। इस अवसर पर लाखन सिंह, शैलीन मंगला , रमेश प्रसाद, लोकेश गोयल, विमलेश कुमारी, कल्पना सिंह, मोनिका , पुनीत, आदि लोगो का सहयोग रहा।

# फरीदाबाद ब्राह्मण सभा ने बुर्जुगों को किया सम्मानित

भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम 50 बुर्जुगों को किया सम्मानित

पहलगाम में मारे गए लोगों की आत्मा की शान्ति के लिए मौन रखा

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



फरीदाबाद। भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में जिला फरीदाबाद ब्राह्मणों ने समाज के 80 साल से उपर के बुर्जुगों को सम्मानित किया। इस सम्मान कार्यक्रम में करीब 150 बुर्जुग पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह गायत्री परिवार के द्वारा हवन का आयोजन करके की गई। हवन में भारी संख्या में पहुंचे विप्र समाज के लोगों ने हवन में आहुति डालकर विश्व कल्याण कामना करते हुए कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की और दिवंगत आत्माओं के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हे श्रृद्धांजली दी गई। उसके बाद कार्यक्रम में पहुंचे सभी बुर्जुगों का सम्मान कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा द्वारा सम्मानित करने पर बुर्जुग बेहद प्रसन्न नजर आए और उन्होंने सभा की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को इस भव्य आयोजन के बधाई और अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम मुख्य रूप से पहुंचे पूर्व मंत्री व बल्लभगढ विधायक मूलचंद शर्मा, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, पूर्व विधायक नीरज शर्मा,बलजीत कौशिक,शास्त्री गिरिराज भारद्वाज,सुमित गौड, तेजप्रकाश भारद्वाज,विनोद कौशिक के कर कमलों से यह सम्मान दिया गया। अंत जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष बृजमोहन बातिस ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी बुर्जुगों व अतिथियों का धन्यवाद किया।

# विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति सरकारी मान्यता प्राप्त एजेंट से ही करें सम्पर्क: नीतीश अग्रवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रेवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। यह बात पुलिस अधीक्षक श्री नीतीश अग्रवाल ने वीजा के नाम पर धोखाधड़ी की बढ़ रहे मामलों के मध्यनजर लोगों को जागरूक करते हुए कही। जिला पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी कर फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की अपील की गई है। एसपी नीतीश अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा के काफी लोगों की विदेश जाने की इच्छा होती है।


## सार्वजनिक सूचना

मैं जॉन डैनियल, पुत्र श्री डैनियल, निवासी वीपीओ छत, जीरकपुर, एसएएस नगर (पंजाब) घोषणा करता हूँ कि मेरे पिता डैनियल मसीह पुत्र श्री ईशर दास ने प्लॉट नंबर 32-ए, शालीमार एन्क्लेव, गांव हिम्मतगढ़, ढकोली एमसी जीरकपुर, जिला एसएएस नगर (पंजाब) वसीका नंबर 6075 दिनांक 30-10-2008 के तहत श्री सीतल प्रकाश पुत्र सिकंदर लाल से खरीदा है। मैंने उक्त प्लॉट की मूल रजिस्ट्री खो दी है। उक्त संपत्ति पर कोई ग्रहणाधिकार नहीं है और उक्त रजिस्ट्री किसी बैंक में नहीं है। किसी अन्य का उक्त संपत्ति से कोई लेना-देना नहीं है। उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी न्यायालय में कोई मामला या विवाद आदि नहीं है। उपरोक्त मकान सभी भार और विवादों से मुक्त हैं। मैंने उक्त गुम हुई रजिस्ट्री के संबंध में डीडीआर दर्ज करा दी है। यदि किसी को मिल जाए तो कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें या संपर्क करें- मोबाइल नंबर 8360023615

AP-741

## सार्वजनिक सूचना

मैं चलती देवी आधार नं. 4866 6532 1595 विधवा प्रताप सिंह निवासी बरवाला जिला हिसार (हरियाणा) -125121 प्रमाणित शपथ पत्र से यह ब्यान करती हूं कि मेरे पति प्रताप सिंह का 26 अप्रैल 2018 को स्वर्गवास हो गया था। यह कि मेरे पति प्रताप सिंह के नाम पुराना प्रॉपर्टी आईडी नं. 884/2 और नया प्रॉपर्टी आईडी नं. 6D2K2742 है जो कि वाका मौजा बरवाला जिला हिसार में स्थित है। यह है कि इस प्रॉपर्टी में सर्वे के दौरान पुराना मालिक अनूप दर्शाया गया है जो कि गलत है। बल्कि यह प्रॉपर्टी मेरे पति प्रताप सिंह की है। पुरानी प्रॉपर्टी 884/2 का हिस्सा है। यह है कि अब यह प्रॉपर्टी आईडी नं. 6D2K2742 मेरे नाम चलती देवी के नाम कर दी जाए। इससे मेरे परिवार को व मुझे कोई एतराज नहीं है। अगर अन्य कोई भी वारसान दावेदार बनकर उपरोक्त प्रॉपर्टी बाबत कोई एतराज व दावा आदि करता है तो उसकी हर प्रकार की जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी 7 अगर इस बारे किसी को कोई एतराज है तो वो 15 दिन के अंदर-अंदर नगरपालिका बरवाला में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

AP-743

## सार्वजनिक सूचना

मैं दिपक जैन पुत्र रघुबीर सिंह निवासी जैन मौहल्ला हिरा चौक, चरखी दादरी तहसील व जिला चरखी दादरी ब्यान करता हूं कि हिब्बा नामा न0 1418 दिनांक 06.03.1978 सब रजिस्ट्रार चरखी दादरी के अनुसार एक पुख्ता मकान 192.19 वर्गगज वाका रकबा दादरी मौहल्ला कानूनगो में 2/3 के हिस्सेदार नथ्थू, रघुबीर पिसरान रघुनन्दन व 1/3 हिस्सा मेरी दादी मनभरी विधवा रघुनन्दन के नाम है। मेरी उक्त दादी का देहान्त दिनांक 29.07.1982 को हो गया था। नथ्थू रिश्ते मे मेरा ताउ लगता है जिसका देहांत दिनांक 11.02.1988 को हो गया था। मेरे पिता रघुबीर का देहांत 18.06.2006 को हो गया था। उक्त मृतकों के वारसान निम्न से है :- क. मनभरी के वारसान निम्नलिखित है :-1. रघुबीर (पुत्र) 2. नथ्थू (पुत्र) ख. नथ्थू (बेऔलादा) के वारसान निम्नलिखित है :-1. रघुबीर (भाई) ग. रघुबीर के वारसान निम्नलिखित है :-1. प्रेमलता जैन (पत्नी) 2. संदिप जैन (पुत्र) 3. दीपक(पुत्र)।

शपथकर्ता

AP-741


# हरियाणा में किसानों को न तो समय पर भुगतान मिला व न ही सम्मान: कुमारी सैलजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा के किसानों को अपनी पसीने की कमाई के लिए कई कई सप्ताह इंतज़ार करना पड़ रहा है। सरकार ने 72 घंटे में भुगतान का वादा किया था, पर 873 करोड़ की राशि अब भी तक अटकी हुई है। अनाज मंडियों में उठान की व्यवस्था चरमरा चुकी है। गेहूं के ढेर मंडियों में सड़ रहे हैं, और भाजपा सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है। ट्रांसपोर्ट, श्रमिक और प्रबंधन, हर मोर्चे पर भारी अव्यवस्था व्याप्त है, लेकिन सरकार की संवेदनहीनता बनी हुई है। भाजपा सरकार के शासन में किसान केवल खोखले वादों और झूठी घोषणाओं का बोझ ढोने को विवश हैं। न उन्हें समय पर भुगतान मिला, न सम्मान। गेहूं की फसल का भुगतान न मिलने से किसान परेशान हैं।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि गेहूं खरीद को लेकर जो भी वायदे किए थे सारे के सारे धरे रह गए है जबकि खरीद का आधा समय निकल चुका है। अनाज मंडियों में कोई सुविधा तक दिखाई नहीं दे रही है जबकि सरकार दावे कर अपनी ही पीठ थपथपा रही है, इस सरकार में न तो कोई करने वाला है और न ही कोई सुनने वाला है। 72 घंटें में भुगतान का राग अलापने वाली भाजपा सरकार को पता होना चाहिए कि किसानों का उसकी ओर अभी तक 873 करोड़ रुपया अटका हुआ है। भुगतान के लिए भटक रहे किसान को आर्थिक कठिनाई हो रही है। सरकार ने किसानों को उनकी उपज का भुगतान 72 घंटों के भीतर करने का वादा किया था, लेकिन कई किसानों को यह वादा पूरा नहीं हुआ है, सरकार किसानों से वादाखिलाफी करने के लिए ही वायदे करती है। गेहूं और सरसों की फसलों का उठान भी ठीक से नहीं हो रहा है, जिससे किसानों को और परेशानी हो रही है। किसानों की मुख्य चिंता यह है कि उन्हें अपनी फसल का उचित भुगतान नहीं मिल रहा है ऊपर से खरीफ फसलों की बिजाई भी करनी है। अगर भुगतान न हुआ तो बिजाई कैसे होगी। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि केंद्रीय खाद्यान्न खरीद पोर्टल के आंकड़े बताते हैं कि देशभर के हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 9 राज्यों में गेहूं की खरीद प्रक्रिया चल रही है, इन राज्यों के 291 जिलों में स्थित मंडियों और खरीद केंद्रों पर किसानों से गेहूं खरीदा जा रहा है। आंकड़े के अनुसार करीब 33 लाख किसानों ने एमएसपी भाव पर गेहूं बेचने के लिए अपने अपने राज्यों में रजिस्ट्रेशन कराए हैं। आंकड़ों के अनुसार 127 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पूरा डाटा है कि किस किसान ने कितनी गेहूं की बिजाई की है और कितनी पैदावार की संभावना है।


## PUBLIC NOTICE

That Sh. Ravi S/o Sh. Sukhpal is purchasing Property Plot Comprised in Khewat no. 3764, Khasra No. 1466 (0-5), Situated at Vishavkarma Colony., inside Nagar Palika, Assandh, Tehsil Assandh and District Karnal, Measuring 150 Sq. Yards from Smt. Renu W/o Sh. Parveen Kumar who owner of said property Vide Vasika deed no. 587/1 dated 01-06-2022 Now availing loan from Aavas Financiers Ltd previous chain Original Transfer deed no. 1529/1 dated 30-08-2019 as executed by Sh. Rajeshwar S/o Sh. Lal Chand in respect of the property in question measuring 2 Marla 4 Sarsai in favour of Sh. Ramniwas S/o Sh. Lal Chand, Transfer deed no. 1527/1 dated 30-08-2019 as executed by Smt. Manisha W/o Sh. Rajeshwar in respect of the property in question measuring 2 Marla 4 Sarsai in favour of Sh. Rajeshwar S/o Sh. Lal Chand Sale deed No. 1507/1 dated 14-08-2012 was executed by Smt Ratni Devi w/o Sh. Subhash in respect of the property in question in favour of Sh. Narender Kaur W/o Sh. Amarjit Singh 3/5 share and Smt. Bishkaur W/o Sh. Sohan Singh 2/5 share & Sale deed no. 2636/1 dated 11-08-2011 as executed by Smt. Usha Devi W/o Sh. Parveen Kumar and Smt. Surekha Devi W/o Sh. Balbir Singh in respect of the property in question measuring 5 Marla in favour of Smt. Ratni W/o Sh. Subhash is missing so if any individual / Institution is having any information/charge/lien then contact undersigned within 7 days. Hemant Sharma, Advocate (for Aavas Financiers Ltd Karnal) H. No. 1581, Sector-7, U.E Karnal Ph: 9896260977.

HEMANT SHARMA, Advocate

AP-744

## सार्वजनिक सूचना

मैं मायादेवी पत्नी देवीराम निवासी चरखी दादरी तहसील व जिला चरखी दादरी ब्यान करती हूँ कि मेरी सास श्रीमती भगवानी देवी का देहान्त साल 2001 में हो चुका है तथा उसके वारसान निम्न से हैं। 1. देवीराम 2 कृष्णा 3. रामरती 4. रोशनी। उक्त में से देवीराम का देहान्त हो चुका है जिसके वारसान निम्न से हैं। 1. श्रीमती माया देवी (विधवा) 2. रविन्द्र (पुत्र) 3. मोनू (पुत्र) 4. पुनम (पुत्री) 5. सुमन (पुत्री) 4. कृष्णा पुत्री भगवानी देवी भी वफात पा चुकी हैं जिसके वारसान निम्न से हैं। 1. राजकुमार (पुत्र) 2. सुभाष (पुत्र) 3. अशोक (पुत्र) 4. सबिता (पुत्री) 5. कमलेश (पुत्री) 6. बबीता (पुत्री)। रामरती पुत्री भगवानी देवी भी वफात पा चुकी हैं जिसके वारसान निम्न से हैं। 1. सत्यवान (पुत्र) 2. अनील (पुत्र) 3. पिंकी (पुत्री) 4. सीमा (पुत्री)।

शपथकर्ता

AP-741

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98140-19928 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### ऋण

Equitas Small Finance Bank Solution Limited (1995 से आपके सेवा में)
सरकारी योजना के अंतर्गत सभी प्रकार के मार्कशीट, पर्सनल, प्रॉपर्टी, एग्रीकल्चर, ईंट भट्टा, बिज़नेस, होमलोन, सभी लोन
50000 – 95 लाख तक
घर बैठे 72 घंटे मे पाएं
सरकारी कर्मचारी , महिलाओं हैंडीकैप्ड को भारी छूट
2 % ब्याज सालाना
40 % की छूट
70 लाख संतुष्ट ग्राहक
नोट : नार्मल डाक्यूमेंट्स और नेगेटिव एरिया और खराब सिविल स्कोर पर भी लोन उपलब्ध
9335436289, 9064554675

### सार्वजनिक सूचना

मैं, अकरम पुत्र इंदर पाल वासी चौटाला, डबवाली, सिरसा, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर Akkam Didan रख लिया है।

मैं, राज कुमार पुत्र नरिंदर कुमार वासी म.नं. 1177, गली नं. 1, नजदीक जुंडला गेट मंगल कॉलोनी करनाल ने अपना नाम बदलकर राज कुमार शर्मा से राज कुमार रख लिया है।

मैं, निशा बंसल पत्नी ऐशु बंसल वासी म.नं. 966, सैक्टर-17, हुडा, जगाधरी, यमुनानगर, ने अपना नाम बदलकर निशा रानी रख लिया है।
एपी-738

I SURAJBHAN DOB - 10 MAY 1960 (existing dob Father as per Record) is Father of No. 15743934K Rank SIGMN Name Naseeb Presently residing at Village Barta Post office Barta, Tehsil kaithal Distt kaithal, State Haryana Pin 136027 (address) that I have changed my Date of Birth (Date of Birth 10May 1960 DOB of Father as per record to (date of Birth 04/04/1959 (Proposed New Date of Birth due to there is difference in my DOB in civil document and Army records (Signals Records) document of my son (reason for change) That my correct date of birth is Fourth April Nineteen fifty nine) (in words) 04/04/1959 (in figures).

I ANGREJO DEVI DOB – 01/01/1973 (existing dob Mother as per Record) is Mother of No. 15743934K Rank SIGMN Name Naseeb Presently residing at Village Barta Post office Barta, Tehsil kaithal Distt kaithal, State Haryana Pin 136027 (address) that I have changed my Date of Birth (Date of Birth 01/01/1973 DOB of Mother as per record to (date of Birth 05/05/1964 (Proposed New Date of Birth due to there is difference in my DOB in civil document and Army records (Signals Records) document of my son (reason for change) That my correct date of birth is Fifth May Nineteen sixty four) (in words) 05/05/1964 (in figures).
एपी-739

मैं, शिवि, पुत्री अनिल, निवासी मकान नंबर 540, इंदिरा कॉलोनी सेक्टर 17 पंचकूला, हरियाणा, ने अपना धर्म हिंदू से मुस्लिम में परिवर्तित कर लिया है और अपना नाम शिवि से बदलकर सना खान कर लिया है।

मैं, रणबीर सिंह पॉल पुत्र देवी सिंह निवासी वार्ड नं. 3 धलियारा, (175) काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश, ने अपना नाम रणबीर सिंह पॉल से बदलकर रणबीर सिंह कर लिया है।

मैं, हरित कुमार पुत्र करतार सिंह निवासी चमराड़ा, चमरारा, (83) पानीपत, हरियाणा, ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम आशना से बदलकर आशना सिंधु कर लिया है।
एपी-741

मैं, अनूप सिंह पुत्र श्री श्री किशन निवासी गांव बाहरी तहसील असंध जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मैने अपना नाम अनूप सिंह पुत्र श्री कृष्ण से बदलकर अनूप सिंह पुत्र श्री श्री किशन रख लिया है।

I Naibo Devi W/o Karam Singh R/o #1071, Near Krishna Palace, Jhansa (299), Kurukshetra, Jhansa, Haryana - 136130, have changed my name to Naib Kaur.
एपी-744

It is for general information that I VIRENDER SINGH RANA S/o SADH RAM Resident of House No 3301/1, Jhansa Road, Shyam Colony, Thanesar, Kurukshetra ( Haryana)-136118 declare that name of mine has been Wrongly written as VIRENDER SINGH in my Passport No T4430686. The actual name of mine is VIRENDER SINGH RANA respectively, which may be amended accordingly.
एपी-742

### खोया-पाया

मैं, कमलेश रानी पत्नी राकेश कुमार निवासी प्लॉट न. 9, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, चीका जिला कैथल (हरियाणा) सूचित करती हूं कि मेरी असल सेल डीड नं. - 3709 दिनांक 19.09.2011 500/- रु का स्टाम्प पेपर तहसील ऑफिस गुहला में दिनांक 15.04.2025 गुम हो गई हैं। इस संदर्भ. में DDR NO. 132280162500381 पुलिस स्टेशन , गुहला में दर्ज करवा दी गई है। यदि किसी को मिले तो मोबाइल न . 9813657831 पर सम्पर्क करें।

मैं, पिंकी देवी पत्नी अमित कुमार निवासी पाई गेट, पुण्डरी जिला कैथल (हरियाणा) सूचित करती हूं कि मेरी पुरानी असल सेल डीड नं. - 2882 दिनाँक 03.08.2011, सेल डीड नं. 462 दिनांक 09.05.2011 पुण्डरी में दिनांक 12.03.2025 गुम हो गई हैं। इस संदर्भ. में DDR NO. 132280362500729 पुलिस स्टेशन , पुण्डरी में दर्ज करवा दी गई है। यदि किसी को मिले तो मोबाइल न . 8059007241 पर सम्पर्क करें।
एपी-740

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों पर सख्त हुआ शिक्षा विभाग, तुरंत कार्रवाई के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 27 अप्रैल।** शिक्षा विभाग ने प्रदेश में बिना मान्यता के संचालित हो रहे स्कूलों, एनजीओ और प्ले स्कूलों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। डीएसई की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के दौरान यह तथ्य सामने आए कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (ऋञ्जश्व.ष्ह्र) की धारा 18 का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन किया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी शैक्षणिक संस्था, विद्यालय या एनजीओ, उपयुक्त प्राधिकरण से मान्यता लिए बिना संचालन नहीं कर सकता। इसके अलावा, 'प्ले स्कूल' की आड़ में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को पढ़ाया जाना भी कानूनन अपराध है। ऐसे संस्थानों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं।



**गैर-सरकारी संस्थाओं पर भी नजर:** रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ एनजीओ और फाउंडेशन 'रेमिडियल क्लासेज' के नाम पर नियमित विद्यालयी समय में पूर्णकालिक स्कूल चला रहे हैं। विभाग ने इसे पूरी तरह अवैध घोषित करते हुए कहा कि यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम का घोर उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त कुछ सरकारी स्कूल भवनों में भी गैर-शैक्षणिक संस्थानों द्वारा गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं, जिन्हें तुरंत समाप्त करने के आदेश दिए गए हैं।

**जिम्मेदार अधिकारियों पर होगी कार्रवाई:** विभाग ने निर्देश दिए हैं कि जिला स्तर पर सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों एवं क्लस्टर संसाधन समन्वयकों (ष्टक्रष्ट) को इन संस्थानों की पहचान कर रिपोर्ट सौंपनी होगी। यदि किसी क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित क्लस्टर प्रभारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है।

**बच्चों को मिलेगा सरकारी स्कूलों में प्रवेश:** सबसे अहम बात यह है कि ऐसे सभी गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को निकटतम सरकारी विद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा, चाहे उस स्कूल में दाखिले की प्रक्रिया पूरी हो चुकी हो। विभाग ने कहा है कि बच्चों के भविष्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

**रिपोर्ट जल्द भेजने के निर्देश:** शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र में चल रहे अवैध स्कूलों, टीचिंग शॉप्स, प्ले स्कूल्स और एनजीओ संचालित यूनिट्स की सूची तैयार कर विभाग को शीघ्र रिपोर्ट भेजें।

**भविष्य को सुरक्षित रखने की अहम पहल:** शिक्षा विभाग का यह कदम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में है, बल्कि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने की एक अहम पहल भी है। अवैध रूप से शिक्षा का कारोबार करने वालों पर अब कानून की गाज गिरना तय है।

### नरवाना क्षेत्र में ये है गैर मान्यता प्राप्त स्कूल

1. गिल गिल पब्लिक स्कूल राजगढ़ धोबी
2. सनराइज पब्लिक स्कूल, खरड़वाल
3. स्मार्ट किड्स प्ले स्कूल नरवाना
4. एमजी हाई स्कूल नरवाना
5. बचपन प्ले स्कूल नरवाना
6. संस्कार वाटिका नरवाना (फाइल अंडर प्रोसेस)
7. हरियाणा मिडिल स्कूल नरवाना (फाइल अंडर प्रोसेस)
8. बाल निकेतन प्राइमरी स्कूल नरवाना
9. गौरव पब्लिक स्कूल नरवाना
10. श्री श्याम बल वाटिका पब्लिक स्कूल प्राइमरी विंग जाट कॉलोनी नरवाना
11. दशमेश पब्लिक स्कूल नरवाना
12. संस्कार बाल वाटिका उजड़ा
13. शिव शक्ति पब्लिक स्कूल नेपेवाला
14. एक स्कूल सैनी धर्मशाला रेवर
15. आईसीएस अकैडमी दनौदा
16. लक्ष्य किड्स प्ले स्कूल दनौदा
17. विकास हाई स्कूल दानोदा खुर्द
18. लिटिल स्टार अकैडमी जाजनवाला
19. एमडीएन स्कूल लोन
20. शीतला माता हाई स्कूल कलवान
21. जश्न हाई स्कूल कलवान
22. एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल दबलैन
23. ज्ञान भारती स्कूल ढाकल कल
24. सुपर सोनिक वेब कैंपस ढाकल

## विजेंद्र मैहला ने भाजपा ढांड मंडल पदाधिकारियों व कार्यकारिणी की घोषणा की

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला जडौला द्वारा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, शीर्ष नेतृत्व व भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी से विचार-विमर्श कर ढांड मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी की घोषणा की। ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला ने मंडल कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि पूर्व सरपंच कृष श्योकंद जाजनपुर, राजेंद्र ढांड, सुरेश कुमार मटरवा खेड़ी, राजपाल सिंह पबनावा को मंडल उपाध्यक्ष, ईश्वर सिंह बेगपुर व रमेश कुमार कौल को महामंत्री, नरेश गुर्जर ढांड, नीलम शर्मा बरोट, सूरजभान सिंह बंदराना, संतरो देवी ढांड व अंकुश मराठ आहूं को सचिव, प्रेम गुर्जर खेड़ी रायवाली कोषाध्यक्ष, गुरमीत कौर जडौला मीडिया प्रभारी, सुमन रानी कौल मीडिया सहप्रभारी एवं मनीष सोनी ढांड को आई.टी. प्रमुख नियुक्त किया गया है। मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी केंद्र की नरेंद्र मोदी व प्रदेश की नायब सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ हर वर्ग के लोगों को भाजपा संगठन से जोड़ने का काम करें।

## जीवन भर श्रेष्ठ श्रावक के रूप में जैन धर्म के उपासक रहे रामभज जैन

साधुओं की सेवा में हमेशा तत्पर रहे देवलोकवासी रामभज जैन

करनाल में टिम्बर और ग्लास कारौवार के पुरौधा रहे श्री जैन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 27 अप्रैल।** करनाल में वयोवृद्ध, धर्मनिष्ठ सुत्रवाक, दानवीर सेठ रामभज जी जैन (बाल वाले) का जैन समाज के साथ साधु संतों की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। उनका जुड़व प्रदेश और शहर की कई धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के साथ रहा। उनका जीवन अंत तक संयमित और अनुशासनप्रिय रहा। साधुओं और जैन धर्म के प्रति उनकी आशक्ति अनुकरणसीय थी। अंत तक उन्होंने जैन धर्म के साथ पंच महाब्रतों का पूरी तन्मयता के साथ पालन किया। उनका जीवन श्रावक धर्म और श्रमण संस्कृति के अनुकूल रहा। उनका पिछले दिनों कुछ समय की अस्वस्थता के बाद देवलोकगमन गमन हो गया। उन्होंने अस्वस्थता के बाद भी साधुंओं की भरपूर सेवा की। सेवा के संस्कार इस परिवार को अपने पूर्वजों से ही प्राप्त हुए है। उनका पूरा परिवार देव गुरु धर्म के प्रति पूर्णतया समर्पित रहा है और उनके पूरे परिवार पर जैन संतों की विशेष कृपा सदैव बनी रही है। रामभज जैन का पूरा परिवार मूल रूप से गांव बाल जिता करनाल का रहने वाला रहा हैं। उन्होंने अपनी सूझबूझ से व्यपार में अपना स्थान बनाया। उन्होंने अपनी महनत और समर्पण से घरोंडा और करनाल में विभिन्न व्यवसायों की स्थापना की। उनकी कड़ी मेहनत, दानशील भावना और गुरुओं के प्रति समर्पण की भावना रंग लाई। उन्होंने अपने पुत्रों अनिल जैन, राजेश जैन और विकास जैन के साथ वीर सुम्बर, वीर टिम्बर करनाल में जैन ग्लास हाउस घरोंडा में व्यवसाय की स्थापना की जी आज पूरी तरह से फल फूल रहे हैं। उन्होंने अपने व्यवसाय में सदैव पारदर्शीता और ईमानदारी को प्रमुख स्थान दिया और ऐसे ही संस्कार अपने परिवार को दिए हैं। उन पर सुदर्शन मुनि जी के संघ का विशेष तौर पर आशीर्वाद रहा। उनके परिवार में पुत्र, पुत्र वधुओं, पुत्रियां एवं दामाद, पौत्र, पौत्र वधुओं, प्रपौत्र और परपौत्रियों का भरा पूरा एवं समृद्ध परिवार है।

## न्यूज ब्रीफ

### एनसीसी फेस्ट में आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रथम



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** आई.बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत के 35 एनसीसी केडेटस ने जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में 22 से 24 तकचलने वाले एनसीसी स्न्रद्गह्यह्ल में भाग लिया, जिसमें विभिन्नप्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं में निबंध प्रतियोगिता में अंजू द्वितीय स्थान, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में कृषिका, अंशुल, विशाल तृतीय स्थान प्राप्त किया, भाषण प्रतियोगिता में आंचल तृतीय स्थान, कविता पाठ में अंजू तृतीय स्थान, स्कावड ड्रिल टीमने तृतीय स्थान, फंट रोल रेस में वंदना प्रथमस्थान, गुरमीत द्वितीय स्थान, खड़ी-कूदप्रतियोगिता में तुषार तृतीय स्थान, ष्ठद्बद्गह्ल नृत्य मेंमनप्रीत व मानसी द्वितीय स्थान, रस्सा-कस्सी में टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एन.सी. सी कैडेट्स ने 1 गोल्ड, 3 सिल्वर और 6 कांस्य पदक जीते और ष्ठस्ञ्ज मेंतीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रांगण में पहुंचने के बाद महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव श्री एल. एन. मिगलानी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में इस तरह के फेस्ट में कैडेट्स को भाग लेतेरहना चाहिए। एनसीसी कोऑर्डिनेटर डॉ. नरवीर जी ने बताया कि 3 दिन तक चले एनसीसी उत्सव में सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को इस तरह की प्रतियोगिताओं में सम्भागिता करते रहना चाहिए। उनके अन्दर टीम भावना, देशभक्ति की भावना व उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर हिंदी के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जोगेश जी भी उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

**बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए कायराना आतंकी हमले के खिलाफ गांव जलूबी के ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस प्रदर्शन में ग्रामीणों ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई और सरकार से आतंक के पोषक पाकिस्तान के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, आतंकवाद हटाओ-देश बचाओ जैसे गगनभेदी नारे लगाकर पाकिस्तान का पुतला आग के हवाले किया। इस अवसर पर लोगों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ अपने आक्रोश को खुले शब्दों में प्रकट किया। प्रदर्शन में मौजूद सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने भारत सरकार से मांग की कि आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इस मौके पर सरपंच लेखराज, नम्बरदार जयकुमार, अमरीक सिंह, सूबेदार सलामुदीन, मीरदीन, फर्जदीन, गुलजार अली, मदरसा इंचार्ज कारी मेहताब अली, राजबीर, मजीद, अलीशेर, बरकत अली, शेर खान, सराजु दीन, खलील अहमद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिले कि बेटी कशिश कालड़ा ने यूपीएससी में 111वां रैंक



**यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)।** कशिश कालड़ा को यूपीएससी में 111 वां रैंक हासिल करने पर जिम खाना क्लब में शहर के लोगों ने बधाई दी व उनका सम्मान किया। कशिश कालड़ा ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता कविता कालड़ा व पिता गुलशन कालड़ा को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धि में उनके शिक्षकों की अहम भूमिका रही। उन्होंने बचपन से ही आई. ए. एस. बनने का सपना देखा था और शुरू से ही पढ़ाई में टॉपर रही है। उन्होंने 10 वीं तक की पढ़ाई सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल जगाधरी से की है और 12 वीं की पढ़ाई आर. के. पुरम गुरूग्राम डी. पी. एस. से तथा स्नातक की पढ़ाई श्री राम कॉलेज दिल्ली से की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया से दूर रह कर, कठिन परिश्रम व बड़ों के आशीर्वाद से उन्होंने यह सफलता हासिल की है। इस अवसर पर डी. आई. पी. आर. ओ. डा. मनोज कुमार, रमेश मेहता, विनोद अरोड़ा, अंजू अरोड़ा, डॉ. नागराज अय्यर, डॉ. मीनाक्षी अय्यर संजय नरूला, रमन त्यागी ज्योति नरूला, मुस्तकीन, मदन मोहन गर्ग, परवीन गर्ग, नेहा गर्ग, नरेश उप्पल, कबीर एवं शहर के अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने कशिश की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सुश्री कशिश ने इस अवसर पर पत्रकारों से भी बातचीत की।

## अब हरियाणा में नई पीढ़ी की सोच के साथ आगे बढ़ेगी कांग्रेस

### पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह ने टटोली पुराने कांग्रेसियों की नब्ज

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 28 अप्रैल।** अगर सब कुछ ठीक चला तो जल्द ही हरियाणा में कांग्रेस नई पीढ़ी की सोच को साथ लेकर आगे बढ़ेगी। यह खुलासा पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कुरुक्षेत्र में एक पत्रकार वार्ता के दौरान किया। चौधरी वीरेंद्र सिंह गोवा अधिवेशन में हुए कांग्रेस के निर्णय के अनुसार हरियाणा में पुराने कांग्रेसियों की नब्ज टटोलने के लिए निकले हुए हैं। इसी कड़ी में रविवार को वह कुरुक्षेत्र में अपने पुराने मित्र स्वर्गीय विश्वपाल गोयल टिक्कू के प्रतिष्ठान पर भी पहुंचे थे।

पत्रकारों से बात करते हुए चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि बेशक कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव हार गई है, लेकिन प्रदेश में पार्टी बहुत मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि अब



जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं को जागृत किया जाएगा और फिर विधानसभा व खंड स्तर पर कार्यकर्ताओं को जागृत किया जाएगा। इस प्रकार अगले चुनाव तक टिकट वितरण में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम रहेगी।

चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा ने इस प्रदेश में जाति आधार पर जो भाईचारे को नुकसान पहुंचा है वह बहुत गलत हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में रोजगार के नाम पर काम नहीं हुआ है। सरकारी संस्थाओं के निजीकरण के कारण रोजगार में भारी कटौती हुई है कांग्रेस इस विषय पर ध्यान देगी। दुनिया में एआई के बढ़ते प्रचलन को लेकर चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इससे डरने की जरूरत नहीं है। हिंदुस्तान के इंजीनियर बड़ी विशेषज्ञता से इस पर काम कर रहे हैं। इसके साथ नई संभावनाओं के द्वारा भी खुलेंगे।

पहलगाम आतंकी हमले पर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में पूर्व मंत्री ने कहा कि यह बहुत दुखद और अमानवीय घटना है, लेकिन इसका एक अच्छा परिणाम यह आ रहा है की पहली बार कश्मीरी लोग भी आतंकवाद के खिलाफ खुलकर खड़े हुए हैं। इस अवसर पर उनके साथ बलजिंदर मलिक रादौर, चौधरी गजे सिंह, चौधरी रघबीर सिंह संधू, रणधीर, हथीरा, विशाल सिंगला, नितिन गोयल, माणिक गोयल, भीम चावला, अशोक शर्मा और बार कार्उसिल कुरुक्षेत्र के पूर्व प्रधान परीक्षित मदान आदि सहित अनेको गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मुस्लिम समाज के लोगों ने की आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

# इस्लाम के नाम पर कलंक हैं आतंकवादी, उन्हीं की भाषा में दिया जाए जवाब: मौलाना

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 27 अप्रैल।** जमियत उलेमा ए हिंद के जिला प्रधान मौलाना सईदुर रहमान के नेतृत्व में सिरटा रोड़ स्थित मदनी मदरसा में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पहलगाम में इस्लाम के नाम पर हुई आतंकी घटना की कड़ी निंदा की गई। इस अवसर पर मौलाना और समाज के अन्य प्रमुख लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का संकल्प लिया। मौलाना सईदुर रहमान ने अपने संबोधन में कहा कि इस्लाम अमन और शांति का धर्म है और निहत्थे इंसान की हत्या पूरे इंसानियत के कत्ल के बराबर है। उन्होंने कहा कि देश का हर मुसलमान



हिंदू भाइयों और देश की एकता के साथ खड़ा है। यह लड़ाई अब केवल जुल्म के खिलाफ नहीं, बल्कि आतंकवाद और भाईचारे को तोड़ने की साजिशों के खिलाफ भी है। मौलाना ने पाकिस्तान में बैठे उन आतंकवादियों की साजिशों पर भी कड़ा प्रहार किया जो हिंदुस्तान में हिंदू-मुस्लिम भाईचारे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक सच्चा मुसलमान वह है जो अपने मुल्क के लिए अपनी जान न्योछावर कर दे। आतंकवादी इस्लाम के नाम पर कलंक हैं और ऐसे लोगों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाना चाहिए।

मौलाना ने मांग करते हुए कहा कि निहत्थे लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ सरकार सख्त से सख्त कदम उठाए। उन्होंने कहा कि ऐसे दरिंदों को गोली मार देनी चाहिए, ताकि देश में अमन और शांति कायम रह सके। इस मौके पर अब्दुल मजीद, जमालुद्दीन उर्फ बल्ली, शफी मोहम्मद, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद बिलाल, रणधीर खान, अजहरुद्दीन, कौसर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## संगीत के दीवाने कार्यक्रम का सफल आयोजन: डॉ भोला

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 27 अप्रैल।** निजी होटल में शनिवार देर शाम को सुरों की शाम, संगीत के दीवाने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के गायकों ने अपनी सुरीली आवाज से इस शाम को संगीतमयी बना दिया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा, वरदान अस्पताल की निदेशक मीना शर्मा रहे। जबकि विशिष्ठ अतिथि के तौर पर नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, उनकी पत्नी सीमा भोला, सृष्टि संस्था के संयोजक डा. विवेक सिंगला रहे। कार्यक्रम में सुनील ने पल-पल दिल के पास, प्रो. क्यूटी ने तू जहां-जहां चलेगा, सिंदर ने तेरे मेरे सपने, श्रुति ने आपकी नजरों ने समझा, राजीव सैनी ने तुम



जो मिल गए हो, ललिता ने तेरी आंखों के सिवा, शिव ने पल-पल दिल के पास, दिव्या ने तुमसे नाराज नही जिंदगी, नीरज शर्मा ने नदिया से दरिया, मीना ने तूने हो रंगीले ऐसा जादू किया, रमेश बंसल ने ओ मेरी जोहर जबी, विनय ने दिल के झरोखे में, वीना भारद्वाज ने हंसता हुआ नूरानी चेहरा गीत गाकर शाम को सुरमय बना दिया।

मुख्यअतिथि भाजपा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम मानव जीवन में एक नई उमंग पैदा कर देते हैं। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला व सीमा भोला ने कहा कि इस समय जीवन बहुत व्यवस्त हो गया है। ऐसे में अपने तथा परिवार के लिए समय निकालना बहुत मुश्किल हो जाता है लेकिन इस तरह के कार्यक्रम सब व्यवस्ताओं को खत्म कर जीवन में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। इसलिए हमें अवश्य समय निकाल इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। यह कार्यक्रम जहां तनाव को कम करते हैं वहीं यादों को भी तरोताजा करते हैं।

## सेक्टर 7 वासियों ने बैंड- बाजे के साथ निकाली भगवान श्री परशुराम की शोभायात्रा

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** आज भगवान परशुराम सेवा समिति सेक्टर -7 के सौजन्य से भगवान परशुराम की शोभा यात्रा गाजे- बाजे के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा निकालने से पहल गाँव कश्मीर मे हुए शहीदों को श्रृद्धांजलि दी गई जिसमें सेक्टर -7 के सर्व समाज ने हिस्सा लिया और भगवान श्री परशुराम के जीवन से प्रेरणा ली कि हिंसा करना और हिंसा सहना दोनों पाप है। शोभा यात्रा सेक्टर -7 के शिव शक्ति मंदिर से निकाली गई। शंख गा?याल बजाते हुए नारी शक्ति व समाज के साथ रथ यात्रा निकली।इस अवसर पर कार्यकारिणी के सदस्य अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, वाई पी शर्मा, डॉ सुशील शर्मा, डॉ सुरेश शर्मा, रामदत्त शर्मा, ब्रह्मप्रकाश शर्मा, राजेश भारद्वाज, डॉ संजीव शर्मा, जयपाल शर्मा, डॉ ओमप्रकाश शर्मा व पंडित कुलदीप शर्मा, गुरुदत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## अर्थ प्रकाश की खबर का हुआ असर सड़क का निर्माण कार्य हुआ शुरू

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 27 अप्रैल।** पिछले दिनों अर्थ प्रकाश में समाचार प्रकाशित हुआ था कि बिशन स्वरूप कॉलोनी से होकर विवर्स कॉलोनी को जाने वाले रेलवे अंडरपास पर सड़क का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है जिसकी वजह से लोगों को आने-जाने में बेहद परेशानी हो रही है क्योंकि सरकार ने इस पर करोड़ों रुपया खर्च करके यह अंडर पास बनवाया था परन्तु कुछकुछ कार्य अधूरा पड़े रहने की वजह से लोगों की आवागमन में बेहद परेशानी हो रही थी। इस खबर के प्रकाशित होने के बाद प्रशासन के ध्यान में जब यह शिकायत प्रशासन के ध्यान में आई तो एक्शन में आया है और इस सड़क के अधूरे पड़े निर्माण कार्य को



शुरू करवा दिया है इसके लिए दोनों कॉलोनी वीडियो में खुशी की लहर है और उन्होंने अर्थ प्रकाश को इस समस्या को उठाने के लिए विशेष आभार व्यक्त किया है। परंतु साथ ही साथ लोगो ने यह भी कहा कि इस अंडरपासमें सफाई की तरफ तो प्रशासन का बिल्कुल ही ध्यान नहीं है।

## आतंकवाद और आतंकियों के खिलाफ ग्रामीणों ने किया रोष प्रदर्शन



अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**ढांड, 27 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में गांव टीक के वेलकम गेट पर एकत्रित होकर ग्रामीणों ने रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान टीक और गांव बरोट के ग्रामीणों ने आतंकवाद और देश के खिलाफ काम कर रहे आतंकी संगठनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि आतंकवाद का चेहरा और विचारधारा स्पष्ट रूप से एक खास दिशा में काम कर रही है, जिसे अब पहचानने और इसके खिलाफ कदम उठाने का समय आ गया है। प्रदर्शन में बोलते हुए गांव बरोट के राकेश राणा ने कहा कि आतंकवादियों का धर्म होता है और पहलगाम में हुआ हमला इसी मानसिकता को दर्शाता है, जहां निर्दोषों को धर्म पूछकर निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि गांवों में आने वाले संदिग्ध तत्वों पर नजर रखी जाए और आवश्यकतानुसार सख्त कदम उठाए जाएं।

वहीं, गांव टीक के युवाओं ने कहा कि अगर आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता तो आतंकवादी धर्म पूछकर हमला क्यों करते? उन्होंने सवाल उठाया कि जब एक वर्ग गौ माता को भोजन मानता है और दूसरा उसे पूजता है, तो भाईचारे की बातें कैसे वास्तविकता में टिक सकती हैं ? उन्होंने साफ कहा कि जो हमारी धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करेगा, वही हमारा भाई है।

## श्री महावीर चालीसा के 28वें पाठ का हुआ आयोजन

# अहिंसा द्वारा ही किया जा सकता है हृदय परिवर्तन: भावना जैन

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन

**यमुनानगर, 27 अप्रैल।** श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर रैस्ट हाऊस रोड के प्रांगण में श्री महावीर चालीसा की 40 पाठ की श्रृंखला के 28 वें पाठ का आयोजन महिला मंडल कार्यकारिणी के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर प्रधान अजय जैन ने की तथा संचालन महिला मंडल महामंत्री सुमन जैन ने किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कलश स्थापित कर किया गया। महिला मंडल प्रधान मगन माला जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर प्रगतिशील परंपरा के संस्थापक 24वें तीर्थंकर हुए है, उन्होंने अपनी व्रत संबंधी प्रतिशील क्रांति के द्वारा जैन धर्म को युगानुकूल रूप दिया। उन्होंने बताया कि तीर्थंकरों की यह परंपरा वैज्ञानिक



दृष्टि से सत्य का अन्वेषण करने वाली एक प्रमुख परम्परा रही है। महावीर की साधना वीतरागता की साधना थी। इस प्रकार इस युग की तीर्थंकर परम्परा की अंतिम कड़ी भगवान महावीर हैं। भगवान ने जनजीवन को तो उन्नत किया ही, साथ ही उन्होंने साधना का ऐसा मार्ग प्रस्तुत किया जिस मार्ग पर चल कर सभी व्यक्ति सुख व शांति प्राप्त कर सकते है। कोषाध्यक्ष मंजू जैन ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने साधु के 28 मूल गुणों को स्वीकार किया और साधना द्वारा अपने गुप्त आत्म वैभव को प्रकाशित करने का प्रयास किया। तीर्थंकर महावीर अपने समय के महान तपस्वी ही नहीं थे, बल्कि एक उच्च कोटि के विचारक भी थे। उन्होंने धर्म और दार्शनिक विचारों को साधू जीवन के मुक्ति के साथ नीबद्ध कर क्रियात्मक रूप दिया। भावना जैन ने कहा कि धर्म सुख का कारण है, जो धारण किया जाये या पालन किया जाये व धर्म है। जिसका कोई स्वभाव न हो पर आचार रूप धर्म केवल चेतन आत्मा में पाया जाता है। वास्तव में धर्म आत्मा को परमात्मा बनाने का मार्ग बताता है। मनुष्य के विचार भी आचार से निर्मित होते है और विचारों से निष्ठा व श्रद्धा उत्पन्न होती है। उन्होंने आगे बताया कि सम्यग्दर्शन के अभाव में न तो ज्ञान ही सम्यक होता है और न चरित्र ही। लज्जा मानव जीवन का आभूषण है लज्जाशील जीवन स्वाभीमान की रक्षा हेतु अपयश के भय से कभी कदाचार में प्रवृत नहीं होती है, यही भगवान महावीर का संदेश रहा है। भगवान महावीर का मुख्य संदेश अहिंसा रहा है, क्योंकि अहिंसा द्वारा ही हृदय परिवर्तन सम्भव है, यह मारने का नहीं सुधारने का सिद्धांत है। अपराध एक मानसिक बीमारी है, इसका उपचार प्रेम, स्नेह, सद्भाव के द्वारा किया जा सकता है। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं तथा बच्चे उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक खेती से आर्थिक समृद्धि की राह पर पांगी घाटी के 1600 किसान

प्राकृतिक खेती उप-मंडल बनने से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था होगी मज़बूत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 27 अप्रैल।** कृषि हिमाचल की अर्थव्यवस्था का मुख्य स्तम्भ है। कृषि व अन्य सम्बद्ध क्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण से प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। इस दिशा में राज्य में प्राकृतिक खेती पद्धति को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस पद्धति को बढ़ावा देने का मुख्य उद्देश्य खेती में आने वाली लागत और अन्य संसाधनों पर निर्भरता कम करना तथा किसानों की आमदनी में वृद्धि करना है।

हिमाचल के दूर-दराज चम्बा जिला की मनोरम पांगी घाटी के किसानों ने प्राकृतिक खेती की सफल मिसाल पेश की है। हिमाचल के मानचित्र में पांगी घाटी का पुंटो गांव प्राकृतिक खेती के लिए आदर्श गांव के रूप में उभर रहा है। पुंटो गांव के कुल 62 किसान परिवारों में से 50 परिवार सफलतापूर्वक प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इस गांव को प्राकृतिक खेती के आदर्श गांव के रूप में उभारने में यहां की प्रगतिशील महिला किसान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं। गांव की कृषक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्राकृतिक खेती से राजमाह, आलू, जौ, बकव्हीट, प्रोसोमिलट और सेब आदि फसलें तैयार कर रही हैं। कृषक स्वयं सहायता समूह की 23 महिलाएं गांव की 25 हैक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक विधि से खेती कर रही हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए विभिन्न प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ-साथ प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने की थी पांगी को हिमाचल का पहला प्राकृतिक खेती उपमंडल बनाने की घोषणा

क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने पांगी प्रवास के दौरान पांगी को हिमाचल का पहला प्राकृतिक खेती उपमंडल बनाने की घोषणा की। इसके लिए 5 करोड़ रुपये का रिवॉलविंग फंड प्रदान किया जाएगा। क्षेत्र के किसानों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्राकृतिक रूप से उगाए गए जौ को 60 रुपये प्रति किलोग्राम के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार के इन प्रयासों के फलस्वरूप वर्तमान में प्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती को अपनाकर आर्थिक समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

प्रगतिशील महिला किसानों को प्रदेश सरकार द्वारा पौधों से संबंधित बीमारियों के लिए प्राकृतिक विधि द्वारा तैयार किए गए लेप, जीवामृत, घनजीवामृत और अग्निशस्त्र की भी जानकारी दी गई है।

इस जानकारी का लाभ उठाकर वे उत्तम खेती के लिए फसलों में इनका छिड़काव करती हैं। इनके उपयोग से उनकी फसलों में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई हैं। शून्य बजट की खेती को अपनाकर आज प्रगतिशील महिला किसानों को सौ फीसदी मुनाफा मिल रहा है।

जनजातीय पांगी घाटी की भौगोलिक परिस्थितियों के फलस्वरूप क्षेत्र के किसान वर्ष भर में एक ही फसल उगा पाते हैं। इस स्थिति में प्राकृतिक खेती उनके लिए लाभदायी साबित हुई है। क्षेत्र की 19 पंचायतों में प्राकृतिक खेती के एक-एक मॉडल गांव बनकर उभरे हैं। पांगी क्षेत्र के 1600 किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। पुंटो गांव की तरह ही क्षेत्र के हिल्लू टवान गांव के 42 में से 32 किसान परिवार सफलतापूर्वक प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।

# प्रदेश सरकार 2 करोड़ रुपए की समर्पित नवाचार निधि स्थापित करने की ओर अग्रसर: संजय अवस्थी

16वीं तीन दिवसीय आई.टी.आई. ज़िला स्तरीय महिला खेल-कूद प्रतियोगिता सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 27 अप्रैल।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाबद्ध कार्य कर रही है और इस दिशा में तकनीकी कौशल विशेष रूप से सहायक सिद्ध हो रहा है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाड़लाघाट में अम्बुजा सीमेंट फाउंडेशन प्राइवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की 16वीं तीन दिवसीय ज़िला स्तरीय महिला वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

इस खेल प्रतियागिता में सोलन ज़िला के 09 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की 204 खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बेडमिंटन व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताओं में भाग लिया। संजय अवस्थी ने कहा कि तकनीकी कौशल भविष्य की समृद्धि का आधार है। प्रदेश सरकार युवाओं को भविष्य की तकनीक में पारंगत बनाने के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसी भविष्य की रोज़गार प्रदान करने वाली तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अत्याधुनिक विचार और पहल आरम्भ करने के लिए 02 करोड़ रुपए की समर्पित नवाचार निधि स्थापित करने की ओर अग्रसर है।

विधायक ने कहा कि समाज में नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकने में युवा महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि नशे से युवाओं को बचाने में खेल-कूद तथा अभिभावकों एवं अध्यापकों की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू महिलाओं के विकास व उनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

संजय अवस्थी ने कहा कि खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दाड़लाघाट में खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। स्टेडियम के निर्माण के लिए लगभग 50 बीघा भूमि का चयन कर लिया गया है और निर्माण कार्य शीघ्र आरम्भ होगा। उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता रही खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

उन्होंने आयोजक समिति को 21 हज़ार रुपए देने की घोषणा की। विधायक ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और सम्बन्धित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर अम्बुजा सीमेंट फाउंडेशन प्राइवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

### बुनकर क्षेत्र की अग्रणी सहकारी सभा भुट्टि-वीवर्ज कोआप्रेटिव सोसाइटी की बैठक

# पहलगाम में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए रखा गया 2 मिनट का मौन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा




**कुल्लू, 27 अप्रैल।** बुनकर क्षेत्र की अग्रणी सहकारी सभा भुट्टि-वीवर्ज कोआप्रेटिव सोसाइटी लिमिटेड का 85वां वार्षिक साधारण अधिवेशन बैठक सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सबसे पहले पहलगांव में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए तथा सहायक पंजीयक कुल्लू जसवाल की धर्मपत्नी, सभा उपाध्यक्ष मोहर सिह की धर्मपत्नी, सदस्य खूब राम के पिता, शुकुन्तला देवी की माता, नील सिह के पिता, मीरा देवी के चाचा व रेशमा देवी की बहन के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। उपाध्यक्ष रोहित ठाकुर ने सभा की 2024-25 की उपलब्धियों व वार्षिक योजना 2025-26 के बारे में विस्तृत जानकारी सभी उपस्थित सदस्यों को दी।

उन्होंने सभा के सभी कर्मचारियों व स्दस्य बुनकरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभा ने इस वर्ष 13.22 करोड रूपये के उत्पाद बेचे है जो गत वर्ष से 45.00 लाख रूपये अधिक है जिसे लिए सभी वधाई के पात्र है, तथा वितीय स्थिति को मद्देनजर रखते हुए 2 अनुबंध कर्मचारियों को नियमित किया गया तथा कर्मचारियों की रोकी गई वेतनवृद्धि को वहाल किया गया।

इसके साथ-2 बुनकरों की 5 प्रतिशत बुनाई दरों को वढ़ाया गया है। वार्षिक योजना की जानकारी देने हुए उन्होनें कहा कि सभा ब्रिकी को वढाने के लिए राष्ट्रीय व अर्तराष्ट्रीय प्रदशनियों को सुनिश्चित कर लगाया जाएगा। घाटे में चल रहे शोरूमों को बन्द करने की योजना है। इस अवसर पर हिमबुनकर के पूर्व उपाध्यक्ष ब्रहम स्वरूप सभा उपाध्यक्ष मोहर सिंह निदेशक मण्डल के सदस्य, निर्मला देवी, मोहर सिह, मदन लाल, टिकम राम, आत्मा राम, कलावती, ईन्द्रा देवी सभा मुख्य महाप्रबन्धक विजय ठाकुर, मुख्य सलाहकार रमेश ठकुर, सभा महाप्रबंधक व अन्य अधिकारी, कर्मचारी, बुनकर सदस्यों सहित 358 सदस्यों में से 160 सदस्यों की उपस्थिति रही।

### बिलासपुर में दिशा की बैठक आयोजित

# सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा




**शाहतलाई, 27 अप्रैल।** जिला मुख्यालय के बचत भवन में शनिवार देर शाम सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में 'दिशा' समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर विधायक रणधीर शर्मा, जेआर कटवाल, त्रिलोक जमवाल सहित कमेटी के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

सांसद अनुराग ठाकुर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत सरकार की सभी योजनाओं का लाभ जनता तक समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को गंभीरता और तीव्रता के साथ क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों से भी केंद्र सरकार की तर्ज पर कार्यप्रणाली में सुधार करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि केवल कागजों पर शत-प्रतिशत उपलब्धि के आंकड़े दिखाने के बजाय जमीनी स्तर पर ठोस कार्य होना चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय और तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा न आए।

ग्रामीण विकास और जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में जल संकट वाले क्षेत्रों के लिए संयुक्त कार्य योजना तैयार करें, जिससे पीने के पानी की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके।

वन विभाग को निर्देशित करते हुए सांसद ने कहा कि जंगलों को आग से बचाने के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं। इसके अतिरिक्त, सभी स्वयं सहायता समूहों और अन्य संगठनों को भी जागरूकता अभियानों से जोड़ा जाए।

कृषि, बागवानी और पशुपालन विभागों को स्थानीय किसानों और बागवानों की आय बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए ताकि उनके अनुभवों का लाभ लिया जा सके। एम्स के आसपास व्यवस्था सुधारने पर बल देते हुए सांसद ने बेसमेंट में जलभराव की समस्या और पार्किंग सुविधा को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही, एम्स में कार्यरत डॉक्टरों और कर्मचारियों के बच्चों के लिए केंद्रीय विद्यालय खोलने हेतु शीघ्र भूमि चयन करने को कहा।

रेलवे अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि रेलवे कार्यों से प्रभावित घरों में दरारों और अन्य समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को असुविधा न हो।

स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि 'टीबी मुक्त भारत' अभियान के तहत जिला को निर्धारित समय से पूर्व टीबी मुक्त करने के प्रयास तेज किए जाएं। सांसद ने बताया कि अब तक जिले की केवल 29 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हुई हैं और शेष पंचायतों के लिए अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता है।

सांसद ने टेलीमेडिसिन सुविधा के तहत लोगों को मिल रही सेवाओं का फीडबैक भी लिया और अधिकारियों से इस योजना के लाभार्थियों के आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में क्षमता निर्माण कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 27 अप्रैल।** पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा - आधारभूत चरण' पर एक दिवसीय सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सी.ओ.ई. पंचकूला द्वारा आयोजित इस समृद्ध सत्र का नेतृत्व सीबीएसई विशेषज्ञों, सुनील कुमार कालातथा रीमा बाथला ने किया। पाठ्यचर्या की रूपरेखा पर आधारित इस सी.बी.पी. कार्यक्रम में पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर सहित अनेक विद्यालयों जैसे-एंजल्स वैली स्कूल राजपुरा, चैपस्ली स्कूल शिमला तथा गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोलन के कुल 59 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी शिक्षकोंमें आँचल अरोड़ा, आशा शर्मा, अभिसारिका सिंह गौर, अनुराधा दास गुप्ता, अरुण कुमार, भावना भंडारी, चंद्रमोहन शर्मा, क्रिस्टीन अंबर तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा, गंजू सुमिता प्रद्युम्न, गुरुमीत कौर, ज्ञानेश्वर गुप्ता, जमुना सिंह, कंचन, किरण अत्री, कुमारी रंजीता, कुसुम लता, मनदीप कौर, नरेश कुमार, नीलम शर्मा, ओम प्रकाश बंसल, पंकज, प्रीति धीर, प्रिया बहादुर, पूनम भारद्वाज, पुष्पारवि, राजीव सिंह, रजनी दत्ता, रीचा थापा, रेखा नेगी, सचिंदर सिंह, संजय चौहान, संजीव कुमार, सारदिंदु मैत्रा, शैली, शांता कुमार, श्वेता छाबड़ा, शिखा ठाकुर, शिवानी गोस्वामी, सुनील कुमार वर्मा, सुरिंदर मेहता, तरूणा शर्मा, त्रिलोक चंद ठाकुर, तुलदीप दास, वंदना सिंह, वंदना वर्मा, वनिता ठाकुर, विनय अत्री, विवेक शर्मा, नीरू मेहता, सीमा भल्ला, आशिमा भट्ट, संतोष राठौड़, शैली शर्मा, सिसिली, दीपक चौहान, ज्योति चौधरी, नेहा चावला तथा तरूणेन्द्र सिंह राणाने कार्यक्रम में भाग लिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रेरणा और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 की प्रगतिशील सोच को आधार बनाते हुएइस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को केंद्रित कर ऐसी शिक्षा को बढ़ावा देना था जो खेलऔर अनुभवों के माध्यम से उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करे। इसमें बुनियादी साक्षरता और गणना कौशल को रोचक और अर्थपूर्ण तरीकों से सिखाने पर ज़ोर दिया गया ताकि छोटे बच्चों को आयु तथा विकास के अनुरूप शिक्षा दी जा सके।

प्रतिभागियों को संवाद और सहयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से यह समझने का अवसर मिला कि शुरुआती वर्षों की शिक्षा को कैसे ज़्यादा प्रभावशाली, समावेशी और आज के दौर में बच्चों की आवश्यकता से जोड़ा जा सकता है। यह कार्यक्रम केवल एक प्रशिक्षण नहीं था बल्कि एक ऐसा अवसर था जिसने शिक्षकों को भविष्य की कक्षाओं की कल्पना करने और उन्हें साकार करने के लिए तैयार किया– जहाँ सीखना सिर्फ किताबों तक सीमित न रहकर एक जीवंत तथा आनंददायक अनुभव बन सके।

# शूलिनी विश्वविद्यालय में इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 27 अप्रैल।** शूलिनी विश्वविद्यालय के विधि विज्ञान संकाय ने विश्वविद्यालय परिसर में द्वितीय इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रारंभिक राउंड में 12 टीमों ने भाग लिया। इनमें से चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं और दो टीमों ने ग्रैंड फिनाले में भाग लिया। कई कठिन राउंड के बाद, 8वें सेमेस्टर की अनन्या और उनकी टीम वाली टीम आईएमसीसी 8001 विजेता बनकर उभरी। एलएलबी और बीएएलएलबी द्वितीय वर्ष के अमित और उनके साथियों वाली टीम आईएमसीसी 4002 उपविजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने प्रभावशाली वकालत कौशल, कानूनी तर्क और कोर्ट रूम शिष्टाचार का प्रदर्शन किया।

ग्रैंड फिनाले का निर्णायक वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एस. गौतम, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय, शिमला से, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रेणु पाल सूद, प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस एडवोकेट राजीव चौहान थे और उनके विशेषज्ञ मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि ने अंतिम दौर को सभी के लिए एक समृद्ध सीखने का अनुभव बना दिया। इस कार्यक्रम का संयोजन विधि विज्ञान संकाय के सहायक प्रोफेसर विनीत कुमार ने किया तथा विधि विज्ञान संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. मोनिका ठाकुर ने सह-संयोजक की। विनीत कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित किया तथा कानून को ÷जैसा है÷ तथा ÷जैसा होना चाहिए÷ के रूप में समझने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को अकादमिक अध्ययन को व्यावहारिक अनुभव के साथ संतुलित करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा व्याख्यात्मक कानून और सेंसरशिप न्यायशास्त्र के बीच अंतर को समझाया।

विधि विज्ञान संकाय के एसोसिएट डीन डॉ. नंदन शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा उनके समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कक्षा में सीखने तथा वास्तविक दुनिया के कानूनी अभ्यास के बीच की खाई को पाटने के लिए ऐसे मंच महत्वपूर्ण हैं। प्रतियोगिता का समापन विधि विज्ञान संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. मोनिका ठाकुर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता ने छात्रों को ड्राफ्टिंग, विश्लेषणात्मक सोच, टीमवर्क और सार्वजनिक बोलने जैसे आवश्यक कानूनी कौशल को बेहतर बनाने में मदद की, जिससे उन्हें अदालती कार्यवाही का वास्तविक दुनिया में अनुभव प्राप्त हुआ।

# हिमाचल में कई आईएएस अफसरों समेत एचपीएएस के हुए तबादले

सिविल सेवा बोर्ड की सिफारिशों पर राज्यपाल ने स्थानांतरण के जारी किए आदेश

आईएएस डॉ.निपुण जिंदल निदेशक, डिजिटल डिजिटल प्रौद्योगिकी और शासन, हिमाचल प्रदेश, शिमला के रूप में कार्य करेंगे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 27 अप्रैल।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार में आईएएस अफसरों का बड़े स्तर पर तबादला हुआ है। सिविल सेवा बोर्ड की सिफारिशों पर राज्यपाल ने रविवार को आईएसएएस समेत एसडीएम स्थानांतरण के आदेश जारी किए। डॉ. निपुण जिंदल, आईएएस को अब से निदेशक, डिजिटल डिजिटल प्रौद्योगिकी और शासन, हिमाचल प्रदेश, शिमला के रूप में कार्य करेंगे। वे एचआरटीसी, शिमला के प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार संभालते रहेंगे। इसी प्रकार आईएएस आबिद हुसैन सादिक को हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, शिमला के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। वे राकेश कुमार प्रजापति, आईएएस को इस अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करेंगे। सार्वजनिक वित्त और सार्वजनिक उद्यम-सह-विशेष सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला जो निदेशक, कोषागार, लेखा और लॉटरी, हिमाचल प्रदेश, शिमला, प्रबंध निदेशक, हिमाचल प्रदेश, वित्तीय निगम, शिमला के पदों का अतिरिक्त कार्यभार




संभाल रहे आईएएस रोहित जामवाल को निदेशक, आयुष, हिमाचल प्रदेश, शिमला के रूप में नियुक्त किया गया है। आईएएस प्रदीप कुमार ठाकुर को मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हिमाचल प्रदेश, शिमला के पद पर नियुक्त किया गया है। उधर, आईएएस प्रियंका वर्मा को हिमाचल प्रदेश के नानन में जिला सिरमौर का उपायुक्त नियुक्त किया गया है।

आईएएस रीमा कश्यप को निदेशक, भाषा कला एवं संस्कृति, हिमाचल प्रदेश, शिमला तथा सचिव, हिमाचल प्रदेश कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी, शिमला के पद पर नियुक्त किया गया है। आईएएस सुमित खिमटा, आईएएस उपायुक्त, जिला सिरमौर, नाहन, हिमाचल प्रदेश को निदेशक, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम सशक्तिकरण विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला के पद पर नियुक्त किया गया है।

आईएएस राहुल कुमार को उपायुक्त, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया है। जफर इकबाल, आईएएस को कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, धर्मशाला का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। वे आदित्य नेगी, आईएएस को इस अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करेंगे। आईएएस किरण भड़ाना को हिमाचल प्रदेश के केलांग में जिला लाहौल और स्पीति का उपायुक्त नियुक्त किया गया है। डॉ. पंकज ललित, आईएएस को अब से निदेशक, महिला एवं बाल विकास, हिमाचल प्रदेश, शिमला के पद पर कार्य करेंगे। आईएएस रितिका को निदेशक, भू-अभिलेख, हिमाचल प्रदेश, शिमला को आयुक्त, धर्मशाला नगर निगम, धर्मशाला, जिला कांगड़ा के रूप में नियुक्त किया गया है। वह धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड, धर्मशाला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी-सह-प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगी। आईएएस ओम कांत ठाकुर को अतिरिक्त उपायुक्त (विकास)-सह-परियोजना निदेशक (डीआरडीए), बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश नियुक्त किया गया है। आईएएस अभिषेक कुमार गर्ग को अतिरिक्त उपायुक्त (देव)-सह-परियोजना निदेशक (डीआरडीए), हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया है। वे आयुक्त, नगर निगम, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के पद का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। आईएएस विजय वर्धन, आईएएस (एचपीः2021), जो सचिव, एच.पी. बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन, धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के पद पर नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आईएएस रूपिंदर कौर उप मंडल अधिकारी (नागरिक), मंडी, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश के पद पर नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रही हैं। इसी तरह डॉ. राजदीप सिंह, आईएएस जो उप मंडल अधिकारी (नागरिक), बिलासपुर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के पद पर नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक अधिकारियों के स्थानांतरण और नियुक्ति का आदेश

एचपीएएस पंकज शर्मा को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (कानून एवं व्यवस्था), शिमला के पद पर नियुक्त किया गया है।एचपीएएस मनीष कुमार सोनी को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, कांगड़ा से धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में नियुक्त किया गया है। मनोज कुमार-ढ्ढढ्ढ, एचपीएएस, जो वर्तमान में उप-मंडल अधिकारी (नागरिक) देहरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के पद पर स्थानांतरण के आदेश के तहत हैं, वे उप-मंडल अधिकारी (नागरिक), उदयपुर, जिला लाहौल और स्पीति, हिमाचल प्रदेश के पद पर बने रहेंगे। अमित कलथैक, एचपीएएस (2021), वर्तमान में उप-मंडल अधिकारी (नागरिक), आनी, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश के पद पर स्थानांतरण के आदेश के तहत, उप-मंडल अधिकारी (नागरिक), रिकांग पियो, जिला किन्नौर, हिमाचल प्रदेश के पद पर रहेंगे। कुलवंत सिंह पोटन, वर्तमान में उपमंडल अधिकारी (नागरिक), सुजानपुर, जिला हमीरपुर के पद पर नियुक्ति के आदेश के तहत उपमंडल अधिकारी (नागरिक), देहरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के पद पर रहेंगे। संजीत सिंह जनहित में आगामी आदेशों तक उपमंडल अधिकारी (नागरिक) सुजानपुर, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के पद का अतिरिक्त कार्यभार संभालते रहेंगे।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्रयागराज से जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे होगा मददगार: योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे का 03 जनपदों हरदोई, शाहजहांपुर तथा हापुड़ में स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने एक्सप्रेवस-वे परियोजना के कार्यों को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम जनपद हरदोई के मल्लावां एवं माधोगंज विकास खण्ड में गंगा एक्सप्रेस-वे का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को एक्सप्रेस-वे परियोजना के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए।

इसके उपरान्त, मुख्यमंत्री ने जनपद शाहजहांपुर की तहसील जलालाबाद के ग्राम पीरु में गंगा एक्सप्रेस-वे का स्थलीय निरीक्षण किया तथा जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने यूपीडा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। जनपद शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस-वे के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री जी ने साढ़े तीन किलोमीटर लम्बी नवनिर्मित हवाई पट्टी का भी निरीक्षण किया, जहां भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों की लैण्डिंग का पहला पूर्वाभ्यास शीघ्र ही होने जा रहा है।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में देश में रेलवे, हवाई अड्डों और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष



2021 में प्रधानमंत्री ने स्वयं शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास किया था। गंगा एक्सप्रेस-वे को फर्रुखाबाद, आगरा एक्सप्रेस-वे और बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्रयागराज से जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण का निर्णय वर्ष 2019 के प्रयागराज कुम्भ में लिया गया था। वर्ष 2020 में मंत्रिपरिषद से स्वीकृति मिलने के बाद तेजी से इस सम्बन्ध में कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया। 594 किलोमीटर लम्बा तथा सिक्स लेन (भविष्य में आठ लेन के लिए तैयार) का यह एक्सप्रेस-वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्रयागराज से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। अब तक 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के लिए 18,000 एकड़ भूमि किसानों से खरीदी गयी। यूपीडा द्वारा इस परियोजना में निवेश कर निर्माण कराया जा रहा है। देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे के रूप में उभरे गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण चार पैकेजों में किया जा रहा है। इसका निर्माण नवम्बर, 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। गंगा एक्सप्रेस-वे पर जनपद शाहजहांपुर में अन्तरराष्ट्रीय स्तर की हवाई पट्टी तैयार की गई है, जिसका उपयोग आपातकालीन स्थितियों में एरोप्लेन की लैण्डिंग और टेक-ऑफ के लिए किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस पट्टी का उपयोग एम्बुलेन्स सहित इमरजेन्सी सेवाओं के लिए भी किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ जैसे आयोजनों के दृष्टिगत मेरठ से हरिद्वार, काशी, पूर्वांचल, गाजीपुर, शक्तिनगर एवं सोनभद्र तक भी कनेक्टिविटी परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 02 मई को गंगा एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों का ऐतिहासिक लैण्डिंग शो आयोजित किया जाएगा।

# सरकारी नीतियों के माध्यम से वित्तीय सफलता प्राप्त करने वाले गरीबों का समर्थन करें: चंद्रबाबू



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**एचेरला।** मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने सरकारी नीतियों के माध्यम से वित्तीय सफलता प्राप्त करने वालों से आगे आकर वंचितों का समर्थन करने और उन्हें हर तरह से आगे बढ़ने में मदद करने का आह्वान किया। शनिवार को मुख्यमंत्री ने श्रीकाकुलम जिले के एचेरला निर्वाचन क्षेत्र के बुडागटलापलेम में 'मत्स्यकारा सेवालो' (मछुआरों की सेवा में) कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाद में, एक जनसभा को संबोधित करते हुए, उन्होंने शून्य गरीबी - पी4 पहल के बारे में बात की।

हमें राज्य से गरीबी को पूरी तरह से मिटाना होगा। केवल सरकारी योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाना ही काफी नहीं है - हमने एक कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें सलाहकार उनका मार्गदर्शन करेंगे और उन्हें व्यापक रूप से ऊपर उठाएंगे। हम उन सलाहकारों के प्रयासों की भी समीक्षा करेंगे, जो परिवारों को गोद लेते हैं, ताकि उनकी प्रगति सुनिश्चित हो सके। मेरा लक्ष्य 2029 तक आंध्र प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाना है। अगर आर्थिक रूप से संपन्न व्यक्ति हर संभव तरीके से गरीब परिवारों की मदद करें, तो समाज में कोई असमानता नहीं रहेगी।

# मोदी का उद्बोधन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की देता है प्रेरणा: भजनलाल

अर्थ प्रकाश/मनोहर लाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने मुंबई प्रवास के दौरान मुंबई हवाई अड्डे पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना और कहा कि उनके शब्दों में गहरा प्रभाव है, जो हमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

श्री शर्मा ने कहा कि इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने भारत की विकास यात्रा की उल्लेखनीय उपलब्धियों का चित्रण करते हुए समाज के प्रत्येक



वर्ग को राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के शब्दों में गहरा प्रभाव है जो हमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

# तिलहन फसलों को बढ़ावा देने में छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड एवं साहू समाज की अहम भूमिका: साय

मुख्यमंत्री तेलघानी विकास बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में हुए शामिल

अर्थ प्रकाश/अखिलेश तिवारी

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के डीडीयू ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार साहू के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्री साहू को उनके नए दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और परंपरागत श्रमशीलता के सम्मान का उत्सव है, जिसने सदियों से प्रदेश की आत्मा को संजोए रखा है। उन्होंने कहा कि श्री जितेन्द्र साहू एक शिक्षित, प्रगतिशील किसान हैं और सामाजिक जीवन का



दीर्घ अनुभव रखते हैं। निश्चित ही, उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड नई ऊंचाइयों को छुएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गर्मियों में खेती के लिए जल और ऊर्जा की अधिक आवश्यकता होती है, ऐसे में फसल चक्र को अपनाते हुए तिलहन फसलों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में साहू समाज और तेलघानी विकास बोर्ड की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'लोकल फॉर वोकल' अभियान को गति मिल रही है, जिसमें तेलघानी विकास बोर्ड प्रभावी योगदान दे सकता है।

मुख्यमंत्री ने सरगुजा जिले के एक गांव का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के किसान सामूहिक रूप से ऑर्गेनिक सुगंधित चावल का उत्पादन कर रहे हैं और उसे 300 रुपये प्रति किलो के भाव से बेच रहे हैं। इसी तरह कुछ किसान पारंपरिक विधि से सरसों का तेल निकालकर 1,000 रुपये प्रति लीटर तक बेच रहे हैं। ऐसे नवाचारों को राज्य भर में प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उनकी सरकार ने 15 महीनों में 'मोदी की गारंटी' के तहत अधिकांश वादों को पूरा किया है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल तक 'आवास सर्वेक्षण प्लस प्लस' अभियान के माध्यम से आवासहीन व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, आवास योजनाओं के नियमों में शिथिलता लाकर अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को लाभ देने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशभर में 3 करोड़ आवास निर्माण का लक्ष्य तय किया है, जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रदेश के 146 विकासखंडों के 1460 गांवों में 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का शुभारंभ किया गया है, जिनके माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचेगा।

# गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष में ऑनलाइन दान की सुविधा उपलब्ध: नेहा शर्मा

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**गोण्डा।** जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा ने जनपद में संचालित 'भूसा दान महादान' अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक बार फिर जनपदवासियों से इस पुनीत कार्य में सहभागिता की भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों की सेवा करना हमारी संस्कृति और मानवीय दायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। जनपद गोण्डा में वर्तमान में कुल 132 गो आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें लगभग 19,648 निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं। शासन द्वारा इनके भरण-पोषण की व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुसार की जा रही है, किंतु गर्मी के मौसम में भूसे और चारे की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए 15 अप्रैल से 31 मई 2025 तक विशेष 'भूसा दान महादान' अभियान संचालित किया जा रहा है। श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा कि अभियान के तहत अब तक कई जागरूक नागरिकों ने भूसा, चारा और सहायता राशि दान कर पुण्य अर्जित किया है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस नेक कार्य में और अधिक संख्या में लोग आगे आएं और अपने नजदीकी गो आश्रय स्थलों पर भूसा, हरा चारा, चोकर, पशु आहार आदि का दान करें। उन्होंने यह भी बताया कि जो व्यक्ति सामग्री दान करने में असमर्थ हैं, वे 'गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष' में ऑनलाइन अथवा बैंक खाते के माध्यम से धनराशि दान कर सकते हैं। दान की गई राशि का उपयोग न केवल गोवंश के भरण-पोषण में किया जाएगा, बल्कि रेडियम पट्टी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में भी किया जाएगा।

# आंतकवाद का सरगना पाकिस्तान अब जमींदोज होने के कगार पर: मंगल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय ने कहा है कि आतंकियों को पालने-पोषने और संरक्षण देने में माहिर आंतकवाद का सरगना पाकिस्तान अब जमींदोज होने के कगार पर है। श्री पांडेय ने रविवार को कहा कि भारत में पहलगाम जैसी आतंकी घटना को अंजाम देने वाले पाकिस्तान की अब खैर नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति के आगे पड़ोसी मुल्क घुटने टेकने लगा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने बिहार की धरती से खुला ऐलान कर दिया है कि आंतकी और आतंकियों के सरपरस्तों की बची हुई जमीं भी अब छीनने वाली है। उसी क्रम में भारत के द्वारा सिंधु जल सन्धि रद्द करने की घोषणा से ही पाकिस्तान हुक्मरा बिलबिलाने लगा है।

मंत्री ने कहा कि भारत ने जैसे ही जलसंधि स्थगित किया है। पाकिस्तान के कमोबेश सारे नेता हकलाने लगे हैं। असल में ऐसे ही निर्णय कुशल राजनीति का हिस्सा होता हैं। अब पाकिस्तानी मीडिया भारत द्वारा झेलम में ज्यादा पानी छो? जाने की भ्रामक खबर भी फैला रहा है। इस वजह से पाकिस्तान में डर के कारण बाढ़ का अलर्ट जारी हो चुका है। बावजूद इसके पाकिस्तान का हलक अब भी सूख रहा है। उन्होंने कहा कि दरअसल भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद भारत को लगातार दुनिया भर का समर्थन मिल रहा है। भाजपा नेता ने कहा है कि आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया।

# नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: सांसद पीसी मोहन

'कर्नाटक के 694 से ज्यादा दिव्यांगों की रुकी जिंदगी हुई फिर से शुरु'

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

बेंगलूरु। संसद की सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद पीसी.मोहन ने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांगों के सशक्तीकरण और इस समुदाय की हर तरह से सेवा करने के लिए तैयार है और नारायण सेवा संस्थान भी दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए जो प्रयास कर रही है। मैं दिव्यांगों और समाज उत्थान के लिए हर तरह से सहयोग करूँगा। यह बातें उन्होंने नारायण सेवा संस्थान द्वारा स्थानीय बसवनगुडी स्थित मराठा हॉस्टल परिसर में चल रहे शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कही। इस शिविर में 694 दिव्यांग लोग निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं कैलीपर फिटिंग में भाग लेने आये थे। उन्होंने कहा कि वे दिव्यांगों से जुड़ी किसी भी समस्या का समाधान करेंगे।

नारायण सेवा संस्थान कर्नाटक में अच्छी सेवा प्रदान कर रही है। यह



संगठन ईश्वर की तरह विकलांगों की मदद कर रहा है। उन्होंने कहा, ÷मैं भी आपके सभी रचनात्मक कार्यों में भाग लूंगा।

शिविर की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि पीसी मोहन एवं विशेष आमन्त्रित समाजसेवी महेंद्र मुनोत, रेलवे बोर्ड के सलाहकार सदस्य अश्विन सेमलानी, कुँवर राकेश देसरला, मूलसिंह राजपुरोहित, रमेश माली, सुनील वैष्णव, राकेश वैष्णव, दिलीप जैन, संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, निदेशक वंदना अग्रवाल, स्थानीय अध्यक्ष विनोद जैन व पलक अग्रवाल मौजूद थे। समाज सेवी महेंद्र मुनोत ने कहा नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों को सशक्त ही नहीं कर रहा बल्कि उनके खोये हुए आत्मविश्वास और निराशा को दूर करने का काम कर रहा है। यह समाज के लिए उपयोगी कार्य है। प्रजा प्रभुत्व सेना के राकेश देशरला ने संस्थान के संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल की वर्षों की सेवा साधना की प्रशंसा की। वहीं शिविर से लाभांवित होकर अपने पैरों पर चलते हुए नई जिंदगी शुरू करने वाले दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं दी।

सभी अतिथियों ने विजिट किया, रोगियों से उनकी आप बीती सुनी और डॉक्टर से फिटमेंट की प्रक्रिया जानी। लाभांवित दिव्यांगों को ट्रेनिंग दी गई, बेटबोल और फुटबाल भी खेलें। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बेंगलूरु के 13 दानियों को सेवा अवार्ड से सम्मानित किया।

# पांचवें चंडीगढ़ म्यूजिक एंड फिल्म फेस्टिवल की उद्घाटन के साथ शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पांचवें चंडीगढ़ म्यूजिक एंड फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ सेक्टर-35 ए, चंडीगढ़ के म्यूनिसिपल भवन में भव्य उद्घाटन के साथ हुआ। बड़ी संख्या में सिनेमा प्रेमियों, छात्रों और उभरते फिल्म निर्माताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गजों और प्रसिद्ध फिल्म निर्माताओं जैसे राहुल रवैल, निर्मल ऋषि, अली असगर, प्रीति सप्रू इनामुल हक, मुश्ताक खान, दिव्येंदु भट्टाचार्य, मनीष वधवा, अनंग देसाई, सुनीता धीर, रुपिंदर रूपी, करमजीत अनमोल, सीमा कौशल, मलकीत पौनी, विजय पाटकर और राजेश शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

फेस्टिवल के पहले दिन विभिन्न प्रकार की फीचर फिल्मों और शॉर्ट फिल्म्स का प्रदर्शन किया गया। दर्शकों को प्रमुख फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, निर्देशकों और निर्माताओं के साथ चर्चा करने का एक अनूठा अनुभव प्राप्त हुआ। इन चर्चाओं ने सिनेमा उद्योग में उभरते रुझानों और फिल्म निर्माण तकनीकों पर महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। फिल्म फेस्टिवल के निदेशक राजेश शर्मा ने कहा, यह फेस्टिवल केवल सिनेमा का उत्सव नहीं है, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां देश भर की कहानियां, आवाजें और रचनात्मक दृष्टिकोण एक साथ आते हैं। अनुभवी और उभरती प्रतिभाओं की इतनी जबरदस्त भागीदारी देखना वाकई उत्साहजनक है।

फेस्टिवल 28 और 29 अप्रैल, 2024 को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में जारी रहेगा। इस दौरान अतिरिक्त स्क्रीनिंग और फिल्म उद्योग के पेशेवरों के साथ इंटरैक्टिव सेशन्स आयोजित किए जाएंगे।



फेस्टिवल के उद्घाटन दिवस पर प्रदर्शित कुछ शॉर्ट फिल्मों में निम्नलिखित शामिल थीं- 'एड्रेस' (निर्देशक अनमोल ठिंद), 'आभास' (निर्देशक- सचिन राहेला),'टिकट' (निर्देशक- सर्व सिंह), 'ट्रेंड' (निर्देशक- अजय सहोता), 'आशिकी ऑन लूप' (निर्देशक- विकी भारद्वाज), 'मंडवी का मलाम' (निर्देशक- नकुल जैन), 'अंग्रेजी वाली मैडम' (निर्देशक- फतेह), 'ग्लिच' (निर्देशक- नव सिद्धू), 'मतलब' (निर्देशक~ गग्गी सिंह), 'चिट्टा वर्सेज मैप्पे' (निर्देशक~ सिमिप्रीत कौर), 'होला मोहल्ला-द सिख फेस्टिवल (निर्देशक- गुरसिमरन सिंह), 'मुनाफा' (निर्देशक~ सपिंदर सिंह शेरगिल), 'किरदार' (निर्देशक- जशन सिंह अनेजा), 'सिरफ- टू द कल्मिनेशन ऑफ थिंग्स (निर्देशक- बलप्रीत कौर), कच्ची उम्र (निर्देशक- अभिलाषा प्रजापति), मैं या भगत÷ (निर्देशक- निशा लूथरा)। चंडीगढ़ म्यूजिक एंड फिल्म फेस्टिवल सिनेमा की जीवंत दुनिया का उत्सव मनाता रहेगा और आने वाले दिनों में और भी रोमांचक स्क्रीनिंग और आकर्षक संवादों का यह वादा करता है।

# लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा: मौर्य

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,(गांव की समस्या -गांव में समाधान)का आयोजन किया जा रहा है,और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण में नये मानकों के अनुरूप नये पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपालो



की अहम् भूमिका रहेगी, इन चौपालों में सम्बन्धित ग्राम सभाओं के पात्रों के चयन/सर्वे में पारदर्शिता का विधिवत आंकलन भी हो सकेगा। ज्ञातव्य है कि नये पात्र लोगों का चयन 31 मार्च 2025 तक किया जाना था, जिसकी समय सीमा बढ़ाकर 30 अप्रैल 2025 तक कर दी गयी है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1335ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3069प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3326ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5830ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 67 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 36 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 90 लाख 57 हजार से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और 04 लाख 97 हजार से अधिक समस्याओं/ प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# गठबंधन सरकार की घोर वित्तीय अनुशासनहीनता दाल में काला: राजेंद्रनाथ

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**हैदराबाद।** वाईएसआरसीपी ने गठबंधन सरकार की वित्तीय अनुशासनहीनता और बजट से इतर उधारी लेने के दौरान निजी (अपने बेनामियो को ) खिलाड़ियों को सरकारी निधियों तक पहुंच की अनुमति देने के उसके फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है।

पूर्व वित्त मंत्री बुग्गना राजेंद्रनाथ ने गुरुवार को यहां हैदराबाद के राज्य प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य खनिज विकास निगम (एपीएमडीसी) के सभी भावी उधारों को गिरवी रखने और निजी पक्षों को समेकित निधि तक सीधी पहुंच की अनुमति देने का सरकार का फैसला बेहद आपत्तिजनक और अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि बांड जारी करने से जुटाई जा रही राशि का इस्तेमाल राजस्व व्यय के लिए किया जाएगा, जिससे आम लोगों पर बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि एनसीडी (गैर परिवर्तनीय डिबेंचर) जारी करने से राज्य पर और बोझ पड़ेगा और इसकी सर्विसिंग पर भारी असर पड़ेगा। बांड जारी करना सामान्य बात है, लेकिन बांड के संरक्षक निजी पक्ष को आरबीआई से सीधे धन निकालने की अनुमति देना अभूतपूर्व और आपत्तिजनक है और हम मांग करते हैं कि ऐसे गठबंधन सहयोगियों को इस विसंगति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और चंद्रबाबू सरकार से सवाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बांड के माध्यम से जुटाई जाने वाली राशि एपीएमडीसी के राजस्व से कई गुना अधिक है और यह राशि विविध खाते और राजस्व व्यय के लिए जाएगी और एक ऐसी सरकार के लिए जो धन सृजन का दावा करती है, यह पूरी तरह से इसके विपरीत है। जब वाईआरसीपी ने कुछ संपत्तियों को गिरवी रखा था, तो गठबंधन सहयोगियों ने शोर मचाया था और ऑफ-बजट उधार के बारे में ऊंचे स्वर में बात की थी, लेकिन अब वही गठबंधन ऐसी वित्तीय अनियमितता की मांग कर रहा है, जो अत्यधिक निंदनीय है। वाईएस जगन मोहन रेड्डी सरकार की तुलना में, गठबंधन सरकार के ऋण बढ़ गए हैं और राजस्व कम हो गया है चुनावों के दौरान किए गए वादों के अनुसार कोई भी कल्याणकारी योजना लागू नहीं की गई है, किसानों से लेकर छात्रों, महिलाओं, कर्मचारियों और व्यापारियों तक सभी वर्ग के लोग सरकार से निराश हैं। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल के दौरान एकत्र किए गए अतिरिक्त वैट का उपयोग कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया गया था और हमने निगम के पैसे का दुरुपयोग नहीं किया। उन्होंने कहा कि कोविड के बावजूद, हमने गरीबों के कल्याण के अपने एजेंडे को पूरा करने के अलावा बेहतर तरीके से वित्त का प्रबंधन किया है, जबकि गठबंधन निजी व्यक्तियों को सरकारी खजाने से लाभान्वित करने की कोशिश कर रहा है। कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने में विफलता



और धन सृजन की अवधारणा के विफल होने से गठबंधन सरकार का धोखा उजागर हुआ है क्योंकि समाज का हर वर्ग प्रभावित है।

बुग्गना राजेंद्रनाथ ने बताया कि आंध्र प्रदेश खनिज विकास निगम के माध्यम से गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के माध्यम से 9,000 करोड़ रुपये जुटाने का ञ्जष्ठक्क के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का कदम गंभीर वित्तीय कुप्रबंधन और संवैधानिक सिद्धांतों का घोर उल्लंघन दर्शाता है। एपीएमडीसी की सीमित पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं के बावजूद - चूंकि खनन संचालन बड़े पैमाने पर आउटसोर्स किया जाता है - सरकार अपने स्वयं के राजस्व व्यय को वित्तपोषित करने के लिए पीएसयू को भारी कर्ज में धकेल रही है। परिचालन और रणनीतिक विकास के लिए लक्षित धन का यह मोड़ एपीएमडीसी को उसके मुक्त नकदी प्रवाह से वंचित करता है और इसकी दीर्घकालिक स्थिरता को कमजोर करता है।

इस निर्गम के बाद, एपीएमडीसी का कुल कर्ज बोझ 10,000 करोड़ रुपये को पार कर जाएगा, जिससे इसका ऋण-से- ईबीआईटीडीए अनुपात 8.25 गुना से अधिक हो जाएगा - एक खतरनाक रूप से उच्च स्तर जो अस्थिर उधारी का संकेत देता है। इससे एपीएमडीसी को कर्ज चुकाने के लिए राज्य सरकार पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे उसकी स्वायत्तता और वित्तीय सेहत खतरे में पड़ जाती है।

सबसे ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि इसमें राज्य के समेकित कोष से सीधे डेबिट क्लॉज को शामिल किया गया है। यह प्रावधान निजी एनसीडी धारकों को संविधान के अनुच्छेद 203 और 204 में उल्लिखित विधायी प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए डिफ़ॉल्ट के मामले में समेकित कोष से धन निकालने की अनुमति देता है। यह अनुच्छेद 293(1) और 293(3) का भी उल्लंघन करता है, जो राज्य के उधार को विनियमित करते हैं और नए कर्ज के लिए केंद्र की मंजूरी को अनिवार्य बनाते हैं। जारी करने के लिए, टीडीपी सरकार ने न केवल एपीएमडीसी के भविष्य के राजस्व को गिरवी रखा है, बल्कि आंध्र प्रदेश भर में लघु खनिज अधिकारों के पूरे पोर्टफोलियो को भी गिरवी रखा है - एक अभूतपूर्व कदम जो महत्वपूर्ण सार्वजनिक संसाधनों को जोखिम में डालता है। विडंबना यह है कि वही नेता जो कभी कलेक्टर के कार्यालय को गिरवी रखने की निंदा करते थे, अब राज्य की प्राकृतिक संपदा से समझौता कर रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सोंध नाभा के गांव कैदुपुर के खेतों में लगी आग का जायजा लेने पहुंचे, कहा-

# पंजाब की मान सरकार किसानों के साथ, आग से हुए आर्थिक नुकसान की होगी भरपाई

घायल मजदूर का पूरा इलाज करवाएगी सरकार, डॉ बलबीर ने खुद पीजीआई में उसके इलाज के लिए बात की है: सोंध



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटियाला, 27 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री तरुण प्रीत सिंह सोंध ने रविवार को नाभा के गांव कैदुपुर के करीब 25 एकड़ खेतों में लगी आग का जायजा लिया और स्थानीय किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना।

मंत्री सोंध ने किसानों को सरकार की तरफ से मदद का भरोसा दिया और कहा कि आग के कारण स्थानीय किसानों को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई करने के लिए पंजाब सरकार सभी को उचित मुआवजा देगी।

उन्होंने आग लगने के दौरान घायल हुए एक खेत मजदूर की स्थिति के बारे में भी जाना और कहा कि उसका सारा इलाज पंजाब सरकार करवाएगी। इसके लिए हमारे स्वास्थ्य मंत्री डॉ बलबीर सिंह ने खुद पीजीआई के डॉक्टरों से बात की है और उसका अच्छा इलाज करवाने को कहा है।

सोंध ने कहा कि आप सरकार पंजाब के किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। यहां के विधायक और हमारे कैबिनेट मंत्री डॉ बलबीर सिंह आज अमृतसर में हैं, इसलिए वह नहीं आ सकें, लेकिन उन्हें जैसे ही घटना के बारे में पता चला, उन्होंने तुरंत मुझे कॉल किया और यहां आने को कहा। अमृतसर से लौटने के बाद वह खुद भी यहां आएंगे।

### सरकार किसानों के साथ नहीं होने देगी कोई नुकसान

उन्होंने कहा कि अचानक मौसम बदलने, बिजली के तारों की स्पार्किंग या बीड़ी-सिगरेट बिना बुझाए फेंक देने के कारण इस मौसम में खेतों में आग लग जाती है। इसके अलावा भी आग लगने के कई अन्य कारण होते हैं। लेकिन किसानों को इससे घबराने की जरूरत नहीं है। पंजाब सरकार उनके साथ खड़ी है। हम किसानों को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होने देंगे। इसके साथ ही मंत्री ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जो भी नुक्सान हुआ है उसका सर्वेक्षण करें और प्रभावित किसानों की सूची बनाकर शीघ्र मुआवजा प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने यह भी कहा कि आग जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोग सतर्क रहें और प्राकृतिक आपदाओं से पहले ही सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार किसानों की सरकार है और हमारा उद्देश्य सिर्फ राहत देना नहीं, बल्कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकना भी है। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि वे बिजली के तारों की नियमित जांच करवाएं और जिन क्षेत्रों में फायर सेफ्टी इंतजाम नहीं हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर फायर अलर्ट सिस्टम लगाया जाए।

# तीन दशक बाद कांग्रेस से मोहभंग, भूपिंदर सिंह भिंदा आम आदमी पार्टी में शामिल

अर्थ प्रकाश/चौहान



**लालड़ू, 27 अप्रैल।** तीन दशक से कांग्रेस पार्टी के समर्पित सिपाही रहे भूपिंदर सिंह भिंदा रानीमाजरा ने आज आम आदमी पार्टी (आप) का हाथ थाम लिया। लालड़ू से विधायक कुलजीत सिंह रंधावा की मौजूदगी में भिंदा ने अपने समर्थकों के साथ औपचारिक रूप से 'आप' जॉइन की।

पूर्व सरपंच भूपिंदर सिंह भिंदा ने कहा कि कांग्रेस में अब वंशवादी राजनीति हावी हो गई है और मेहनतकश कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी अब केवल कुछ परिवारों के इर्द-गिर्द घूम रही है, जबकि ज़मीनी कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जा रहा है। भिंदा ने कांग्रेस के डेराबसी हलका प्रभारी दीपइंदर ढिल्लों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने वर्षों तक पार्टी के खिलाफ अंदरूनी साजिशें रचीं। भिंदा ने आरोप लगाया कि 2002 में टिकट न मिलने पर ढिल्लों ने कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ काम किया, जिससे पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद भी वे लगातार राकेश शर्मा और जसजीत रंधावा जैसे प्रत्याशियों के खिलाफ काम करते रहे।

भिंदा ने कहा कि सत्ता और पैसे के लालच में ढिल्लों ने पुराने कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करवाए और पार्टी में गुटबाजी को बढ़ावा दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब जब ढिल्लों की साख कमजोर पड़ी है, तो वह अपने बेटे को संगठन में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि वफादार कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है।

भिंदा ने कांग्रेस हाईकमान पर भी सवाल उठाए कि समय पर कार्यकर्ताओं की शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, 'मैंने पार्टी के हित में कई बार सच्चाई सामने रखी, लेकिन कभी हमारी बात नहीं सुनी गई।' विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने भूपिंदर सिंह भिंदा का आम आदमी पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि उनका अनुभव और जनता से जुड़ाव पार्टी को रानीमाजरा, लालड़ू और हंडेसरा जैसे क्षेत्रों में मजबूत बनाएगा।

# 'एक अरदास सेवा सोसाइटी' ने आयोजित किया नशा जागरूकता अभियान

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**लुधियाना, 26 अप्रैल।** 'एक अरदास सेवा सोसाइटी' द्वारा आज मन्नत इंटरनेशनल स्कूल में एक भव्य नशा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लुधियाना की मेयर इंदरजीत कौर जी ने शिरकत की। विशेष वक्ताओं के रूप में परमपाल सिंह और डॉ. पुष्पिंदर सिंह ने नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचाव के उपायों पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उनके प्रेरणादायक भाषणों ने सभी उपस्थितजनों में जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

'एक अरदास सेवा सोसाइटी' के अध्यक्ष नितिन शर्मा जी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सोसाइटी के सहयोगी सदस्य पियूष गौतम, रोहित राय, करण गोगिया, दीपक जैन और दिव्या डोगरा ने भी इस अभियान के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सुंदर स्किट और माइम प्रदर्शन किए, जिसे सभी ने खूब सराहा। प्रस्तुति के बाद 'एक अरदास सेवा सोसाइटी' द्वारा मुख्य अतिथि और वक्ताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर 'एक अरदास सेवा सोसाइटी' की ओर से सभी उपस्थितजनों के लिए लंगर (भोजन) का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने श्रद्धा और सम्मान के साथ भाग लिया। यह अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

31 मई तक सभी नशा तस्करों पर शिकंजा कसने का आदेश, 'आप' नेताओं ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के फैसले को बताया साहसिक कदम

# पंजाब में नशे के सौदागरों की उलटी गिनती शुरू: ग्यासपुरा

कहा-आप सरकार राज्य को उड़ता पंजाब से रंगला पंजाब बनाएगी

'युद्ध नशयां विरुद्ध' के तहत अब तक 4,659 एफआईआर दर्ज, 7,414 ड्रग तस्कर गिरफ्तार, 67 अवैध संपत्तियां ध्वस्त और 67 इनकाउंटर हुए: दीपक बाली



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 27 अप्रैल।** मान सरकार ने ÷युद्ध नशयां विरुद्ध÷ अभियान के तहत नशा तस्करों के खिलाफ अपनी लड़ाई और तेज कर दी है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने सरकार के इस मिशन में हुई महत्वपूर्ण प्रगति और भविष्य की रणनीतियों की जानकारी दी और नशे को समाप्त करने के प्रति पार्टी और सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आम आदमी पार्टी के विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा ने 31 मई तक सभी नशा तस्करों को गिरफ्तार करने की निश्चित और अंतिम समय सीमा तय करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब के डीजीपी गौरव यादव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीजीपी ने राज्य के सभी एसएसपी और पुलिस कमिश्नरों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि नशा तस्करी में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को हर हाल में 31 मई तक गिरफ्तार किया जाए।

वहीं आप नेता दीपक बाली ने बताया कि यह मिशन शुरू होने के बाद से नशा तस्करी में शामिल 4,659 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और 7,414 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं सरकार ने मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध धन से निर्मित 67 इमारतों को भी ध्वस्त कर दिया है तथा आपराधिक तत्वों का सफाया करने के लिए पुलिस ने 67 इनकाउंटर किए। वहीं हेरोइन अफीम गांजा भुक्की समेत हजारों किलो नशीले पदार्थ जब्त किए। यह पंजाब की पीड़ा से लाभ उठाने वालों के प्रति आप सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाती हैं।

आप प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि यह समय सीमा निर्धारित होने के बाद यदि नशा तस्करी का कोई मामला सामने आता है तो संबंधित एसएसपी और सीपी को सीधे तौर पर जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आदेश पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए आप सरकार के दृढ़ संकल्प की पुष्टि करता है।

### नशे की समस्या से निपटने के लिए अपनाई गई व्यापक रणनीति

आप नेता बब्बी बादल, शमिंदर खिंडा ने कहा कि मान सरकार ने नशीली दवाओं की समस्या से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई है, जिसमें इस मुद्दे के हर पहलू पर ध्यान दिया गया है। एक तरफ सरकार मादक पदार्थों की आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ रही है और नशा तस्करों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर रही है, वहीं दूसरी तरफ सरकार नशे की लत से उबरने वाले व्यक्तियों की सहायता के लिए पुनर्वास केंद्रों को मजबूत कर रही है। इसलिए यह एक सामूहिक मिशन बन गया है और आम जनता का समर्थन मिल रहा है।

### नशा तस्करों के खिलाफ पंचायतों के प्रस्ताव तारीफ योग्य: आहलूवालिया

आप नेता डॉ. सनी आहलूवालिया ने पंचायतों द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ पास किए गए प्रस्तावों को की तारीफ की और गोनियाना ब्लॉक की सभी पंचायतों द्वारा पिछले दिनों लाए गए प्रस्ताव का उदाहरण दिया कि नशे से गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति पर न केवल कानूनी कार्रवाई की जाएगी, बल्कि उसका सामाजिक बहिष्कार भी किया जाएगा। उन्होंने नशा तस्करों से मिलीभगत के लिए पिछली सरकारों की आलोचना की और कहा कि पिछली सरकारों ने ड्रग तस्करों को बढ़ावा देकर युवाओं का भविष्य खतरे में डाला। इसके विपरीत, मान सरकार ने लोगों की पीड़ा को दूर करने के लिए पंजाब से नशे को समाप्त कर रही है। आप नेता आर.पी.एस मल्होत्रा और चरणजीत धालीवाल ने भी इस फैसले के लिए पंजाब सरकार कघ सराहना की। सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके सफल नेतृत्व और लोगों के समर्थन से नशा मुक्त पंजाब बनाने का हम-सब का सपना जल्द पूरा होगा और पंजाब पहले की तरह फिर से खुशहाल और संपन्न राज्य बनेगा।

कटारिया ने भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति में विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माण विधि का अवलोकन किया

# अब तक सवा दो लाख दिव्यांगों की सेवा कर चुकी है बीएमवीएसएस : कटारिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जयपुर, 27 अप्रैल।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचन्द कटारिया ने रविवार को भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) में विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माण विधि का अवलोकन किया।

राज्यपाल कटारिया का स्वागत बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष एस.एस. भण्डारी, सचिव भूपेन्द्र राज मेहता, तकनीकी सचिव डॉ. दीपेन्द्र मेहता और कोषाध्यक्ष विमल चौपड़ा ने किया।

तकनीकी सचिव डॉ. दीपेन्द्र मेहता ने राज्यपाल को जयपुर फुट की उपयोगिता और निर्माण विधि के बारे में जानकारी दी।

राज्यपाल ने दिव्यांगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बी.एम.वी.एस.एस. आज विकलांगों के पुनर्वास की विश्व में सबसे बड़ी संस्था है। उन्होंने कहा कि बी.एम.वी.एस.एस., जो अपना स्वर्ण जयंती मना रही है, ने डी.आर. मेहता के नेतृत्व में एक ऐसी संस्था का निर्माण किया है जो केवल सेवा भाव के कारण विश्वभर में ख्यातिप्राप्त कर चुकी है।

राज्यपाल कटारिया ने कहा कि जब से उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की, तब से वह डी.आर. मेहता को मसीहा के रूप में देख रहे हैं। डी.आर. मेहता ने जयपुर फुट से न सिर्फ भारत के दिव्यांगों को चलने-फिरने योग्य बनाया, बल्कि विश्व के 44 देशों के 44 हजार दिव्यांग भी जयपुर फुट पर चलने-फिरने योग्य बन गए हैं।

राज्यपाल कटारिया ने कहा कि अब तक सवा दो लाख दिव्यांगों की सेवा जयपुर फुट के जरिए बी.एम.वी.एस.एस. कर चुकी है और कृत्रिम पैर, हाथ तथा उपकरण निःशुल्क प्रदान कर चुकी है, जिसका विश्व में कोई दूसरा उदाहरण नहीं है।

राज्यपाल कटारिया, जो चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य प्रशासक भी हैं, ने कहा कि वह पंजाब सरकार के सहयोग से पंजाब में जयपुर फुट के एक स्थायी केंद्र की स्थापना के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने डी.आर. मेहता और कार्यकारी अध्यक्ष एस.एस. भण्डारी को बी.एम.वी.एस.एस. की कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ पंजाब सरकार से बातचीत कर पंजाब में एक स्थायी केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। एस.एस. भण्डारी ने राज्यपाल को चांदी की नांदी और धार्मिक पुस्तक भेंट की।

# पंजाब में मंत्री के गनमैन की गोली लगने से मौत

## बहन बोलीं- गांव की लड़की से अफेयर चल रहा था, घर बुलाकर मारा

दो अलग- अलग बात आ रही सामने



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**खन्ना, 27 अप्रैल।** खन्ना में पंजाब पुलिस के कांस्टेबल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान गुरकीरत सिंह गोल्डी के रूप में हुई है। घटना खन्ना के दोराहा थाना क्षेत्र के गांव रामपुर में हुई। वह कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां का गनमैन बताया जा रहा है। गुरकीरत सिंह गोल्डी अपने गांव में एक घर गए थे। वहां कथित तौर पर झगड़े के दौरान कार्बाइन से गोली चली। गोली लगने से कांस्टेबल मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मामले को लेकर दो अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। गोल्डी के परिवार का आरोप है कि उनकी हत्या की गई है। परिवार ने बताया कि जिस घर में घटना हुई, उनके साथ पुरानी रंजिश चल रही थी। गोल्डी दोपहर में वहां गए थे। शाम 5 बजे परिवार को सूचना मिली कि उन्होंने खुदकुशी कर ली है। दूसरी ओर, घटनास्थल वाले घर के लोगों का कहना है कि गोल्डी ने खुद को गोली मार ली। घटना की जांच के लिए डीएसपी पायल हेमंत मल्होत्रा और दोराहा थाना एसएचओ आकाश दत्त मौके पर पहुंचे। मौत के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### मामला प्रेम संबंधों का निकला

कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां के गनमैन की मौत का मामला प्रेम संबंधों का निकला। मृतक की बहन ने बताया कि उसके भाई का गांव की लड़की के साथ अफेयर था। लड़की ने शादी करा ली। इसके बाद भी उसके भाई से फोन पर बात करती थी। आज लड़की वालों ने उसके भाई को अपने घर बुलाकर गोली मार दी। डीएसपी हेमंत मल्होत्रा ने भी माना कि मामला अफेयर का है। पुलिस जांच कर रही है। डीएसपी ने कहा कि गुरकीरत सिंह गोल्डी मंत्री मुंडियां के साथ गनमैन था।

# सन्मति विमल जैन स्कूल में स्वागत समारोह



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जगराओं, 27 अप्रैल।** सन्मति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जगराओं में नर्सरी/केजी कक्षा में दाखिला लेने वाले नए विद्यार्थियों के लिए शनिवार को फ्रेशर पार्टी दी गई। जिसमें उनका स्वागत किया गया और उनकी नींव मजबूत करने का आशीर्वाद दिया गया। पार्टी के आयोजन का उद्देश्य बच्चों के मन में स्कूल के प्रति रुचि पैदा करना तथा बच्चों को घर जैसा माहौल प्रदान करना था। नदेशक मैडम शशि जैन और प्रिंसिपल मैडम सुप्रिया खुराना ने बच्चों का अपने स्कूल प्रांगण में स्वागत किया और उन्हें संदेश व आशीर्वाद देते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं। नर्सरी लोटस के इक्सान सिंह को मिस्टर फ्रेशर तथा नर्सरी रोज की अनहना को मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया। प्रिंसिपल मैडम ने सभी बच्चों को चॉकलेट, वेफर्स और टॉफियां बांटी। इस अवसर पर सोनिया कपूर, रजनी रिहान, शशि शर्मा, निधि जैन, शैली गाबा, आरती पलाटा आदि उपस्थित थे।

# 30 अप्रैल को संघर्ष की वर्षगांठ पर अखाड़ा में एक उत्पीड़न-विरोधी सम्मेलन आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जगराओं, 27 अप्रैल।** जगरांव के अखाड़ा गांव बायोगैस फैक्ट्री के निर्माण के विरोध में वर्ष भर से चल रहे विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही समिति की आज गांव अखाड़ा में बैठक हुई। भारतीय किसान यूनियन एकता डकौंदा के प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह धनेर की अध्यक्षता में हुई बैठक में संघर्ष के एक वर्ष पूरे होने पर 30 अप्रैल को गांव अखाड़ा में दमन विरोधी कांफ्रेंस करने का फैसला लिया गया। बैठक में किसान नेता मनजीत धनेर ने संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा अखाड़ावासियों को पिछले दिन पुलिस दमन का साहस और धैर्य के साथ विरोध करने के लिए भेजे गए बधाई संदेश को साझा किया। लुधियाना, बरनाला और मोगा जिलों में पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में गिरफ्तार किए गए किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं समेत गांव की छह महिलाओं की संगठित संघर्ष की ताकत और संघर्ष मोर्चे की निरंतरता के जरिए रिहाई को ग्रामीणों की जीत घोषित किया गया। बैठक में हजारों की संख्या में आई पांच जिलों की पुलिस ने जिस तरह संघर्ष मोर्चा का शेड गिराया, उसे लेकर पंजाब सरकार को कड़ी चेतावनी दी गई। तोड़फोड़ की गई, सामान लूटा गया, लाठीचार्ज कर लोग घायल हुए, इसकी भगवंत मान सरकार को राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी। आम आदमी पार्टी को इससे पार पाना होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ गांव का बच्चा-बच्चा इस कैंसर फैलाने वाली फैक्ट्री को बंद करवाने के लिए एक साल से अड़ा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ पंद्रह हजार लोगों के हक की बात सुनने की बजाय एक व्यक्ति को प्राथमिकता देकर सरकारी खजाना बर्बाद किया जा रहा है। संविधान के अनुसार ग्राम पंचायत लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्राथमिक संसद है और वह प्रस्ताव पारित कर इस फैक्ट्री को हटाने की मांग कर रही है, लेकिन उसे प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। पंजाब सरकार हाईकोर्ट में लोगों का पक्ष मजबूती से रखने की बजाय फैक्ट्री मालिक का पक्ष रख रही है, जबकि जरूरत इस फैक्ट्री का लाइसेंस रद्द कर इसे स्थाई रूप से बंद करने की है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघर्ष मोर्चा को पूरी ताकत से जारी रखा जाएगा तथा इसे विजय तक ले जाया जाएगा। इस समय जिला अध्यक्ष जगतार सिंह देहरका भारतीय किसान यूनियन एकता डकौंदा ने कहा कि कल 28 अप्रैल को पूरे पंजाब की तरह संयुक्त किसान मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल अखाड़ा संघर्ष मोर्चा पर किए गए जुल्म के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट लुधियाना को विरोध प्रदर्शन और मांग पत्र देगा। इस बैठक में कंवलजीत खन्ना, इंदरजीत सिंह धालीवाल, तरसेम सिंह बासुवाल, गुरतेज सिंह तेजी, सुखजीत सिंह, जसवीर सिंह सरपंच और सभी कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

# विशाल पेपर मिल के बॉयलर में अचानक लगी आग, जनहानि से बचाव

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 27 अप्रैल।** मुबारकपुर रामगढ़ रोड स्थित एक पेपर मिल में अचानक आग लग गई। इसकी सूचना डेराबस्सी फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को दी गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने आग पर काबू पा लिया और किसी भी तरह की जनहानि होने से बचा लिया।

प्राप्त जानकारी अनुसार, फायर ऑफिसर महेंद्रपाल ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 10 बजे सूचना मिली। मुबारिकपुर रामगढ़ रोड स्थित विशाल पेपर मिल के बॉयलर में अचानक आग लग गई। वे दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के साथ मौके पर पेपर मिल पहुंचे। उन्होंने कहा कि आग अभी फैलना शुरू ही हुई है। जिसे वे समय रहते नियंत्रित करने में कामयाब रहे। इस दौरान जान-माल की हानि टल गई। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है।

### सुंदरनगर पहुंचे भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, बोले-

# आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाएंगे पाक की धमकियों से कुछ नहीं होगा

पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने लिया कड़ा निर्णय

अर्थ प्रकाश संवाददाता






**मंडी, 27 अप्रैल।** भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। हिमाचल के सुंदरनगर पहुंचे ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान की धमकियों से कुछ नहीं होगा। भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने को तैयार है।

अनुराग ठाकुर ने बिलावल भुट्टो जरदारी के सिंधु जल समझौते पर दिए गए बयान को लेकर कहा कि भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगी। पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत सरकार ने कड़ा निर्णय लिया है।

ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को पनपाने और पालने-पोसने का काम किसी से छिपा नहीं है। निर्दोष लोगों की जान लेने के बाद बेशर्मी से बयान देना, पाकिस्तान की मंशा को दर्शाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार पाकिस्तान को माफी नहीं मिलेगी।

इसी दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा में उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने बताया कि 2012 तक एनसीआरटी की किताबों में राहुल और सोनिया गांधी के निर्देश पर डॉ. अंबेडकर का अपमानजनक चित्र छापा जाता था। इस चित्र में पंडित नेहरू के हाथ में चाबुक दिखाया गया था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर के जीवनकाल में उन्हें अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ा।

# राज्य सरकार ने चिकित्सा विशेषज्ञों के स्टाइपंड में 170 प्रतिशत तक की वृद्धि की

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 27 अप्रैल।** राज्य सरकार ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और विशेषज्ञ चिकित्सकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक तकनीकों के उपयोग और चिकित्सा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के साथ-साथ, सरकार ने वरिष्ठ रेजिडेंट, विशेषज्ञ और सुपर स्पेशलिस्ट के स्टाइपंड में बढ़ोतरी की घोषणा की है।

राज्य सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए, चिकित्सा विशेषज्ञों के मासिक स्टाइपंड में 50 से 170 प्रतिशत की वृद्धि की है। वरिष्ठ रेजिडेंट और ट्यूटर स्पेशलिस्ट के लिए स्टाइपंड 60,000-65,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है, जबकि सुपर स्पेशलिस्ट और वरिष्ठ रेजिडेंट (सुपर स्पेशलिस्ट) के लिए स्टाइपंड 60,000-65,000 से बढ़ाकर 1.30 लाख रुपये तक कर दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश में छह मेडिकल कॉलेज और एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल हैं। आईजीएमसी शिमला और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा जैसे संस्थान पोस्टग्रेजुएट सुपर स्पेशलिस्ट और सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के सहयोग से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। हालांकि, राज्य के मेडिकल कॉलेजों में स्वीकृत 751 पदों में से, वर्तमान में केवल 375 ही भरे हुए हैं, 376 विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद रिक्त हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इस चुनौती की गंभीरता को समझते हुए, वर्तमान राज्य सरकार ने निर्णायक कदम उठाए हैं, जो पूर्व सरकार नहीं उठा सकी। बढ़ाए गए स्टाइपंड से कुशल चिकित्सा पेशेवरों के लिए सरकारी सेवा को और अधिक आकर्षक बनाने की उम्मीद है, जिससे इस महत्वपूर्ण अंतर को मिटाने और सभी स्तरों पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

राज्य में चिकित्सा विशेषज्ञों को आकर्षित करने के एक अन्य कदम में, अध्ययन अवकाश पर गए चिकित्सकों को पूरा वेतन मिलेगा, जिससे उनके पेशेवर विकास को और बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार डॉक्टर-नर्स-रोगी अनुपात के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों को लागू करने के लिए कार्य कर रही है और इन मानदंडों को पूरा करने के लिए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है, जिससे राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, हर वर्ष लगभग 9.5 लाख मरीज इलाज के लिए हिमाचल प्रदेश से बाहर जाते हैं, जिससे राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को 1350 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान होता है।

# धर्मशाला में आईपीएल मैचों की तैयारी, 4 मई से शुरू होंगे मुकाबले

टिकट बिक्री शुरू; 1500 से 7500 रुपए तक कीमत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**धर्मशाला, 27 अप्रैल।** धर्मशाला का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए तैयार है। यहां 4, 8 और 11 मई को तीन मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला 4 मई को पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच शाम 7.30 बजे से होगा। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने टिकटों की कीमतें तय कर दी हैं। सबसे सस्ती टिकट 1500 रुपए का है। पैवेलियन टैरेस की टिकट 7500 रुपए में मिलेगी। पूर्वी और पश्चिमी स्टैंड की टिकट की कीमत 6 हजार और 5 हजार रुपए हैं। उत्तरी स्टैंड और नॉर्थ पैवेलियन स्टैंड की टिकटें 3750 रुपए में उपलब्ध हैं। वेस्ट स्टैंड टू की 2250 रुपए, नॉर्थ-वेस्ट स्टैंड की 2000 रुपए तथा ईस्ट स्टैंड टू, नॉर्थ वन और ईस्ट टू की टिकटें 1750 रुपए में मिल रहा है।



### छह सेक्टरों में बांटा गया शहर

सुरक्षा व्यवस्था के लिए शहर को 6 सेक्टरों में बांटा गया है। करीब एक हजार पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। वाहन पार्किंग के लिए मैदान, फुटबॉल ग्राउंड चरान और दाड़ी मेला ग्राउंड चुने गए हैं। वीवीआईपी पार्किंग साई मैदान में और मीडिया पार्किंग बॉयज स्कूल में होगी। मैचों के दौरान विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा। कॉलेज से स्टेडियम रोड और आईटीआई दाड़ी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। भीड़भाड़ से बचने के लिए कई सड़कों को वन-वे किया जाएगा। एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री के अनुसार, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की योजना टीमों के आगमन से पहले लागू कर दी जाएगी।

### अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ ने मनाया 90वां स्थापना दिवस

# लोक कवि एवं जननायक कॉमरेड शमशेर सिंह के परिवारजनों को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/देशराज



**बरठी,27 अप्रैल।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ हिमाचल प्रदेश बिलासपुर इकाई द्वारा अपने 90वें स्थापना दिवस व जाने माने लोक कवि स्व कामरेड शमशेर सिंह व उनके परिवार के सम्मान समारोह के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दधोल सहकारी सभा के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में कवियों ने कविताओं के माध्यम से स्व कामरेड शमशेर सिंह को याद किया गया। वहीं स्व कामरेड शमशेर सिंह की जीवनी पर आधारित फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

इस कार्यक्रम में सेवा निवृत्त आईएएस शक्ति सिंह चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि पर शिरकत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय प्रलेश महासचिव सुखदेव सिंह सिरसा द्वारा की गई। कामरेड शमशेर सिंह के परिवार के सदस्यों के अलावा क्षेत्र की विभूतियों को समानित किया गया। शमशेर सिंह द्वारा हिमाचल , बिलासपुर के लिए किए गए योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में पहलगांव में जान गंवाने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ लोकप्रिय गायक सुरेश वर्मा ने बिलासपुर लोकजन कवि स्व.शमशेर शमशेर सिंह के लिए लोकगीत सुना कर सभी को भाव विभोर कर दिया। हिमाचल प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष गंगाराम राजी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया जिनमें डाक्टर सुखदेव सिंह सिरसा, महासचिव अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ, शक्ति सिंह चंदेल पूर्व आई ए एस व साहित्यकार, रत्नी देवी , वासुदेव बसु, प्रेमी देवी शास्त्री, स्वतंत्रता सेनानी प्रो सुरजीत सिंह जज, अध्यक्ष पंजाब प्रगतिशील लेखक संघ, कुलदीप सिंह दीप, समाजसेवी वासुदेव वासू कामरेड शमशेर सिंह के परिवार के सदस्यों सुरजीत सिंह, बलवंत सिंह, जोरावर सिंह, कमल नैन सिंह, विजय लक्ष्मी को सम्मानित किया गया। साहित्यकार और समीक्षक विजय विशाल, कथाकार मुरारी शर्मा व प्रजामंडल आंदोलन से जुड़े सदस्यों को भी शाल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

कामरेड शमशेर के लिए गीतों पर आधारित पुस्तक 'हीउआँ रिया धारा ते' का लोकार्पण भी किया गया। जिस का संपादन उनके बेटे सुरजीत सिंह पटियाल ने किया है। लोकार्पण के बाद सुप्रसिद्ध साहित्यकार व संपादक राजेन्द्र राजन ने कामरेड शमशेर सिंह कलहूर के क्रान्तिकारी जननायक' पर अपना शोधपरक आलेख व हिमाचल प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष एल आर वर्मा ने 'प्रगतिशील लेखक संघ की भूमिका' पर अपने विचार व्यक्त किए।

# चंबा में हादसे में तीन बच्चों के पिता की मौत

### रात में घर लौटते समय खाई में गिरा; परिवार में इकलौता कमाने वाला था

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**भरमौर, 27 अप्रैल।** चंबा जिला के राजेरा क्षेत्र में एक हादसे में 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वह घर लौटते समय गहरी खाई में गिर गया था। अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान लवली कुमार के तौर पर हुई है। वह अपने पीछे तीन छोटे बच्चों और अन्य परिजनों को छोड़ गया है। वह परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था।

जानकारी के अनुसार, शनिवार की देर रात लवली कुमार काम से अपने गांव बनेई लौट रहा था। घर से कुछ दूरी पर अंधेरे में उसका पैर फिसल गया और वह गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और युवक को मेडिकल कॉलेज चंबा ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के तीन बेटे हैं, जिनमें सबसे बड़े की उम्र 9 साल है।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। युवक की असामयिक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# सीढ़ियों से गिरकर नेपाली युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन, 27 अप्रैल।** सोलन में एक 24 वर्षीय नेपाली मूल के युवक की सीढ़ियों से गिरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। यह जानकारी सोलन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव सिंह ने दी। एसपी के अनुसार शनिवार को रात 8ः50 बजे सोलन अस्पताल से पुलिस चौकी शहर सोलन को सूचना मिली कि एक व्यक्ति को इलाज के लिए लाया गया था, जिसकी मृत्यु हो चुकी है। पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची, जहां सोलन के चौक बाजार स्थित बान मोहल्ला निवासी विक्रम का शव पड़ा था। जांच में विक्रम की पीठ और आंख के पास चोटें पाई गईं, साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी घाव थे।

जांच से पता चला कि विक्रम पिछले तीन-चार वर्षों से सोलन में रहकर रेहडी का काम करता था। हादसे के दिन वह घर पर अकेला था। शाम को वह कपड़े लेने के लिए लेंटर पर गया, जिसे पड़ोस की प्रवीण रानी ने देखा। 8-10 मिनट बाद लेंटर से उतरते समय उसका पांव फिसल गया और वह 10-12 सीढ़ियों से नीचे बरामदे में गिर गया। गिरने की आवाज सुनकर प्रवीण रानी बाहर आई और उसने विक्रम को पानी पिलाया। इसके बाद उसने रेडी मजदूर अंकुश को बुलाया। विक्रम ने छाती पकड़कर सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। दोनों उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने विक्रम के कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण सीढ़ियों से गिरने के कारण लगी चोटें प्रतीत हो रही हैं। एसपी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर मृत्यु के सटीक कारणों का पता लगाया जाएगा।

# 3 दिवसीय राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का भव्य आगाज, राज्यपाल ने किया शुभारंभ

- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी रहे मौजूद
- शोभायात्रा के माध्यम से नशा मुक्त ऊना- नशा मुक्त हिमाचल, 'नशे को ना, जिंदगी को हां' का दिया संदेश
- देशभक्ति गीतों की धूनों से गुंजी राज्य स्तरीय हरोली उत्सव की शोभायात्रा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना, 28 अप्रैल।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को कांगड़ मैदान से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय हरोली उत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ किया। इस दौरान लेडी गर्वनर जानकी शुक्ल और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री भी विशेष रूप से मौजूद रही।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री कॉलेज हरोली से कांगड़ मैदान तक एक भव्य शोभायात्रा के साथ हुई जिसमें नशा निवारण विषय पर आधारित नशा मुक्त ऊना- नशा मुक्त हिमाचल के माध्यम से समाज को नशे को ना जिंदगी को हां का जागरूकता संदेश दिया गया। इस शोभायात्रा में स्वयं सहायता समूहों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, सांस्कृतिक दलों तथा विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही शोभायात्रा में देशभक्ति की धूनों ने हरोली की धरा को मंत्र मुग्ध किया।

इस दौरान राज्यपाल ने समारोह स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनियों का उद्घाटन भी किया। इन प्रदर्शनी स्टॉलों में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता को दी। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी स्टॉलों में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के स्टॉल और ईट राइट मेले की तर्ज पर पौष्टिक व्यंजनों जैसी विभिन्न स्टॉल स्थापित किए गए। इस अवसर पर चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, राजभवन के सचिव चंद्र प्रकाश वर्मा, विनोद कुमार, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह सहित हरोली विस क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बड़गांव में 18 मई को होगा विशाल दंगल



अर्थ प्रकाश/देशराज


**बरठी, 27 अप्रैल।** विकास खंड झंडूत्ता की ग्राम पंचायत बड़गांव द्वारा 18 मई को दंगल का आयोजन किया जायगा। कुस्तियों के सफल आयोजन के चलते कमेटी का गठन किया गया। दंगल कमेटी की कमान कैप्टेन ओम प्रकाश चंदेल को सर्वसम्मति से प्रधान नियुक्त करके सौंपी गई। जबकि सुमन चंदेल और बहादुर सिंह को उप प्रधान व बाल कृष्ण को सचिव तथा वासुदेव और सरवन सिंह को सह सचिव नियुक्त किया गया। कमेटी के प्रधान कैप्टेन ओम प्रकाश चंदेल ने बताया की 17 तारीख को सवाल मौके पर गुगा मंदिर में पूजा अर्चना की जाएगी। जबकि रविवार को भव्य दंगल का आयोजन होगा। जिसमें दोपहर एक बजे तक पहलवानों व दर्शकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गयी हैं।

उन्होंने सभी इलाका वासियों से इस छिंज में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की हैं। उन्होंने बताया की छिंज की पूरी रुप रेखा 13 मई को तैयार की जाएगी।

# हिमाचल में मन की बात का सीधा प्रसारण 6294 बूथों पर सुना : कटवाल

- प्रदेश सरकार के ऊपर 1 लाख करोड़ से अधिक का ऋण, 1300 करोड़ का और ऋण लिया
- जम्मू कश्मीर ने आतंकी हमले के दोषियों और साजिशकर्ताओं को कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाएगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 27 अप्रैल।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री मन की बात का सीधा प्रसारण 7294 बूथों पर सुना गया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने यह प्रसारण नहान जिला कार्यालय में सुना। कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात के माध्यम से अपने संबोधन में आतंकवाद के खिलाफ़ कड़ा संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम भारत के लोगों में जो गुस्सा है, वो गुस्सा पूरी दुनिया में है। इस आतंकी हमले के बाद पूरी दुनिया से लगातार संवेदनाएँ आ रही हैं। वैश्विक नेताओं ने मुझे फ़ोन भी किया है, पत्र भी लिखे हैं और संदेश भी भेजे हैं। सभी ने इस जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त की हैं। आतंकवाद के खिलाफ़ हमारी लड़ाई में पूरा विश्व 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है। मैं एक बार फिर पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाता हूँ कि उन्हें न्याय मिलेगा, और न्याय होगा। इस हमले के दोषियों और साजिशकर्ताओं को कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाएगी। कटवाल ने प्रदेश सरकार के खिलाफ में मोर्चा खोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के ऊपर 1 लाख करोड़ से अधिक का ऋण हो गया है। हाल ही में प्रदेश सरकार ने 1300 करोड़ का और ऋण ले लिया है जो कि केवल मात्र प्रदेश में सैलरी और पेंशन को देने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा वैसे तो सैलरी और पेंशन का भुगतान 2000 करोड़ है जिससे साफ दिखता है कि 700 करोड़ की तो अभी भी कमी है। कांग्रेस सरकार में खजाना खाली, सरकार की जेब खाली, मुख्यमंत्री की जेब खाली और यह सरकार केवल खाली खाली सरकार है।

# सोलन में टिप्पर हादसाः बच्चे की मौत, दो बच्चों सहित आठ घायल, चालक पर केस

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 27 अप्रैल।** सोलन जिला में कंडाघाट थाना के तहत डूमैहर रोड़ पर रविवार को दोपहर एक टिप्पर के अनियंत्रित होकर सडक़ से नीचे जा गिरा। इसके कारण एक बच्चे की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह जानकारी सोलन के एसपी गौरव सिंह ने दी। हादसा डूमैहर रोड़ पर आंगनबाड़ी के पास तीखे मोड़ के पास साढ़े 12 बजे के आसपास हुआ, जहां टिप्पर सडक़ से करीब 100 मीटर नीचे दूसरी सडक़ पर गिरा। टिप्पर में कुछ पुरुष, महिलाएं और बच्चे भी बिठाए गए थे। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बचाने में जुट गए। पुलिस के अनुसार, टिप्पर क्षतिग्रस्त हालत में झाडिय़ों में पड़ा था, जिसमें सवार एक 14 वर्षीय बच्चा मृत पाया गया, जबकि अन्य लोगों को चोटें आईं। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे के कारण के रूप में चालक प्रकाश की तेज रफ्तारी और लापरवाही सामने आई है। चालक ने टिप्पर में पीछे कई लोगों को बिठाया था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही और तेज रफ्तारी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और चालक से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों में इस हादसे को लेकर आक्रोश है और वे सडक़ सुरक्षा पर सवाल उठा रहे हैं। मृतक बालक की पहचान 14 वर्षीय बालक के रूप में हुई है। हादसे में 25 वर्षीय प्रकाश उनकी पत्नी शांता और उनका एक वर्षीय बच्चा। 30 वर्षीय अंजली, 25 वर्षीय सुनीता, उसकी तीन वर्षीय बच्ची, 22 वर्षीय माया व 52 वर्षीय प्रेम राय शामिल हैं।

# धारा 356 का दुरूपयोग करते हुए 88 बार प्रदेश की सरकारों को कांग्रेस द्वारा ध्वस्त किया गया : बिंदल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नाहन, 27 अप्रैल।** डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत जिला सिरमौर का संगोष्ठी कार्यक्रम को जिला कार्यालय नाहन में सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के नाते नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शिरकत की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भाजपा डॉ. राजीव बिन्दल ने की और मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री भाजपा बिहारी लाल शर्मा ने अपना उदबोधन दिया। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, विधायक एवं पूर्व मंत्री सुखराम चैधरी, विधायक रीना कश्यप, प्रदेश सचिव एवं जिला सिरमौर प्रभारी डॉ. डेजी ठाकुर, प्रदेश सचिव मुनीष चैहान, पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर, जिलाध्यक्ष धीरज गुप्ता, रेणुका से प्रत्याशी रहे नारायण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव भण्डारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनय गुप्ता आदि जिला के नेतृत्व ने भाग लिया। इस मौके पर बोलते हुए डॉ. राजीव बिन्दल ने कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सीधे आरोप लगाए कि देश की अनुसूचित जातियों को कांग्रेस पार्टी ने सदैव वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया और उनके विकास के प्रति केवल नारे ही लगाए।

डॉ. बिन्दल ने कहा कि पं0 जवाहर लाल नेहरू ने दलित उद्धारक बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को हर स्थान पर अपमानित किया। डॉ. अंबेडकर की शखसियत ऐसी थी कि वे देश के सबसे बड़े अर्थशास्त्री थे। देश के मजदूरों के कानूनो के जनक थे, दलितों के सुधारक थे और संविधान निर्माता थे इसके बावजूद उनको संविधान सभा से बाहर रखने का भरसक प्रयास पं0 नेहरू ने किया। 1952 और 1954 में बाबा साहब को चुनाव हराने के लिए पं. जवाहर लाल नेहरू ने जीतोड़ मेहनत की। इतना ही नहीं पं0 नेहरू की कैबिनेट से उन्हें अपमानित होकर त्यागपत्र देना पड़ा। डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न चार दशकों तक कांग्रेस की सरकारों ने नहीं दिया। अटल जी व अडवाणी जी द्वारा ही उन्हें भारत रत्न दिलवाया गया। नरेन्द्र मोदी द्वारा बाबा साहब के नाम पर पंच तीर्थों का निर्माण कर उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित की गई।

# हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए जिला प्रशासन की एडवाइजरी की करें पालना : उपायुक्त

## आमजन इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति पर भी दें ध्यान, नारियल पानी इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति के लिए सबसे अच्छा तरीका

आमजन को गर्मी और हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए एहतियात बरतना बेहद जरूरी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 27 अप्रैल।** गर्मी के मौसम में बढ़े हुए तापमान से हीट स्ट्रोक व लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है। विशेषकर धूप में ज्यादा घूमने वालों, खिलाडि?ों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को हीट स्ट्रोक व लू लगने का डर ज्यादा रहता है। हीट स्ट्रोक और लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम इनसे बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए हीट स्ट्रोक व हीट वेव से बचाव करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें।

उपायुक्त ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की विशेष देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच अवश्य करें। ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें, उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

### आमजन हीट स्ट्रोक और हीट वेव से बचाव के लिए अपनाएं ये उपाय

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट स्ट्रोक व हीट वेव से बचे रहें। हीट स्ट्रोक व हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, टोपी या छाते का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, छाछ, मठा, नींबू पानी आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। पार्किंग के समय बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं, उन्हें हीट स्ट्रेक व हीट वेव लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन ना करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 3 बजे के बीच धूप में सीधे ना जाएं।

### गर्मियों में तरल पदार्थों का करें अधिक सेवन

उपायुक्त ने बताया कि हीट स्ट्रोक से बचने और डिहाइड्रेशन के खतरे को कम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। गर्मियों में शरीर से पसीने के रूप में बहुत सारा पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स निकल जाते हैं, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इस कमी को पूरा करने के लिए सभी लोगों को भरपूर मात्रा में पानी पीते रहने की सलाह दी जाती है। गर्मियों में चूंकि शरीर से अत्यधिक पानी निकल जाता है इसलिए सभी लोगों को आधे से एक लीटर अधिक पानी पीने की सलाह दी जाती है।

### इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति पर भी दें ध्यान

उपायुक्त ने बताया कि गर्मी में व्यक्ति को खूब पानी पीने के साथ-साथ शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स और अन्य पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए अन्य तरल पदार्थ भी पीने चाहिए। उन्होंने कहा कि दिन में 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं। नींबू पानी में थोड़ा नमक और चीनी डालकर पीने से शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है। नारियल पानी पीना इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति के लिए सबसे अच्छा तरीका है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोहित कुंडू कैलरम को इनेलो ने हलका प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी



**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** कलायत रोहित कुंडू कैलरम को इनेलो ने हलका प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी है। संगठन को मजबूती देने के लिए पहली बार गांव कैलरम में इनेलो ने हलका प्रधान की चौधर सौंपी है। प्राप्त जानकारी अनुसार पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने रोहित कुंडू के नाम का अनुमोदन इनेलो प्रधान महासचिव अभय चौटाला से किया था। इस पर संगठन ने विमर्श करते हुए अपनी सहमति की मुहर लगाई। इस नियुक्ति से कार्यकर्ता उत्साहित हैं और उन्होंने इनेलो शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा का आभार व्यक्त किया। रोहित कुंडू ने बताया कि कलायत हलका के साथ देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय ताऊ देवीलाल, पूर्व मुख्यमंत्री ओपी चौटाला और अभय चौटाला का हमेशा खास जुड़ाव रहा है। इनेलो की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मजबूती से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर राकेश कैलरम, संजू कैलरम, पप्पू तितरम, मनू कैलरम, कृष्ण कैलरम, मेशा राम, महावीर नंबरदार, मांगा कैलरम, अजमेर सिंह, जगदीप सिंह, पाला राम, जीत सिंह, नफे सिंह, राजू कैलरम, रोहतास, मास्टर संदीप सिंह, कश्मीर, जोगी पूनिया और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नर्मदेश्वर महादेव का पंचाम्रत से अभिषेक किया



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** श्री राम मंदिर सेक्टर 8 करनाल में अमृत बेला में भोले बाबा का अभिषेक किया गया इसमें अपरोक्ष रूप से संजय टिका एवं रोजी टीका ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई उनकी शादी की वर्षगांठ मनाई गई सभी आए हुए श्रद्धालुओं ने बधाई गाई और उनके जीवन में मंगल कामना की प्रभु के चरणों में कामना की सभी श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक किया पंडित हरीश आचार्य ने विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण से यह कार्य संपन्न करवाया भजनों की धारा प्रवाह में अनु खट्टर ने कौन किसे दा यार जमाना मतलब दा कर श्याम सुंदर नाल प्यार कर भोले नाल प्यार जमाना मतलब दा ऐतथे कौन किसे दा यार मेरा ठाकुर ही सदाबहार जमाना मतलब दा सुशील मदान ने पतवार है रझुबर तुम्हारे हाथों में तूफानों से क्या डरना जब काम है रझुबर का क्या जीना क्या मरना आज सामूहिक रूप से भोले बाबा को निरंकार स्वरूप कालेश्वर महा योगेश्वर दयानिधि दानिश्वर जय जटाधार अभयंकटा नामो को उच्चारण किया गया ऐसा करने से भगवान शिव की भक्ति प्राप्त होती है सायंकाल श्री सुंदरकांड का पाठ का आयोजन हुआ जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से बढ़ चढ़कर भाग लिया आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रधान अशोक मदान सुनैना मदान संतोष डाटा सर्वेश डाटा तरसेम गुप्ता मुरारी बत्रा माधव अरोरा रजनी शर्मा सीमा बंसल रविंद्र बत्रा साई दास अरोड़ा सुषमा धमीजा बेबी धमीजा चरणजीत अरोड़ा चंद्र अरोड़ा सरोज दुआ इत्यादि ने सहयोग दिया।

# केयू ईसी की ऐतिहासिक बैठक में 52 शिक्षकों की पदोन्नति के खुले लिफाफे

फाइव-डे-वीक प्रस्ताव को मिली हरी झंडी

कुवि में पहली बार एक साथ 5 सीनियर प्रोफेसर बने

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 27 अप्रैल।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में रविवार को कार्यकारिणी परिषद 285वीं बैठक में पहली बार ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए बजटीड एवं एसएफएस 52 शिक्षकों की पदोन्नति के लिफाफे खोलकर उन्हें मंजूरी प्रदान की गई। इसके साथ ही फाइव-डे-वीक का प्रस्ताव भी आम सहमति से कार्यकारिणी परिषद की बैठक में पास हुआ। बैठक में पहली बार एक साथ 5 सीनियर प्रोफेसर की नियुक्ति की लिफाफे भी खोले गए।

यह जानकारी देते हुए लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि विधि विभाग के प्रो. दलीप कुमार, जियोफिजिक्स से प्रो. दिनेश कुमार, प्रबंधन विभाग से प्रो. सुदेश छिकारा, कंप्यूटर साइंस विभाग से प्रो. शुचिता उपाध्याय तथा रसायन विभाग के प्रो. संजीव अरोड़ा को सीनियर प्रोफेसर पद पर नियुक्ति को मंजूरी मिली है।

उन्होंने बताया कि केयू इतिहास में पहली बार ईसी में 52 शिक्षकों को एक साथ पदोन्नति देने की मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. हेमलता, डॉ. अर्चना चौधरी, जूलोजी विभाग के डॉ. दीपक राय बब्बर, रसायन विभाग से डॉ. परवीन कुमार, फिजिक्स विभाग से डॉ. सुमन मेहंदिया को सीएएस के तहत प्रोफेसर पद पर नियुक्ति को मंजूरी मिली। इसके साथ ही यूआईईटी (एसएफएस) के डॉ. संजीव आहूजा, डॉ. राजेश अग्निहोत्री, आईआईएचएस (एसएफएस) से डॉ. रेनू मालरा, टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट से डॉ. सुरजीत कुमार व डॉ. अंकुश अम्बरदार, यूआईईटी से डॉ. राम अवतार, डॉ. विजय गर्ग, डॉ. कुलविन्द्र सिंह व डॉ. अजय जांगड़ा को सीएएस एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की मंजूरी प्रदान की गई है।

इसके साथ ही बैठक में प्रबंधन अध्ययन संस्थान (एसएफएस) से डॉ. राजन शर्मा, डॉ. जयकिशन चंदेल, फार्मेसी संस्थान से डॉ. मंजूषा व डॉ. सुखबीर लाल, यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से डॉ. अजय सोलखे, आईआईएचएस से डॉ. सुरेन्द्र कुमार, यूआईईटी से डॉ. रीटा देवी, ललित कला से डॉ. जया दरोंदे को एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की मंजूरी मिली।

प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यूआईईटी के डॉ. उपेन्द्र ढुल, डॉ. सविता, डॉ. निखिल मारीवाला, डॉ. पुनीत बंसल, व डॉ. संजय काजल, ललित कला विभाग से डॉ. राकेश बानी, डॉ. आनंद जायसवाल, यूएसएम से डॉ. सलोनी पी दिवान व आईएमएस से डॉ. अनिल कुमार को सीएएस एसएफएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर पद पदोन्नति को मंजूरी प्रदान की गई। इसके साथ ही आईआईएचएस के डॉ. संतोष कुमार दुबे, रसायन से डॉ. आशु चौधरी, डॉ. सुरेश कुमार, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन से डॉ. कंवल गर्ग, ललित कला से डॉ. मोनिका गुप्ता, सांख्यिकी विभाग से डॉ. जितेन्द्र कुमार, जियोलॉजी विभाग से डॉ. नरेश कुमार, डॉ. ओम प्रकाश, जियोफिजिक्स विभाग से डॉ. आरबीएस यादव व डॉ. मनीषा संधू को सीएएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की स्वीकृति कार्यकारिणी परिषद द्वारा दी गई।

उन्होंने बताया कि एसएफएस स्कीम के तहत विधि संस्थान के डॉ. संतलाल, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. कृष्णा, डॉ. पूनम तथा आईएमसीएंडएमटी से डॉ. मधु को सीएएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि गणित विभाग में तीन नए शिक्षकों की नियुक्ति को भी हरी झंडी मिली है।

इसके साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई व फैसले लिए गए। इस बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, प्रो. सुनील ढींगड़ा, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. उषा रानी, डीएवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. कमलकांत, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला, सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा,

डॉ. पंकज गुप्ता सहित विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

# प्रतिभा किसी उम्र व परिचय की मोहताज नहीं होती : गौरव मित्तल



गौरव मित्तल ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 27 अप्रैल।** हिंदी सलाहकार समिति केंद्रीय गृह मंत्रालय (दूर संचार विभाग, संचार मंत्रालय) के सदस्य एवं भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला व उनकी धर्मपत्नी सोनू मित्तल ने नीलम यूनिवर्सिटी कैथल के प्रांगण में दिनेश इंसीटयूट ऑफ डांस द्वारा आयोजित सिटी स्टार सैशन-8 ग्रैंड फिनालें में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर नीलम यूनिवर्सिटी के साथ आयोजकों ने मुख्यातिथि गौरव व सोनू मित्तल का स्वागत किया और दोनों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। मुख्यातिथि गौरव पाडला व सोनू मित्तल ने कहा कि प्रतिभा किसी उम्र व परिचय की मोहताज नहीं होती हैं, आज की युवा पीढ़ी में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है। ऐसे मंच युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं, जिन्हें अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हीं के कदम चूमती है जो कड़ी मेहनत में विश्वास रखते हैं। मेहनत सफलता की वह चाबी है, जिससे इंसान अपने जीवन में मन में दृड़ इच्छा से बनाए गए मुकाम को हासिल कर सकता है, बशर्ते उस सपने को साकार करने के लिए जमीन से जुडने के साथ कड़ी मेहनत होनी चाहिए। गौरव पाडला ने कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रहे विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि युवा इसी प्रकार मेहनत करके आगे बढ़े और बुलंदियों को छूते हुए जीवन में तरक्की करते हुए प्रदेश व अभिभावकों का नाम रोशन करें। आयोजित हुए सिटी स्टार सैशन-8 ग्रैंड फिनालें में 105 विद्यार्थियों ने मल्टी टैलेंट आर्टिस्ट शो डांस, सिंगिंग व ड्राइंग में अपनी प्रतिभा का जलवे के रंगे बिखरे और उपस्थित जनसमूह से वाहवाही लूटी। मुख्यातिथि गौरव मित्तल व सोनू मित्तल ने प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पाडला ने कार्यक्रम की सफलता पर नीलम यूनिवर्सिटी कैथल व दिनेश इंसीटयूट ऑफ डांस को बधाई दी और भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया।

# स्वस्थ आहार और जीवनशैली से हृदय रोग होने से बचा जा सकता है : डॉ. अनेजा

अर्थ प्रकाश/दलबीर मलिक

**थानेसर।** डॉ. अनेजा का कहना है कि कुछ खाद्य पदार्थ खाने से आपके हृदय रोग का जोखिम बढ़ सकता है। भले ही अपनी खाने की आदतों को बदलना कठिन हो सकता है, लेकिन आप आज से ही शुरुआत करने के लिए सरल कदम उठा सकते हैं। चाहे आप सालों से अस्वस्थ भोजन कर रहे हों या आप बस अपने आहार को बेहतर बनाना चाहते हों, हृदय को स्वस्थ रखने वाले ये आहार अपनाए और किन खाद्य पदार्थों को ज़्यादा खाना चाहिए और किन खाद्य पदार्थों को सीमित करने से आप अपने हृदय को स्वस्थ रख सकते है। डॉ. अनेजा का कहना है कि आप कितना खाते हैं यह उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि आप क्या खाते हैं। अपनी प्लेट में जरूरत से ज्यादा खाना, बार-बार खाना और तब तक खाना जब तक आपका पेट न भर जाए, इससे आप जरूरत से ज्यादा कैलोरी खा लेते हैं। रेस्टोरेंट में अक्सर परोसे जाने वाले खाने की मात्रा किसी की भी जरूरत से ज्यादा होती है।भोजन की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए कुछ सरल सुझावों का पालन करें। ये सुझाव आपके आहार के साथ-साथ आपके दिल और कमर को भी सही आकार देने में मदद कर सकते हैं जैसे कि अपने हिस्से को नियंत्रित करने के लिए एक छोटी प्लेट या कटोरी का प्रयोग करें। कम कैलोरी वाले, पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे फल और सब्जियां अधिक खाएं।उच्च कैलोरी, उच्च सोडियम वाले खाद्य पदार्थों को कम मात्रा में खाएं। इनमें रिफाइंड, प्रोसेस्ड और फास्ट फूड शामिल हैं। सब्ज़ियाँ और फल विटामिन और खनिजों के अच्छे स्रोत हैं। इनमें कैलोरी भी कम होती है और फाइबर भी भरपूर होता है। अन्य पौधों या पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों की तरह, सब्ज़ियों और फलों में ऐसे पदार्थ होते हैं जो हृदय रोग को रोकने में मदद कर सकते हैं। अधिक फल और सब्ज़ियाँ खाने से आपको अधिक कैलोरी वाला खाना कम खाने में भी मदद मिल सकती है। उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों के कुछ उदाहरण मांस, पनीर और स्नैक फ़ूड हैं। अपने आहार में ज़्यादा सब्ज़ियाँ और फल शामिल करना आसान हो सकता है।

साबुत अनाज फाइबर और अन्य पोषक तत्वों का अच्छा स्रोत है जो हृदय स्वास्थ्य और रक्तचाप को नियंत्रित करने में भूमिका निभाते हैं। आप परिष्कृत अनाज उत्पादों के साथ सरल बदलाव करके अधिक साबुत अनाज प्राप्त कर सकते हैं। या ऐसा साबुत अनाज आज़माएँ जो आपने पहले नहीं खाया हो। स्वस्थ विकल्पों में साबुत अनाज फ़ारो, क्विनोआ और जौ शामिल हैं। आपके द्वारा खाए जाने वाले अनाज में से कम से कम आधा साबुत अनाज होना चाहिए।

चैरिटेबल ग्रुप के द्वारा गौ वंशज सेवा कार्यक्रम का आयोजन

# स्वयं सेवियों ने की गौमाता की सेवा गौशाला पहुंचाया दो हजार किलो चारा

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 27 अप्रैल।** चैरिटेबल ग्रुप के सौजन्य से गऊ वंशज सेवा कार्यक्रम का आयोजन अम्बाला रोड स्थित गऊशाला के प्रांगण में किया गया, जिसमें ग्रुप सदस्यों के द्वारा गऊशाला में चारा व अन्य खाद्य सामग्री पहुंचाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज वर्मा ने की तथा संचालन जितेन्द्र सोई ने किया। रवि कुमार ने बताया कि मूक प्राणियों की सेवा को सबसे बड़ी सेवा कहा जाता है, और यह भी माना जाता है कि इन बेजुबानों की सेवा करने से सभी प्रकार के कष्ठ व पीड़ा दूर होती है, क्योंकि मनुष्य अपने दुख-दर्द व जरूरतें कह कर व बता कर पूरी करा लेता है किन्तु बेजुबान पशु अपनी तकलीफ किसी को नहीं बता पाते है। ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि हम अधिक से अधिक सेवा कार्य कर इन प्राणियों की पीड़ा को कम करने का प्रयास करे। प्रियंकल अग्रवाल ने कहा कि चैरिटेबल ग्रुप के द्वारा गऊ वंशजों की सेवा कार्य निरंतर जारी है, इसी श्रंखला में मूक प्राणी सेवा कार्यक्रम का आयोजन ग्रुप सदस्यों के सहयोग से अम्बाला रोड स्थित गऊशाला प्रांगण में किया गया, जिसमें ग्रुप के सेवादारों ने गऊ वंशजों की सेवा की और पुण्य कमाया। कार्यक्रम में दानी परिवार द्वारा पशुओं के लिए 2 हजार किलो चारे सेवा की गई। अंकुर जैन ने बताया कि पशु-पक्षी प्रकृति का साकार रूप है, इसका अस्तित्व निश्चित रूप से मानव मात्र के लिये शाश्वत, प्रेरत व मंगलमय है, क्यों धर्म के अनुसार मानव मात्र के अतिरिक्त अन्य जीवों पर दया करना भी श्रेष्ठ व आवश्यक कार्य है। गायों के लिये चारा लाने के लिये वाहन की सेवा भी निशुल्क प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर मुकेश नागपाल, राजीव सूद, अमन भंडारी, के. के. जैन,ऋषभ जैन, भव्य जैन, पुनीत जैन, अंकुर जैन, पारस, अमन सोई, शिवम, अश्विनी, पारस मसान, सुनील गुप्ता आदि ग्रुप सदस्यों ने सहयोग दिया।

### 68वीं राष्ट्रीय स्कूल चैम्पियनशिप कुश्ती में चंडीगढ़ के कार्तिक वर्मा ने जीता ब्रांज़ मेडल

**कैथल (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूल चैम्पियनशिप कुश्ती प्रतियोगिता में चंडीगढ़ के होनहार पहलवान कार्तिक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रांज़ मेडल अपने नाम किया। कार्तिक वर्मा चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित 46 मॉडल स्कूल के छात्र हैं और उन्होंने अपनी उपलब्धि से स्कूल और शहर का नाम रोशन किया है। कार्तिक वर्मा ने बताया कि कुश्ती से उनका पारिवारिक नाता पुराना है। उनके ताऊ दिलबाग सिंह और दादा फकीरचंद भी कुश्ती के दिग्गज पहलवान रहे हैं। इसी पारिवारिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कार्तिक ने अपनी मेहनत और लगन से यह पदक हासिल किया है। कार्तिक के पिता जयसिंह वर्मा हरियाणा सिविल सचिवालय में वितायुक्त कार्यालय में सहायक पद पर कार्यरत हैं, जबकि माँ कांता रानी गृहिणी हैं। कार्तिक ने अपने इस पहले राष्ट्रीय पदक को अपने कोच, शिक्षकों और परिवार को समर्पित किया है। कार्तिक वर्मा मोहाली की स्पोर्ट्स एकेडमी में नियमित रूप से प्रशिक्षण लेते हैं, जहां उन्होंने कुश्ती के गुर सीखे और अपने खेल को निखारा।

# युवाओं ने प्रदर्शन कर फूंका पाकिस्तान का झंडा व पुतला

## युवाओं की सरकार से अपील: सरकार आतंकवादियों का करें खात्मा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 27 अप्रैल।** गांव टीक में युवाओं ने पहलगाम में हुए आतंकियों के हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान का झंडा व पुतला फूंका और भारत माता की जय-जयकार एव हर-हर महादेव के जयकारे लगाए।

युवाओं ने केंद्र सरकार से पुरजोर मांग करते हुए कहा कि पूरा देश एकजुट है और सरकार बिना देरी किए पहलगाम में शहीद हुए निर्दोष लोगों की मौत का आतंकवादियों का नामोनिशान मिटाकर बदला लें। सरकार आतंकवाद के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। सभी युवाओं ने पहलगांव में आतंकी हमले में शहीद हुए सभी भारतीयों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा रामफल शर्मा, गुरदीप तंवर, सोमी पंवार, प्रमोद, राकेश बरोट, बिट्टू धौंस, कपिल बरोट, सोनू धौंस, बंटू तंवर, प्रवेश टीक, रिंकू टीक, अभिषेक टीक, सौरव टीक, रमेश टीक, सुनील टीक, प्रवीण टीक, रिंकु, हैप्पी, सुनील, राकेश, नरेश, बलवीर, अमन तंवर, देवू, गुरविंदर तंवर, वकील टीक, धर्मपाल, हरिकेश, रामभूल, ऋषि, सावन, अजय, दीपक, राहुल तंवर, मनीष टीक, गुरनाम, तरसेम तंवर, रोहित, साहिल सहित सैकड़ों युवाओं ने कहा कि पहलगाम हमले को लेकर समूचे देश में भारी आक्रोश है। पहलगाम में पर्यटकों पर हमला कर उनकी हत्या करने वाले आतंकवादियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए या उन्हें भी गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतारा जाए। युवाओं ने कहा कि इस तरह की घटनाएं देश की एकता और शांति पर हमला हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। समूचा देश एक है और केंद्र सरकार के साथ है। देश की आन-बान-शान व एकता, अखंड़ता के लिए हर देशवासी कोई भी कुर्बानी देने को तैयार है। आतंकवाद के खिलाफ युवा एकजुट है और आतंकियों को फांसी दी जाए।




# लॉरेंस इंटरव्यू मामले में पुलिसकर्मियों के पॉलीग्राफ टेस्ट पर रोक

## नोटिस जारी कर जवाब मांगा, अगली सुनवाई 28 अप्रैल को; अब तक 6 अधिकारी सस्पेंड

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 27 अप्रैल।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के पुलिस हिरासत में इंटरव्यू मामले में मोहाली कोर्ट ने पुलिस कर्मियों के पॉलीग्राफ टेस्ट के आदेश पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही इस मामले में नोटिस जारी कर पुलिस से जवाब मांगा गया है।

मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल तय की गई है। पांचों पुलिसकर्मियों के वकील ने अतिरिक्त जिला जज की अदालत में पुनरीक्षण याचिका दायर कर कहा कि उनके मुवक्किलों ने पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की अपनी सहमति वापस ले ली है।

जानकारी के मुताबिक पहले छह पुलिसकर्मी- मुख्तियार सिंह, कॉन्स्टेबल सिमरनजीत सिंह, कॉन्स्टेबल हरप्रीत सिंह, कॉन्स्टेबल बलविंदर सिंह, कॉन्स्टेबल सतनाम सिंह और कॉन्स्टेबल अमृतपाल सिंह ने पहले पॉलीग्राफ टेस्ट से गुजरने के लिए सहमति व्यक्त की थी और उनके बयान दर्ज किए गए थे।

बाद में उक्त पुलिसकर्मियों के वकील सुल्तान सिंह संघा ने मीडिया को बताया कि एडीजीपी रैंक का एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आदेश पारित होने के समय अदालत में ही मौजूद था और उनके मुवक्किलों ने दबाव में पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए सहमति दी थी। संघा ने कहा, ÷संबंधित अदालत के समक्ष अपनी सहमति दर्ज करने के समय पुलिसकर्मियों के साथ कोई वकील नहीं था।

सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसियों को संदेह है कि जेल के अंदर हुआ इंटरव्यू सुरक्षा व्यवस्था में अंदरूनी मिलीभगत के बिना संभव नहीं था। ऐसे में यह पॉलीग्राफ टेस्ट यह पता लगाने के लिए कराया जाएगा कि जेल स्टाफ या पुलिस मुलाजिमों में से किसी ने लॉरेंस बिश्नोई को मीडिया तक पहुंचाने में कोई मदद तो नहीं की।

जेल में हुए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई इंटरव्यू मामले में हाईकोर्ट के दखल के बाद हरकत में आई थी पंजाब सरकार, जिसके बाद डीएसपी गुरशेर सिंह संधू सहित 6 पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड किया था। इन सभी को 3 अप्रैल 2022 को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू करने का दोषी पाया गया था। लॉरेंस तब सीआईए पुलिस स्टेशन खरड़ में बंद था।

ड्यूटी में कोताही और लापरवाही बरतने के आरोप में इन सभी को सस्पेंड किया गया था। करीब डेढ़ साल बाद लॉरेंस का यह इंटरव्यू एक टीवी चैनल पर चला था जो खूब वायरल हुआ। मोहाली के डीएसपी स्पेशल ऑपरेशन सेल गुरशेर सिंह संधू के अलावा जिन पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया गया था, उनमें समर वनीत पीपीएस डीएसपी, सब इंस्पेक्टर रीना सीआईए खरड़, सब इंस्पेक्टर एलआर जगतपाल जग्गू एजीटीएफ, सब इंस्पेक्टर एलआर शगनजीत सिंह, एएसआई मुख्तियार सिंह, एचसी ओम प्रकाश शामिल थे।

लॉरेंस का पहला इंटरव्यू 14 मार्च को ब्रॉडकास्ट हुआ था। जिसमें लॉरेंस ने सिद्धू मूसेवाला का कत्ल करवाने की बात कबूल की थी। लॉरेंस का कहना था कि मूसेवाला सिंगिंग के बजाय गैंगवार में घुस रहा था। उसके कॉलेज फ्रेंड अकाली नेता विक्की मिड्डूखेड़ा के कत्ल में भी मूसेवाला का हाथ था। इसलिए उसे मरवाया। एसआईटी रिपोर्ट के मुताबिक ये वही इंटरव्यू है, जो उसने सीआईए की कस्टडी से दिया।

# पंजाब यूनिवर्सिटी बॉयज हॉस्टल में लगेंगे एसी, 14 लाख रुपए का बजट मंजूर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी ने अपने सभी 8 बॉयज हॉस्टल्स में 2-2 कमरों में एयर कंडीशनर लगाने का फैसला किया है। यूनिवर्सिटी ने इस काम के लिए लगभग 14 लाख रुपए का बजट मंजूर किया है। जुलाई तक काम पूरा करने का लक्ष्य है, ताकि नए सत्र से पहले सुविधा उपलब्ध हो सके।

यूनिवर्सिटी अधिकारियों ने बताया कि इन एसी कमरों में सबसे पहले इंटरनेशनल स्टूडेंट्स और एनआरआई छात्रों को रहने का मौका मिलेगा। यदि इन छात्रों द्वारा कमरे नहीं लिए जाते हैं तो अन्य छात्र भी आवेदन कर सकते हैं।

फिलहाल सेक्टर-25 स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल हॉस्टल में कुल 55 कमरे हैं, जिनमें से सिर्फ 3 कमरे पुरुष छात्रों के लिए आरक्षित हैं। बाकी सभी कमरे महिला छात्रों को आवंटित किए जाते हैं। पुरुष इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए सीमित व्यवस्था को देखते हुए अब मेन कैम्पस के हॉस्टल्स में भी एसी कमरों का विकल्प तैयार किया जा रहा है।

अधिकारियों के मुताबिक एसी की खरीद और इंस्टॉलेशन के लिए जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे। कोशिश है कि जुलाई में नए शैक्षणिक सत्र से पहले सभी कमरों में एसी लग जाएं। इंटरनेशनल हॉस्टल की तुलना में इन कमरों का किराया थोड़ा कम रखा जाएगा, ताकि छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

पंजाब यूनिवर्सिटी के डीन इंटरनेशनल स्टूडेंट्स प्रोफेसर केवल कृष्ण ने बताया कि फिलहाल यूनिवर्सिटी में लगभग 80 एनआरआई छात्र और 34 इंटरनेशनल छात्र पढ़ रहे हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि नए एसी रूम्स के जरिए छात्रों को बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी, बिना कोई नया इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाए।

# महिला से 8 लाख की ठगी, फोन पर मैसेज आते ही कटे रुपए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में साइबर ठगी का एक नया तरीका सामने आया है, जिसमें न तो कोई लिंक क्लिक किया गया, न स्कैनर भेजा गया और न ही खाता नंबर दिया गया, फिर भी बैंक अकाउंट से 8 लाख की निकासी कर ली गई। चंडीगढ़ साइबर पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है कि आखिर पैसे कैसे कट गए।

इस संबंध में धारा 319(2), 318(4), 336(3), 338, 340(2), 61(2) बीएनएस के तहत सेक्टर 17 साइबर क्राइम थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। चंडीगढ़ के सेक्टर 39 की निवासी शुक्ला महाजन ने सेक्टर 17 स्थित साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दी कि उन्हें एक मैसेज आया, जिसमें यह लिखा था कि उनके बैंक खाते से 2 लाख की निकासी हो गई है।

पहले तो उन्हें लगा कि यह कोई गलती है, इसलिए उन्होंने मैसेज को नजरअंदाज कर दिया और यह बात अपने पति को बताई। उसके बाद, उनका पति बैंक में गया, और उनके फोन पर दो और ओटीपी आए, जिनमें 2-2 लाख की और ट्रांजैक्शन हो चुकी थी।

जब वे बैंक पहुंचे, तो एक और ओटीपी आया, जिसमें 2 लाख और निकाले गए थे। इस प्रकार, उनकी फिक्स्ड डिपॉजिट से, जो 2026 में परिपक्व होनी थी, कुल 8 लाख की धोखाधड़ी कर निकासी कर ली गई थी।

साइबर पुलिस भी इसे लेकर जांच कर रही है, क्योंकि अब तक जितने भी मामले साइबर ठगी के सामने आए हैं, उनमें या तो साइबर ठग द्वारा भेजा गया लिंक ओपन करते ही या फिर क्यूआर कोड भेजने के बाद या खाता या आधार कार्ड की जानकारी देने पर पैसे ट्रांसफर कर लिए जाते थे।

लेकिन इस केस में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ, जिससे पुलिस खुद हैरान है। पुलिस ने शिकायतकर्ता से कई बार पूछा कि क्या किसी ने लिंक भेजा था या खाता संबंधित जानकारी मांगी थी, लेकिन शिकायतकर्ता ने इसे नकारा कर दिया। अब आरोपियों को पकड़ने के बाद ही यह खुलासा होगा कि आखिरकार ठगी कैसे हुई।








# उत्तर भारत के कुलपतियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का राज्यपाल आज करेंगे उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 27 अप्रैल।** नेशनल कार्उंसिल फॉर टीचर एजुकेशन, हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन कार्उंसिल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय श्री बंडारू दत्तात्रेय प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में 'शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा में' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का उद्धाटन करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, एनसीटीई के चेयरपर्सन प्रो. पंकज अरो?ा, हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन कार्उंसिल के चेयरमैन प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा, प्रो. सीके सलूजा, निदेशक, समस्कृत प्रमोशन फाउंडेशन, एनसीटीई की सदस्य सचिव श्रीमती अभिलाषा झा मिश्रा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा सहित चंडीग?, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख के विश्वविद्यालयों एवं संस्थान के कुलपति एवं निदेशक भाग लेंगे।

इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि उत्तर भारत के अलग-अलग राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों के निदेशक एवं कुलपति इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य आयोजन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिनिधि मंडल धरोहर हरियाणा संग्रहालय का अवलोकन करेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के सदस्य ब्रह्मसरोवर पर आयोजित होने वाली आरती में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन समानतर रूप से दो सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें बीएड तथा एमएड के कोर्सिज संबंधित बौद्धिक मंथन होगा।

इसके साथ ही एनईपी के लाभ, राष्ट्रीय शिक्षा के समक्ष चुनौतियां, अनुभवी कुलपतियों द्वारा अपने अनुभव भी साझा किए जाएंगे। इसके साथ ही एक सत्र संवेदीकरण एवं क्षमता निर्माण में नोडल ऑफिसर की भूमिका विषय पर भी बौद्धिक मंथन होगा। उन्होंने बताया कि एनसीटीई एवं एचएसएचईसी की टीम विश्वविद्यालय परिसर में पहुंच चुकी है। इस संबंध में दोनों टीमों के प्रतिनिधियों ने रविवार को विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय अतिथि गृह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल तथा कुवि की आयोजक समिति के साथ बैठक आयोजित कर व्यवस्था का जायजा लिया।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)